CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $18^{\circ}$C
न्यूनतम : $06^{\circ}$C

हल्द्वानी, गुरुवार 5 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 161 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई ने मचाया हड़कंप
पेज 2



इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच जरूर होना चाहिए: ब्रेट ली
खेल टाइम्स



क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु
सम्पादकीय



अमेरिका ने अरब सागर में ईरानी ड्रोन को मार गिराया
पेज 12

## सुप्रीम कोर्ट एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर ईडी को कड़ी फटकार लगाई है।

इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में एसबीआईकी शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग

**■ ईडी और सीबीआई को सुप्रीम फटकार**

एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए।

## विपक्षी सांसदों का हंगामा, पीएम मोदी की स्पीच टली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के चलते बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 5 बजे सदन को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

हंगामे के कारण पीएम नरेंद्र मोदी का बुधवार शाम 5 बजे होने वाले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन भी टल गया। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। सुबह सदन सिर्फ 5 मिनट चला और 12 बजे तक स्थगित हुआ। इसके बाद 12 बजे हंगामा होने पर दोपहर 2 बजे तक और 2 बजे दोबारा शुरू होकर 8 मिनट में ही रुक गया। शाम 5 बजे फिर शुरू होने के बाद भी हंगामे के चलते लोकसभा को बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसदों ने चेयर की तरफ बुधवार को भी पेपर उछाले। मंगलवार को इसी हरकत पर 8 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में अमेरिका से टैरिफ डील पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि डील ऐतिहासिक है। भारत के कृषि और खाद्य क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। यह डील भारत के विकास में बेहद फायदेमंद होगी। गोयल के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। विपक्ष ने 'एलओपी (राहुल गांधी) को बोलने दो', नरेंद्र मोदी-सरेंडर मोदी और 'डरता है डरता है नरेंद्र मोदी डरता है' के नारे लगाए।



**■ लोकसभा आज तक स्थगित**
**■ शाम पांच बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने वाले थे प्रधानमंत्री**

### पीएम मोदी डरे हुए हैं, इसीलिए संसद नहीं आए: राहुल

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित संबोधन हंगामे के कारण नहीं हो सका। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सच्चाई का सामना करने से डर रहे हैं, इसलिए सदन में नहीं आए। राहुल गांधी ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो और बयान भी साझा किया। इस वीडियो में वो पहले ही ये बात कह चुके थे। राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि जैसा उन्होंने पहले कहा था, पीएम मोदी लोकसभा नहीं आएंगे। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते।

## ईसी बंगाल को निशाना बना रहा: ममता बनर्जी

**एसआईआर मुद्दा** कहा: नाम मिसमैच पर दिए नोटिस वापस लिए जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) मामले पर सुनवाई की। जहां राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वकीलों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग के निशाने पर है। जो काम 2 साल में होना था, उसे 3 महीने में करवाया जा रहा है।

सुनवाई के बाद सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिए। ममता की याचिका पर बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी से 9 फरवरी तक जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर अपनी दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर मुख्यमंत्रियों के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। ममता ने कहा कि चुनाव से पहले 2 महीने में ऐसा कुछ करने की कोशिश की जा रही है, जो 2 साल में होना था। खेतीबाड़ी के मौसम में लोगों को परेशान किया जा रहा है। 24 साल बाद इसे 3 महीने -**शेष पृष्ठ दो पर**



**पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में दी दलील** | **CJI की बेंच ने कहा: असली लोग चुनावी सूची में बने रहने चाहिएं** | **चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी तलब**

### वांगचुक की जमानत पर विचार करे केंद्र: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा कि दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए।

## राहुल गांधी के जवाब में भाजपा भी लाई किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में किताब के हवाले से बयान देने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा राजनीतिक टकराव बन गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक कथित अप्रकाशित सैन्य पुस्तक का जिक्र करने के बाद अब भाजपा ने भी पलटवार किया है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे और कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि

**■ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बोले: नेहरू-गांधी का भी इतिहास सामने आना चाहिए**

कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उस पर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी, तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था, लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है।

### नीट-पीजी कटऑफ कम करने के फैसले पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी 2025-26 की कट-ऑफ घटाने के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनबीईएमएस से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 6 फरवरी , 2026 को होगी। योग्यता कट-ऑफ प्रतिशत घटाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी।

यह जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डा. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डा. आकाश सोनी द्वारा दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि विवादित नोटिस के माध्यम से कट-ऑफ को असामान्य रूप से बेहद कम, यहां तक कि शून्य और नकारात्मक स्तर तक घटा दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों में कमी मनमानी है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

### एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।




नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित 'संस्मरण' की एक प्रति दिखाते हुए।

### उधमपुर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैश का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था।

## गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर दी जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भारत सिटी अपार्टमेंट में गत रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है।

भारत सिटी के बी वन टॉवर के फ्लैट नंबर 907 में रहने वाली तीन सगी बहनों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार तड़के करीब दो बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही

**■ तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की थीं शिकार**

पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों बच्चियों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार सुबह बच्चियों के आत्महत्या की जानकारी देते हुए कहा कि मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों बहनें ऑनलाइन गेमिंग की आदी थीं और वे कोरियाई ऑनलाइन गेम खेलती थीं। सुसाइड नोट में बच्चियों ने माता-पिता से खेद व्यक्त किया है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाखी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बहनों ने अपार्टमेंट के नौ मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राहुल ने नरवणे की किताब दिखाई ,कहा: पीएम को दूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की जिस किताब को लेकर संसद में दो दिन से हंगामा हो रहा है। राहुल गांधी बुधवार को वही किताब लेकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। राहुल ने किताब का वह पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि प्रधानमंत्री ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित समझो वह करो!।

राहुल ने कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है। देखिए यह रही किताब। राहुल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि प्रधानमंत्री आज लोकसभा में आने की हिम्मत करेंगे। अगर प्रधानमंत्री आते हैं, तो मैं खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपूंगा, ताकि वे इसे पढ़ सकें और देश को इसके बारे में पता चल सके। राहुल गांधी, पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक लेकर पहुंचे। लोकसभा में दो दिन से पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक पर हंगामा हो रहा है। इसके चलते कई बार सदन स्थगित हो चुका है। राहुल इस किताब के अंश लोकसभा में पढ़ना चाहते हैं। स्पीकर ओम बिरला ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इधर, कांग्रेस के कुछ सांसदों ने बजट सत्र के छठे दिन संसद के मकर द्वार के पास प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी ने रवनीत सिंह बिट्टू को पास से गुजरते देखकर कहा कि देखो एक गद्दार आ रहा है, देखिए इसका चेहरा। राहुल गांधी ने हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### जनता का निरादर कर रहे हैं पीएम मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

**■ कांग्रेस सांसद ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह को गद्दार बताया, मंत्री ने पलटकर कहा: राहुल देश के दुश्मन**

## युमनाम खेमचंद सिंह बने मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को लोकभवन में खेमचंद को गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मैतेई समुदाय से आने वाले खेमचंद पूर्व सीएम बीरेन सिंह के करीबी माने जाते हैं। नगा समुदाय से आने वाले लोसी दिखो को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई है। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। उनके अलावा



कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन ने भी डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। उन्होंने दिल्ली स्थित मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शपथ ली। वे राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी के प्रयास से मूकबधिर खुशी के जीवन में लौटी 'खुशी'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की मूकबधिर बच्ची खुशी को उसकी खोई हुई आवाज मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील हस्तक्षेप और त्वरित निर्देशों के चलते खुशी का सफल इलाज संभव हो सका, जिससे उसके जीवन में एक नई शुरुआत हुई है। 26 नवम्बर को खुशी ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बेहतर इलाज के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद खुशी को उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप उसका इलाज सफल रहा। इलाज के बाद खुशी न सिर्फ सुनने और बोलने में सक्षम हुई, बल्कि उसके चेहरे पर भी खोई हुई मुस्कान लौट आई। मासूम खुशी ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि थैंक्यू योगी जी।

### बराड़ के दो गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में कार बरामद

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनी खेज गुरविदर सिंह हत्याकांड में एस-ए-एस- नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिंह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। 23 जनवरी को गुरविदर सिंह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे।

# यूपी के अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सरकारी स्कूल में कार्यरत अनुदेशकों की नौकरी संविदा की निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं जाएगी। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को अनुदेशकों का मानदेय 17000 रुपये करने का निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन



■ सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई।

कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

### कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है, तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में अखिलेश ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए।

# वैदेही आर्ट गैलरी सीता के जीवन से कराएगी परिचित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन चरित्र पर आधारित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी अयोध्या में वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जाएगी।



बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रेरणा हैं। उनके दिव्य और तेजस्वी चरित्र से नई पीढ़ी को गहराई से परिचित कराना आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने 'वैदेही आर्ट गैलरी' की अवधारणा साझा करते हुए कहा कि यह केवल एक कला संग्रहालय नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव स्थल होना चाहिए। आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, गरिमा, धैर्य और शक्ति का आधुनिक दृष्टिकोण से प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैलरी की संकल्पना, कथा-वस्तु, डिजाइन, दृश्य भाषा, कला और तकनीक-सभी आयाम इस भाव को प्रतिबिंबित करें कि एक दिव्य विरासत को नई पीढ़ी के समक्ष प्रेरणाोत के रूप में पुनर्प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई पर मचा हड़कंप

**लखनऊ/बांदा, वार्ता**

■ अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

उत्तर प्रदेश के बांदा जिला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खघ कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है।

मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5-6 घंटे तक दस्तावेज, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर संसद में पीयूष गोयल का बयान

# देश व किसानों के हितों की रक्षा का रखा ध्यान

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा में कहा कि दोनों देशों के बीच डील को लेकर बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहे। भारतीय पक्ष डील करने के दौरान अपने अहम क्षेत्रों खासकर कृषि और किसानों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा।

सांसदों के हंगामे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की फरवरी 2025 की अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका के बीच संतुलित, पारस्परिक रूप से, लाभकारी और द्विपक्षीय ट्रेड डील करने को लेकर लगातार और नियमित चर्चा



■ संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से बाहर रखा गया, भारतीय पक्ष अहम् क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहा

करते रहे हैं। पिछले साल, दोनों पक्षों के बातचीत करने वालों ने अलग-अलग लेवल पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के जरूरी हितों को ध्यान में रखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपने-अपने जरूरी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करना चाहेंगे और सबसे अच्छे नतीजे भी सुनिश्चित करना चाहेंगे। आपसी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों खासकर कृषि और डेयरी के हितों की रक्षा करने में सफल रहा। एक साल की बातचीत के बाद दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों को ट्रेड डील से अलग रखा गया है। खाद और कृषि क्षेत्र का पूरा ध्यान रखा गया है। किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, इस डील से भारत और अमेरिका दोनों पक्षों को फायदा होगा। 2 फरवरी 2026 को पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों पर टेलीफोन पर बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यह टैरिफ कई प्रतिस्पर्धी देशों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से कहीं कम है। ट्रेड डील में विकसित भारत की बात करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक और स्ट्रक्चरल समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को भी दिखाता है। वे स्वाभाविक साझेदार हैं और साझा समृद्धि के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

Email - eecdalmorapwd@rediffmail.com

उत्तराखण्ड शासन

पत्रांक: 374/निविदा दिनांक:- 02/02/2026

**निविदा सूचना (E-Tendering)**

राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा द्वारा निम्नलिखित कार्यो की निविदा सिंगल-बिड सिस्टम (Single Bid System) के अन्तर्गत ई-टैण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 06-02-2026 से उपलब्ध रहेगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा की वैद्यता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा में बागेश्वर गिरिछीना सोमेश्वर द्वाराहाट विमाण्डेश्वर ईडा रानीखेत मोटर मार्ग (बिन्ता सोमेश्वर गिरिछीना प्रभाग) (राज्य मार्ग संख्या-58) में किमी 21.00 से किमी 50.410 में अवस्थित क्लास बी लोडिंग सेतुवों को क्लास ए लोडिंग सेतु में परिवर्तित हेतु प्रथम चरण का कार्य। (RFQ एवं TOR के अनुसोर) | Rs. 3000.00 + 18% GST | Rs. 0.94 लाख | 90 दिन | 03 माह | लोक निर्माण विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कंसलटेन्ट। (सेतु) |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत बेरीनाग अस्कोट (बाड़ेछीना- सेराघाट प्रभाग) मोटर मार्ग में अवस्थित सेतुओं को बी क्लास से क्लास ए लोडिंग सेतुओं में परिवर्तन हेतु प्रथम चरण का कार्य। (RFQ एवं TOR के अनुसार) | Rs. 2500.00 + 18% GST | Rs. 0.66 लाख | 90 दिन | 03 माह | लोक निर्माण विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कंसलटेन्ट। (सेतु) |

**अधिशासी अभियन्ता,**
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।



## कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद-हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

दूरभाष नम्बर : 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail.com

पत्रांक : 641 /स्वा0 अनु0/ई0निविदा/न0नि0रू0/2025-26 दिनांक 04/02/2026

**Press Note**

**E-Tender Notice**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tender in Two Bid System for "**Purchase of various materilas for using the helth department.**" Tenders Detaıls are given below.

| Sr. No | Bid Publish Date | Bid Submission Starting Date | Bid Submission End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05-02-2026 | 10-02-2026 | 20-02-2026 | 20-02-2026 |

Note: 1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.
2-All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, रूड़की।


### सेवा क्षेत्र की रफ्तार जनवरी में और बढ़ी

**मुंबई।** नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी से इस साल जनवरी में सेवा क्षेत्र की रफ्तार और तेज हो गई तथा इसका एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई कोरोबारी गतिविधि सूचकांक 58.8 पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में सूचकांक 58 पर रहा था। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना वृद्धि को और इससे नीचे रहना गिरावट को दर्शाता है, जबकि 50 का स्तर स्थिरता का द्योतक है।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, भटवाड़ी (उत्तरकाशी)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PROVI. DIVISION P.W.D, BHATWARI (UTTARKASHI) PIN-249135

E-Mail-eepwd bhatwari@rediffmail.com

पत्रांक 203/निविदा दिनांक 03.02.2026

**निविदा सूचना**

माननीय श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाड़ी द्वारा निम्न कार्यों हेतु सील्ड निविदा दिनाँक 27.02.2026 को अपराहन् 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 16.02.2026 से दिनांक 26.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 27.02.2026 को अपराहन् 3.00 बजे तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1. अधीक्षण अभियन्ता, 6वाँ वृत्त लो0नि0वि0, उत्तरकाशी। 2. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, भटवाडी। 3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, उत्तरकाशी। 4. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, चम्बा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा दिनांक 06.03.2025 को हर्षिल - मुखवा भ्रमण कार्यक्रम हेतु मुखवा गांव मे वी0आई0पी0 पार्किंग निर्माण से हुई क्षति के दृष्टिगत सेब बागान का पुर्नस्थापना का कार्य। | 0.30 | 1000+18% GST | 60 दिन | 03 माह | उत्तराखण्ड लो. नि.वि., में मार्ग कार्य में डी अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत। |

निविदायें दिनांक 28.02.2026 को अपराहन् 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष इसी कार्यालय में खोली जायेगी, अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अभियन्ता,**


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईसी बंगाल...**

में पूरा करने की जल्दबाजी क्यों है। 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। ईसीआई की प्रताड़ना के चलते बीएलओ की जान जा रही है। बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। असम और नॉर्थ ईस्ट में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। एसआईआर प्रक्रिया वोटर्स को शामिल करने नहीं बल्कि हटाने के लिए हो रही है। अब तक 58 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं। भाजपा ने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए, जो बीएलओ अधिकारों को दरकिनार करते हुए नाम हटा रहे हैं। ममता ने कहा कि सर बेटी शादी के बाद ससुराल जाती है, वह पति का टाइटल इस्तेमाल कर रही है, यह भी मिसमैच है। कुछ बेटियां जो ससुराल चली गईं, उनके नाम भी डिलीट कर दिए गए। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि राज्य सरकार से बार-बार मांग करने के बाद एसआईआर के काम के लिए पर्याप्त ग्रुप बी अधिकारी नहीं दिए गए। इस कारण माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। सभी नोटिस में कारण होते हैं। जिनके नाम हटे उन्हें अधिकृत एजेंटों को भी लाने की अनुमति दी गई थी। हमने राज्य सरकार को कई पत्र लिखे हैं कि हमें क्लास 2 अधिकारी दें ताकि ईआरओ को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने उस रैंक के लगभग 80 अधिकारी दिए हैं, बाकी निचले रैंक के। इसलिए हमें माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने पड़े। गलती उनकी है।

माइक्रो ऑब्जर्वर सही तरीके से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सहयोग नहीं कर रहा है, तो कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। समय की कोई समस्या नहीं है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी नोटिस वापस लेना अव्यावहारिक है। नाम की स्पेलिंग में गड़बड़ी होने पर चुनाव आयोग नोटिस जारी न करे। चुनाव आयोग अपने अधिकारियों को भी निर्देश दे कि वे संवेदनशील रहें। अगर राज्य सरकार ऐसे लोगों की टीम देती है, जो बांग्ला और स्थानीय बोलियां जानते हों, और वे जांच करके चुनाव आयोग को बताएं कि स्थानीय बोली के कारण गलती है, तो इससे मदद मिलेगी। स्थानीय बोली के अनुवाद को एआई की मदद लेने के कारण अगर ऐसा हो रहा है, तो हम समाधान निकालेंगे। इस वजह से असली मतदाता को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। अपने आवेदन में ममता ने कहा है कि आर्टिकल 32 रिट में याचिकाकर्ता होने के नाते वह मामले से पूरी तरह वाकिफ हैं। वे कहती हैं कि पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष होने के नाते वह सुप्रीम कोर्ट के तौर-तरीकों को समझती हैं और स्थापित नियमों के अनुसार ही व्यवहार करेंगी।

**राहुल ने...**

कि हैलो भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, आप वापस (कांग्रेस में) आ जाओगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि देश के दुश्मनों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। राहुल ने हाथ बढ़ाकर बिट्टू से हाथ मिलाना चाहा, लेकिन वे ऐसा किए बिना आगे निकल गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल और केंद्रीय मंत्री के बीच थोड़ी देर के लिए बहस हुई। रवनीत सिंह बिट्टू 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए थे। इससे पहले वे तीन बार कांग्रेस सांसद रह चुके हैं। वे पहली बार 2009 में आनंदपुर साहिब से लोकसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना से जीत हासिल की। 2024 लोकसभा में उन्होंने लुधियाना से पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के खिलाफ चुनाव लड़ा और करीब 20 हजार वोटों से हार गए। चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र सरकार में राज्यसभा सदस्य और मंत्री बनाया गया और रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। यह पहली बार नहीं है जब रवनीत सिंह बिट्टू और राहुल गांधी के बीच बयानबाजी देखने को मिली है।

सितंबर 2024 में बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। बिट्टू ने अमेरिका में सिखों को लेकर राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। सिख किसी पार्टी से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है। राहुल गांधी देश के नंबर वन टेररिस्ट हैं।

# मील का पत्थर साबित होगी जमरानी बांध परियोजना: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने किया बहुउद्देशीय परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जनपद भ्रमण के दौरान गोला नदी पर सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से निर्माणाधीन जमरानी बहुउद्देशीय बांध परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परियोजना स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने परियोजना की समयबद्धता, गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से पर्यावरणीय एवं तकनीकी बाधाओं का समाधान किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जमरानी बांध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की।



■ **प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रवासियों की दशकों पुरानी मांग को स्वीकृति देकर दी ऐतिहासिक सौगात, परियोजना को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश**

■ **उत्तराखण्ड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा परियोजना का सीधा लाभ, जमरानी बांध सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा : सीएम, रोजगार, पर्यटन और समग्र क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयाम**

### जमरानी बांध परियोजना राज्य की समृद्धि का प्रतीक

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना राज्य की समृद्धि का प्रतीक है। यह परियोजना उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी। बांध के निर्माण से जहां एक ओर सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा सुदृढ़ होगी, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप परियोजना से विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर केन्द्र सरकार से वार्ता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से कुमाऊं के तराई क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के किसानों एवं क्षेत्रवासियों को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग देने वाले स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। जमरानी बांध परियोजना के महाप्रबंधक महेश खरे ने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजना का संपूर्ण निर्माण कार्य जून 2029 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक कालाढुंगी बंशीधर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, नवीन वर्मा, दीपक मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, के.डी. रूबाली, मण्डलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनता मौजूद रही।

# भट्ट ने संसद में की बापूग्राम, मीरानगर को राजस्व ग्राम बनाने की पैरवी



■ **शून्यकाल में भट्ट ने बापूग्राम की समस्याओं की तरफ केंद्र का ध्यान आकृष्ट कराया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ऋषिकेश के बाप. ूग्राम और मीरानगर को राजस्व ग्राम का अधिकार दिलाने की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संसद में पुरजोर पैरवी की है। उन्होंने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाकर, स्थानीय लोगों के वैधानिक अधिकार एवं विकास की चिंताओं की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

बुधवार को राज्यसभा के शून्यकाल में उनके द्वारा ऋषिकेश के बापूग्राम और मीरा नगर क्षेत्र से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय उठाया गया। जिसमें उन्होंने सरकार के संज्ञान में लाते हुए कहा, यह दोनों क्षेत्र पिछले कई दशकों से घनी आबादी वाले हैं। 1950 से यहां लोग निवास कर रहे हैं जिनकी 1980 में ही जनसंख्या 50 हजार पाई गई थी। आज वहां हजारों परिवार निवास करते हैं, जो नियमित रूप से नगर निगम को करोड़ों रुपए कर भुगतान भी करते हैं, लेकिन आज तक इन्हें राजस्व ग्राम का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। राजस्व ग्राम घोषित न होने के कारण इन क्षेत्रों के नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जैसे भूमि स्वामित्व से संबंधित प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं, इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा। वहीं इस तकनीकी दिक्कत के कारण वहां विकास कार्यों में अनावश्यक प्रशासनिक बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं। उनके द्वारा सदन में बताया गया कि स्थानीय जनप्रति. निधियों एवं नागरिकों द्वारा इस विषय में बार-बार अनुरोध किए गए हैं, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# 'परीक्षा पे चर्चा' में सभी विद्यालयों की भागीदारी अनिवार्य



■ **कहा, शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी देशभर के छात्रों से करेंगे सीधा संवाद**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रत्येक विद्यालय 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विशेष कार्यक्रम का सभी विद्यालयों में डिजिटल माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। जहां पर कक्षा-6 से आगे की छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों को समुचित निर्देश दे दिये गये हैं।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेशभर के विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम में सभी विद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 6 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के माध्यम से देशभर के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों से सीधे संवाद करेंगे। इस विशेष कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री छात्रों को न सिर्फ तनाव मुक्त परीक्षाओं का मंत्र देंगे बल्कि उन्हें चुनौतियों से पार पाने, संतुलन बनाए रखने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी देंगे।

डॉ. रावत ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के इस संस्करण का प्रसारण प्रदेश के सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों के विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रसारण की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दे दिये गये हैं। ताकि कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के समस्त छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक प्रधानमंत्री के संवाद को देख व सुन सके।

### 8 लाख अभिभावकों व शिक्षकों व छात्रों ने किया पंजीकरण

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के लिये प्रदेशभर के 8 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने रिकॉर्ड संख्या में अपना पंजीकरण करवाया है। जिसमें विभिन्न जनपदों में 7 लाख 37 हजार से अधिक छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया है। इसके अलावा 53149 शिक्षकों व 14512 अभिभावकों ने कार्यक्रम के लिये अपना पंजीकरण कराया है।

# पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी से खुशगवार हुआ मौसम

**उत्तरकाशी।** पहाड़ों पर ताजी बर्फबारी के बाद तेज धूप से मौसम खुशगवार हो गया है। उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री- यमुनोत्री धामों में बर्फबारी से दिलकश नजारा हो गया है। बुधवार से यहां तेज धूप से मौसम में ताजगी आ गई है। बता दें कि बर्फबारी के बाद पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम शुष्क, बेहद ठंडा और मनोरम हो गया था। आसमान साफ होने से तेज धूप निकल रही है, लेकिन तापमान जमने के बिंदु से नीचे जाने के कारण कड़ाके की ठंड और शीतलहर जारी था। दिन में हल्की धूप से राहत मिल रही है, हालांकि रातें अत्यधिक ठंडी और बर्फीली बनी हुई हैं। गौरतलब है कि रविवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया था। मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों तक राज्य ऊंचाई वाले भागों पर बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। 3 फरवरी तक चमोली, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में बारिश का येलो अलर्ट जारी है।

# मनसा देवी की भूस्खलन प्रभावित पहाड़ियों का अध्ययन

■ **देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण**

■ **भविष्य में उठाए जाने वाले उपायों पर हुई चर्चा**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश-हिमालय क्षेत्र में आपदा-सक्षम विकास विषय पर आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत देश-विदेश के भूवैज्ञानिकों ने बुधवार को फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत हरिद्वार स्थित मानसा देवी की पहाड़ियों के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का अध्ययन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं वित्तीय प्रशासन अनुसंधान संस्थान, सुद्धोवाला, देहरादून में उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र, विश्व बैंक तथा नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टिट्यूट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

प्रतिभागियों द्वारा मानसा देवी क्षेत्र में भूस्खलन के उपचार और जोखिम न्यूनीकरण को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने वर्तमान में जारी ढाल स्थिरीकरण, भू-अन्वेषण, ड्रिलिंग तथा अन्य तकनीकी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और इन कार्यों की प्रगति एवं प्रभावशीलता को समझा। विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चाओं में यह बताया गया कि किस प्रकार मौजूदा उपचारात्मक कार्य भूस्खलन के खतरे को कम करने में सहायक हैं तथा आगे किन अतिरिक्त उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। साथ ही, दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए वैज्ञानिक, व्यवहारिक एवं स्थल-विशिष्ट उपचार रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मनसा देवी की पहाड़ियों के भूस्खलन क्षेत्र की भू-आकृतिक संरचना, ढाल स्थिरता की वर्तमान स्थिति, भूमि उपयोग पैटर्न, जल निकासी व्यवस्था, प्राकृतिक एवं मानवीय प्रेरक कारकों तथा मौजूदा ढाल स्थिरीकरण एवं सुरक्षा उपायों का गहन अवलोकन किया गया। विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चाओं में यह स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार के स्थल-विशिष्ट क्षेत्रीय अध्ययन किस प्रकार प्रभावी भूस्खलन न्यूनीकरण उपायों, जैसे ढाल स्थिरीकरण कार्य, जल निकासी सुधार, निगरानी एवं चेतावनी प्रणालियों तथा दीर्घकालिक जोखिम न्यूनीकरण रणनीति की योजना एवं डिजाइन में सहायक होते हैं।

# दून पॉड टैक्सी व मसूरी-नैनीताल रोपवे प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी पर मंथन

■ **आवास सचिव डॉ. आर. राजेश ने की अहम बैठक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना तथा मसूरी एवं नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन को लेकर मंगलवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, आवास, उत्तराखण्ड शासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने की। बैठक में उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूएमआरसी) सहित संबंधित विभागों एवं परामर्शदात्री संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में प्रबंध निद. ेशक, उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी परियोजना तथा मसूरी एवं नैनीताल शहर में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजनाओं के तकनीकी, सामा. जिक, पर्यावरणीय एवं वित्तीय पहलुओं की जानकारी दी गई।

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि देहरादून शहर में प्रस्तावित पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना को ईबीआरटीएस के फीडर सिस्टम के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के अंतर्गत तीन प्रमुख कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, जिनमें क्लेमेंटाउन से बल्लूपुर चौक, पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन तथा गांधी पार्क से आईटी पार्क तक के मार्ग शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना शहर में यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगी। बैठक में निगम द्वारा तैयार की गई डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) पर विस्तार से चर्चा की गई। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परियोजना की उपयोगिता को और अधिक स्पष्ट करने पर बल देते हुए निर्देश दिए कि डीपीआर में परियोजना की आवश्यकता, पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन (ईआईए), सामाजिक प्रभाव तथा वित्तीय व्यवहार्यता को ठोस रूप में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठक में संशोधित डीपीआर के साथ पुन: प्रस्तुतीकरण करने के निर्देश दिए।

आवास सचिव ने देहरादून में प्रस्तावित पीआरटी कॉरिडोर के संरेखण का स्थलीय निरीक्षण किए जाने की भी इच्छा जताई, ताकि जमीनी स्तर पर परियोजना की व्यवहारिकता का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में मसूरी एवं नैनीताल शहरों में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में संयुक्त सचिव आवास धीरेंद्र कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी. पाठक सहित उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अभियंता, मै. मैकेन्जी एवं मै. सिस्ट्रा के सलाहकार अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन-जन की सरकार : 5.62 लाख लोगों को मिला लाभ

■ **शिकायत निस्तारण से लेकर प्रमाण-पत्र वितरण तक शासन-प्रशासन पहुंचा जनता के द्वार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप प्रदेशभर में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम ने जनसेवा, पारदर्शिता और त्वरित समाधान का एक प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अभिनव अभियान के माध्यम से शासन को सीधे जनता तक पहुँचाने का संकल्प धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।

प्रदेश के सभी 13 जनपदों में आयोजित 562 जनसेवा शिविरों के माध्यम से अब तक 4,42,301 नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनते हुए त्वरित समाधान किया गया, जिससे शासन-प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 43,507 शिकायतें एवं आवे. दन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 29,363 शिकायतों का मौके पर अथवा समयबद्ध रूप से निस्तारण किया गया। यह आंकड़े सरकार की जवाबदेही, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा 82,234 प्रमाण-पत्रों (जैसे आय, जाति, निवास आदि) के लिए आवेदन प्राप्त किए गए, जिन पर तेजी से कार्रवाई की गई। वहीं, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से 2,45,073 से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचना सुनिश्चित हुआ। केवल 4 फरवरी 2026 को ही प्रदेश में 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 5,910 नागरिकों ने सहभागिता की। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार निरंतर सक्रियता के साथ जनसेवा में लगी हुई है। यह अभियान न केवल शिकायत निस्तारण का माध्यम बना है, बल्कि यह आमजन के लिए शासन से संवाद का एक सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ है।

# नेचुरल फॉर्मिंग व मिलेट्स मिशन को दें प्राथमिकता: जोशी

■ **विभागीय मंत्री ने की कृषि एवं उद्यान योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर महानिदेशक कृषि एवं उद्यान वंदना सिंह से विस्तार से जानकारी ली।

समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जमीनी स्तर पर बेहतर मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा।

कृषि मंत्री जोशी ने नेचुरल फॉर्मिंग एवं मिलेट्स मिशन को प्राथमिकता देते हुए इनके व्यापक प्रचार-प्रसार और किसानों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने चौबटिया स्थित अनुसंधान केंद्र को पुनर्जीवित करने तथा प्रदेश में विलुप्त होती माल्टा की विभिन्न प्रजातियों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को गति देने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान विभागीय मंत्री जोशी ने टेस्टिंग लैब एवं इंटीग्रेटेड पैक हाउस निर्माण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसानों को बेहतर बाजार सुविधा एवं मूल्य संवर्धन का लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने डीजी कृषि एवं उद्यान को निर्देश दिए कि केंद्रीय बजट के अनुरूप राज्य स्तर पर ठोस एवं व्यावहारिक प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिससे योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों एवं लाभार्थियों को मिल सके।

# धामी सरकार ने प्रति माह औसत 518 युवाओं को दी सरकारी नौकरी

■ **साढ़े चार साल के कार्यकाल में 28 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में अब तक साढ़े 28 हजार से अधिक युवाओं को सरक. ारी नौकरी मिल चुकी है। इस तरह प्रति माह औसत 518 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई। सख्त नकल विरोधी कानून के बाद भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम होने से अब युवाओं का चयन एक से अधिक विभागों में हो रहा है। वहीं सरकार ने युवाओं को स्किल डेवलमेंपमेंट के जरिए विदेश में तक रोजगार देने की व्यवस्था की।

धामी सरकार के कार्यकाल में युवा वर्ग सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। 04 जुलाई 2021 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद, धामी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्किल प्रदान करने पर विशेष तौर पर फोकस किया।



फाइल फोटो

पहले और दूसरे कार्यकाल को मिलाकर अब मुख्यमंत्री का कार्यकाल 54 महीने का हो चुका है। इस दौरान लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चिकित्सा सेवा चयन आयोग के जरिए साढ़े 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में स्थायी रोजगार प्रदान किया गया। यानि प्रति माह 518 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई। अगले एक साल में भी विभिन्न आयोगों के जरिए, रिकॉर्ड संख्या में भर्तियां सम्पन्न की जाएंगी। इस तरह यह आंकड़ा बढ़ना तय है।

हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए जहां सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर रिकॉर्ड संख्या में सरकारी नौकरियां प्रदान की गई, वहीं भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए सख्त नकल विरोधी कानून भी लागू किया गया। साथ ही सरकार कौशल विकास ओर स्वरोजगार योजनाओं के जरिए भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

**पारदर्शिता कायम होने से बढ़े मौके:** सरकारी भर्तियों में सक्रिय नकल माफिया के कुचक्र को तोड़ने के लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार ने फरवरी 2023 से उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय), कानून लागू कर प्रदेश और देश को एक मॉडल नकल विरोधी कानून दिया। इसके बाद से उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से समय पर बिना बाधा के सम्पन्न हो रही हैं। पहले भर्तियों में औसतन दो से तीन साल का समय लग रहा था, अब औसतन एक साल में ही भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जा रही है। साथ ही प्रतिभाशाली युवा एक से अधिक परीक्षा में चयनित हो रहे हैं।

**विदेश में रोजगार के मौके:** मौजूदा सरकार ने साल 9 नवंबर 2022 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना शुरु की है, इसके लिए युवाओं को आतिथ्य, नर्सिंग, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जर्मनी और जापान में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 154 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें से 37 को जापान में रोजगार प्रदान किया जा चुका है।

# रोड नहीं, तो वोट नहीं

## छतीना के ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट में गरजे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** रोड नहीं तो वोट नहीं, नारे के साथ छतीना के ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट में गरजे। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन पर ग्रामीणों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिला पंचायत क्षेत्र जेठाई की जिला पंचायत सदस्य गोपा धपोला व ग्राम प्रधान छतीना सुनीता देवी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्हानें सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम छतीना के लिए वर्ष 2019 में 4 किमी सड़क की स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन आज 6 साल गुजर जाने के बाद भी गांव में सड़क नहीं पहुंच पाई है। कहा कि गांव के छोटे छोटे बच्चे चार किमी दूर जंगल के रास्ते विद्यालय जाने को मजबूर है। जबकि आज पहाड़ों में जंगली जानवरों जा आतंक बना हुआ है। इसके अलावा गांव में कोई बीमार व्यक्ति, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को डोली से सड़क तक लाना पड़ता है। जिला पंचायत सदस्य गोपा धपोला ने कहा कि जिला मुख्यालय से लगा क्षेत्र आज भी सड़क विहीन है, सरकार द्वारा आज तक उनके जिला पंचायत क्षेत्र जेठाई में कोई भी विकास कार्य नहीं किए गए है। जिसका जनता आने वाले चुनावों में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। इस आश्रय का उन्होंने अपर जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञान सौंपा। इस मौके पर प्रधान पति देवेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, दया देवी, नीमा देवी, सुनीता देवी, हेमा, सीता, शंकर सिंह, केशर सिंह मौजूद थे।

# स्वच्छता पर ज़ोर: सफाई कर्मियों को मिली किट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में बुधवार को सफाई कर्मचारियों के लिए स्वच्छता किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन वन हेल्थ के तहत अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. एएच अहमद, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय ने स्वच्छता को रोगों की रोकथाम का प्रमुख आधार बताते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता की अहमियत पर बल दिया। परियोजना अन्वेषक डा. अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पशु, मानव और पर्यावरण स्वास्थ्य को जोड़कर जूनोटिक रोगों की निगरानी और रोकथाम करना है। कार्यक्रम में कुल 60 सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। इस दौरान लाभार्थी प्रकाश ने परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वय डा. राजीव रंजन कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डा. मानसी ने किया।

# उत्तराखंड की उपेक्षा और अंकिता प्रकरण पर उठाए सवाल

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड लोक वाहिनी की ओर से डा. शमशेर सिंह बिष्ट की 80वीं जयन्ती के अवसर पर समसामयिक उत्तराखण्ड राजनीति एवं राष्ट्रीय परिदृश्य पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने उत्तराखण्ड के पिछड़ेपन, अंकिता प्रकरण तथा भारतीय बजट पर अपने विचार रखे। रेवती बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डा. बिष्ट के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। एडवोकेट जगत रौतेला ने बजट में उत्तराखंड की उपेक्षा पर आक्रोश जताते हुए गैरसैण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग की। अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच तेज करने की मांग भी उठी। वक्ताओं ने यूजीसी कानून, किसानों की स्थिति और सामाजिक सौहार्द पर भी चिंता व्यक्त की। यहां अजय मित्र सिंह बिष्ट, जंगबहादुर थापा, बिशन दत्त जोशी, हारिस मुहम्मद, दयाकृष्ण कांडपाल, अजय मेहता, आराध्य आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में बताया

**बागेश्वर।** उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 और आरटीआई नियमावली 2013 के बारे में जानकारी दी गई। अकादमी के ज्वाइंट डायरेक्टर महेश कोहली और कुमाऊं विश्वविद्यालय के विधि परामर्शी नवीन पनेरु ने अधिनियम की मूल भावना, सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया, लोक सूचना अधिकारियों की भूमिका और दंडात्मक प्रावधानों पर चर्चा की। अधिकारियों को बताया गया कि सूचना का अधिकार अधिनियम से सुशासन बढ़ाया जा सकता है और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकती हैं। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी और परियोजना निदेशक शिल्पी पंत सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

### चेकिंग अभियान: 45 वाहनों का चालान

**बागेश्वर।** पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 45 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 4 वाहनों के न्यायालयीय चालान किए गए। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वाले 16 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस एक्ट और 19 व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत चालान किया गया। पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन अभियान को भी जारी रखा है और जनपदवासियों से बिना सत्यापन के किसी को घर में पनाह न देने की अपील की है।

### सीडीओ ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आरसी तिवारी ने बुधवार को बागेश्वर से गरुड़ तक विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लघु सिंचाई, सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। सीडीओ ने लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं, जैसे खोली, सेल्टा और कमेडी चीर गधेरा में चेकडैम निर्माण का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्रामीण निर्माण विभाग के तहत रवाईखाल में कक्ष मरम्मत, आईटीआई कमेडी में प्रशासनिक भवन मरम्मत और हेलीपैड निर्माण कार्यों का जायजा लिया। सिंचाई विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं का भी निरीक्षण किया, जिनमें थकलाड-बमराड़ी में घाट निर्माण, द्यांगण नहर का जीर्णोद्धार, गोपेश्वर मंदिर के समीप नदी किनारे सुरक्षात्मक कार्य और अन्य आपदा न्यूनीकरण कार्य शामिल हैं। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करें और गुणवत्ता का खास ध्यान रखें। इस दौरान लघु सिंचाई, सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर चलाए जा रहे अवैध नशे की रोकथाम एवं नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत थाना कुण्डा पुलिस टीम द्वारा पुलिस चौकी सूर्या क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के अंतर्गत थाना कुण्डा में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध नशे के कारोबार पर लगातार सख्ती बरती जा रही है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### निर्माण का मलबा सड़कों पर फेंका, तो होगी कार्रवाई: शाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम ने शहर के समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील



करते हुए निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकलने वाले मलबे के निस्तारण को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नगर निगम कार्यालय की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना में स्पष्ट कहा गया है कि निर्माण या भवन मरम्मत के दौरान निकलने वाला मलवा किसी भी सार्वजनिक स्थान पर फेंकना प्रतिबंधित है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह के अनुसार, मलवा हटवाने के लिए निगम के दूरभाष नंबर 75514 पर सूचना देना अनिवार्य होगा। निगम द्वारा मलबा उठाने के लिए 400 रुपये प्रति टन की दर से यूजर चार्ज निर्धारित किया गया है। यदि किसी भवन स्वामी द्वारा स्वयं सार्वजनिक स्थान पर मलबा फेंक दिया जाता है और उसे 24 घंटे के भीतर नहीं हटाया जाता तो इसे नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं यूजर चार्ज उपविधि, 2016 का उल्लंघन मानाजाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित भवन या भू-स्वामी के विरुद्ध उपविधि के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी तथा समस्त उत्तरदायित्व उसी का होगा।

### डीएम ने विद्यार्थियों से लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने बुधवार को राजकीय पुस्तकालय का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे पाठकों एवं विद्यार्थियों से पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। बीते समय में पुस्तकालय की सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। पुस्तकालय में वाईफाई सुविधा, हीटर, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सुविधा, बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए पुस्तकालय के संचालन की समय अवधि भी बढ़ाई गई है। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित हुए युवाओं से भी मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चयनित युवाओं से कहा कि वे अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखें तथा उच्च पदों के लिए तैयारी करते रहें। जिलाधिकारी ने चयनित युवाओं को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनकी पीठ थपथपाकर शाबाशी दी तथा पुस्तकालय में अध्ययनरत अन्य छात्रों का भी मनोबल बढ़ाया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनके अध्ययन एवं तैयारी के लिए प्रशासन द्वारा अपने स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। पुस्तकालय में अध्ययनरत पाठकों ने सुविधाओं के विस्तार के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। यहां डीईओ बेसिक रवि मेहता, ईई आईएस आर चंद्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** दन्या पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में टीम द्वारा धौलादेवी बाजार में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्त पंकज गैड़ा पुत्र उमेद सिंह गैड़ा, निवासी ग्राम काफली, दन्या को 88 पाउच अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा। अभियुक्त के विरुद्ध थाना दन्या में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग में संलिप्त रहा है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक कमित जोशी, कांस्टेबल जगत सिंह व कांस्टेबल प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण में विधायक को मिलीं खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर विधायक दास ने स्वास्थ्य केंद्र छानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई कमियों को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक पार्वती दास ने बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोबिंद सिंह नेगी (टाइप ए) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छानी बागेश्वर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं एवं व्यवस्थाओं, साफ सफाई, उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों को देखा।

निरीक्षण में विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई करने के साथ साथ लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गर्भवती महिलाओं को टीका समय पर टीका लगाने आदि सुविधा देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी पाई गई, जिस पर तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को अवगत कराते हुए यथाशीघ्र आवश्यक चिकित्सकों की तैनाती एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्र की जनता को समय पर, बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# बिट्टू कर्नाटक ने की मुख्यमंत्री से भेंट

## पूर्व दर्जा राज्यमंत्री ने अल्मोड़ा के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को ईश्वर की प्रतिमा भेंट कर अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। भेंट के दौरान अल्मोड़ा जनपद से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, विकास योजनाओं और उनके समाधान को लेकर सकारात्मक व सार्थक चर्चा हुई। बिट्टू कर्नाटक ने बताया कि मुख्यमंत्री से लोधिया स्थित फूड क्राफ्ट सेंटर के संचालन को लेकर विशेष रूप से वार्ता हुई, ताकि अल्मोड़ा के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर मिल



सकें। इसके अलावा अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में पूर्व में स्वीकृत हार्ट कैथ लैब के निर्माण एवं संचालन, साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। भेंट के दौरान अल्मोड़ा जीआईसी ग्राउंड में आधुनिक खेल सुविधाओं के विकास, पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण, पार्किंग की समस्या के समाधान और विद्यालयों के आधुनिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि अल्मोड़ा के विकास कार्यों में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी और सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। इसका उदाहरण हाल ही में अल्मोड़ा में निर्मित तीन बहुमंजिला पार्किंग है। इस अवसर पर बिट्टू कर्नाटक ने मुख्यमंत्री को यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने यूसीसी को सफलतापूर्वक लागू कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

# नौनिहालों के भविष्य पर संकट के बादल

## कालाढूंगी के राजकीय इंटर कॉलेज बगड़ की बदहाली पर लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** एक ओर जहाँ सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और डिजिटल इंडिया जैसे अहम नारे बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र का प्रमुख शिक्षा केंद्र, राजकीय इंटर कॉलेज बगड़, अपनी जर्जर स्थिति पर आंसू बहा रहा है। विद्यालय की हालत इतनी बदहाल हो चुकी है कि यहाँ पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में डूबता नजर आ रहा है। स्कूल की इमारत दशकों पुरानी हो चुकी है।



दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं और छत का प्लास्टर गिरना अब एक सामान्य बात हो गई है। खासतौर पर बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है( कक्षाओं में पानी टपकने से बच्चों के लिए बैठना तक मुश्किल हो जाता है।

अभिभावकों का कहना है कि वे हर रोज अपने बच्चों को डर के साए में स्कूल भेजते हैं, यह डर कि कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाए। इस जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य दीप चंद्र आर्य ने कहा विद्यालय की यह स्थिति छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों के लिए खतरे की घंटी है। एक बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए स्कूल की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, जिला प्रशासन से हमने कई बार पत्राचार कर विद्यालय की स्थिति सुधारने का आग्रह किया है। हम चाहते हैं कि बच्चों को एक सुरक्षित और उत्तम शिक्षा का माहौल मिले, ताकि उनका भविष्य बेहतर हो। दीप चंद्र आर्य ने बताया कि जीआईसी बगड़ क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का मुख्य केंद्र है, और इस समय इसकी दयनीय स्थिति न केवल चिंता का विषय है, बल्कि एक गंभीर संकट भी है। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

# साफ सफाई: व्यापारियों के निशाने पर पालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के तहसील तोड़ में साफ सफाई को लेकर व्यापारियों ने नगर पालिका पर सवाल उठाए। व्यापारियों ने कहा कि रोड़ में बनी नाली की सफाई न होने से नाली से दुर्गन्ध उठ रही है। आने जाने वाले लोगों को मुंह में रुमाल रखकर आना जाना पड़ रहा है। राष्ट्रीय सड़क निर्माण एजेंसी एनएच द्वारा बागेश्वर नगर में नाली का निर्माण किया गया है। विभाग द्वारा बनाई गई नाली बरसात में बारिश के पानी से साफ हुई तब से लेकर आज तक नगर पालिका द्वारा नाली की सफाई नहीं करवाई गई है। सड़क किनारे बनी नाली में लोगों के घरों से गंदगी बह कर एकत्र हो रही है। जो अब गर्मी बढ़ते ही दुर्गंध फैला रही है। तहसील कार्यालय सहित अन्य गंतव्य को आने जाने वाले लोग मुंह में रुमाल रखकर जाने के लिए मजबूर है। तहसील रोड़ के व्यापारियों रमेश नेगी, मदन सिंह नेगी, रमेश टंगड़िया, लक्ष्मण सिंह, चन्दन टंगड़िया, राजू नेगी सहित अन्य ने कहा कि नाली से उठने वाली दुर्गंध उनके होटलों एवं दुकानों तक पहुंच रही है। उन्होंने नगर पालिका को शीघ्र नाली की सफाई करने की मांग की। मांग पूरी न होने पर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने की चेतवानी दी है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि नगर में लगातार सफाई करवाई जा रही है। आने वाले गर्मी के सीजन को देखते हुए जल्द सभी नालियों एवं गलियों में सफाई व दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 फरवरी से जीजीआईसी अल्मोड़ा में हो गया है। प्रतियोगिता 5 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इसमें शैक्षिक सत्र 2024-25 में चयनित 135 छात्र-छात्राओं के साथ ही सत्र 2023-24 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग से वंचित रहे 40 छात्र-छात्राएं अपने-अपने नवाचारों के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी छात्रों के साथ उनके मार्गदर्शक शिक्षक भी उपस्थित हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के प्रोजेक्ट एसोसिएट सुनील भाष्कर ने किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। जिला समन्वयक इंस्पायर अवार्ड विनोद कुमार राठौर ने कहा कि शिक्षण के साथ-साथ सहगामी क्रियाकलापों में भागीदारी से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके वैज्ञानिक समाधान खोजने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर प्राप्त विचारों में से पांच श्रेष्ठ विचारों को इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन के बाद चयनित प्रत्येक छात्र के खाते में 10 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित की जाती है, जिससे वे अपने विचार को मॉडल के रूप में विकसित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रस्तुत करते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित 10 प्रतिशत छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अल्मोड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# रेडक्रॉस कार्यालय के पुन: संचालन की मांग

**अल्मोड़ा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तराखंड राज्य शाखा कार्यालय को सील किए जाने से प्रदेशभर में रेडक्रॉस की मानवीय एवं सेवा गतिविधियां ठप हो गई हैं। इस स्थिति के विरोध में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा अल्मोड़ा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुधवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। पदाधिकारियों ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम 1920 व समिति नियम 2017 के तहत दिसंबर 2025 में राज्य शाखा समिति का विधिवत गठन हुआ था, जिसके बाद कार्य सुचारु थे। 22 जनवरी 2026 को कार्यालय सील होने से सभी जिला शाखाओं का काम प्रभावित हुआ। पदाधिकारियों ने कार्यालय तत्काल खोलकर वैधानिक रूप से कार्य बहाल करने की मांग की।

# रिटायर्ड शिक्षक से मांगी रंगदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक रिटायर्ड शिक्षक से 15 लाख की रंगदारी मांगने का नया मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। टांडा उज्जैन, गौतमनगर निवासी मुरारी सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनके मोबाइल पर लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे थे और वह कह रहा था कि मैं बृजपाल पुत्र करन सिंह निवासी कुकरझुण्डी, थाना भगतपुर, मुरादाबाद बोल रहा हूँ और उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा था। मुरारी सिंह ने बताया कि उक्त बृजपाल झूठे आरोप लगा रहा है कि तूने मेरी जमीन बेची है, जबकि जमीन से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें कई माह से धमकी भरी कॉल आ रही है तो उन्होंने धमकी भरी कॉल सुनकर कोई अप्रिय घटना की आशंका के डर से बृजपाल के मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट कर दिया। ब्लैक लिस्ट होने पर बृजपाल ने उनके मोबाइल पर धमकी भरे मैसेज व गंदी-गंदी गाली लिखनी शुरू कर दी। मुरारी सिंह ने बताया कि बृजपाल मैसेजों के माध्यम से उनका पता पूछने लगा, मैसेजों का जवाब न देने पर परिवार के प्रति धमकी भरे मैसेज भेजने शुरू कर दिये और मकान का पता न बताने पर उनके मकान का पता लगवाकर मकान की रेकी करने लगा और रंगदारी के रूप में मैसेजों के माध्यम से 15 लाख रुपये की डिमाण्ड करने लगा। 15 लाख रुपये न देने पर बृजपाल उन पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें व उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है तथा परिवार के प्रति कोई अप्रिय घटना का अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। मुरारी सिंह ने बताया कि बृजपाल ने 25 अप्रैल 2025 की सुबह मुरादाबाद में उन्हें घेर लिया और उनके साथ बदतमीजी करने लगा तथा जब वह वापिस मुरादाबाद से काशीपुर से आ रहे थे तो जैसे ही ट्रेन रोशनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो वहां पर भी वह उनके साथ बदतमीजी करने लगा और स्टेशन रोड पर रोक कर बृजपाल व अन्य दो लोगों ने 15 लाख रुपये की मांग की और मांग न पूरी होने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 308(3), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गुरु रविदास जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने 4 फरवरी 2026 को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती मनाई। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और प्रार्थना से हुई। एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने गुरु रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर चर्चा की और उनके योगदान को उजागर किया। इस दौरान पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, भाषण और कविता पाठ जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समानता, करुणा और समाज सेवा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या रानी के संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम बेबी अज़ीमा अंसारी तथा आधार कार्ड व पेन कार्ड में वास्तविक नाम अज़ीमा अंसारी (AZEEMA ANSARI) अंकित है। भविष्य में मुझे (AZEEMA ANSARI) अज़ीमा अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अज़ीमा अंसारी पत्नी आसिम खान पुत्री साबिर हुसैन, ग्राम व पोस्ट-दरऊ, किच्छा (उ0सि0 नगर) उत्तराखण्ड।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी श्रीमती नसरीन पत्नी स्व. श्री मो. जावेद निवासी कालाढूंगी वार्ड नं.- 5 पो.ओ.-कालाढूँगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूँगी वार्ड नं.-5 में अपने पति स्व. श्री मो. जावेद पुत्र श्री शफीक अहमद के नाम नगर पालिका के गृहकर अभिलखो में दर्ज भवन के गृहकर जिसके पूरब में सड़क पश्चिम में मुख्य मोटर मार्ग उत्तर में श्री अब्दूल लतीफ का भवन व दक्षिण में सड़क मार्ग स्थित है। उक्त भवन के गृहकर को श्रीमती नसरीन पत्नी स्व. श्री मो. जावेद प्रार्थिनी द्वारा अपने नाम दर्ज/हस्तान्तरण कराये जाने हेतु प्रार्थाना पत्र व स्व. श्री मो. जावेद पुत्र श्री शफीक अहमद का मृत्यु प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करों की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्तव का आधार ना होने की दशा में प्रार्थिनी प्रार्थिनी श्रीमती नसरीन पत्नी स्व. श्री मो. जावेद निवासी कालाढूँगी वार्ड नं.- 5 पो.ओ.-कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तान्तरण/दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

नोट-यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# महापौर बाली ने किया सात सड़कों का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन के चलते महापौर दीपक बाली ने अब तक क्षेत्र में सैकड़ो सड़कों का जाल बिछा दिया है। महापौर दीपक बाली ने वार्ड 40 में 1 करोड़ 38 लाख 75 हजार रुपए से बनने वाली 7 सड़कों का शिलान्यास किया। इससे पूर्व वहां पहुंचने पर वार्डवासियों ने महापौर बाली का जोरदार स्वागत किया।



इस दौरान महापौर ने कहा कि उन्होंने काशीपुर नगर निगम क्षेत्र के ग्रामीण वार्डों में सड़क निर्माण हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था, जिस पर उन्होंने 23करोड़ से भी अधिक रुपए और स्वीकृत कर दिए हैं जिससे शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र के वार्डो में भी सड़कों का जाल बिछा दिया जाएगा। महापौर ने वार्डवासियों से कहा कि वे कूड़ा सड़कों पर न डालकर कूड़ा गाड़ी में ही डालें। यह शहर हम सबका है और उसे साफ स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है। अकेले नगर निगम बगैर जन सहयोग के कुछ नहीं कर सकता। इस दौरान वार्ड 40 के पार्षद रवि प्रजापति, मानवेन्द्र मानस, अनिल यादव, धर्मेंद्र कुमार, कमल कुमार, समरपाल सिंह, कमल प्रजापति, तरुण कुमार, नीरज शर्मा, पार्षद वैशाली गुप्ता, पार्षद अनीता कांबोज, महेश चंद्र लखेड़ा, पूर्व पार्षद संतोष, कमल, ईश्वर चन्द गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू, गुरनाम सिंह गामा सहित सैंकड़ों स्त्री पुरुष उपस्थित रहे।

**किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी**

काशीपुर (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक : KIC/247/पद विज्ञापन/2025-26

**आवश्यकता है**

दिनांक : 04/02/2026

किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) में निम्नलिखित रिक्त पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति चाहने वाले पुरुष/महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है-

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन क्रम | लेवल | आरक्षण श्रेणी | शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता (राजकीय विद्यालय में जो शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता लागू है) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ सहायक | 01 | 21700-69100 | 3 | अनारक्षित (सामान्य जाति) | इण्टरमीडिएट / राजकीय की भांति योग्यता |

**नियम व शर्तें**- (1) उक्त समस्त पदों के लिए शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यतायें वही होंगी जो राजकीय विद्यालय हाईस्कूल /इण्टरमीडिएट कॉलेजों के लिये निर्धारित की गयी हैं।
(2) राजकीय विद्यालयों को कनिष्ठ सहायक के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक व प्रशिक्षण योग्यता हेतु उत्तराखण्ड शिक्षा अनुभाग 2 की अधिसूचना संख्या-374/XXIV-2/2006 दिए 28 जुलाई 2006 एवं समय-समय पर हुए संसोधन के अनुसार होंगी।
(3) कनिष्ठ सहायक पद हेतु हिन्दी टंकण में 4000 की डिप्रेशन / घंटा की गति अनिवार्य है।
(4) आवेदन पत्र रू. 300 प्रति आवेदन पत्र रेखांकित पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो कि प्रबन्धक, किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) के पद नाम से देय हो भुगतान करने पर विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।
(5) आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर विद्यालय किसान इण्टर कालेज कुण्डेश्वरी, काशीपुर, ऊ.सिं.नगर कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा पहुँच जाने चाहिये, विलम्ब से पहुंचने वाले आवेदन पत्र निरस्त समझे जायेंगे।
(6) पंजीकृत लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विद्यालय का नाम अंकित होना अनिवार्य है।
(7) अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 01 जुलाई 2022 को कनिष्ठ लिपिक के पद हेतु 18 वर्षतथा अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए।
(8) विज्ञप्ति प्रकाशित होने से पूर्व उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी का नाम पंजीकृत होना चाहिये।
(9) आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक**
**किकान इन्टर कालेज कुण्डेश्वरी**
**काशीपुर (ऊधम सिंह नगर)**

# खून के रिश्ते का 'खूनी' अंत

## बीमारी से परेशान छोटे भाई को उतार दिया मौत के घाट, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के बरेली रोड पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां योगेश हत्याकांड के सजायाफ्ता संदीप जायसवाल ने मंगलवार की आधी रात अपने बीमार भाई सोनू को लोटे से पीट-पीट मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुआ हत्यारोपी भाई संदीप ज्यादा दूर भाग नहीं सका और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और हत्या में प्रयुक्त लोटा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार राम मंदिर बगीचा, बरेली रोड निवासी सोनू जायसवाल 42 वर्षीय पुत्र स्व. लल्लन प्रसाद जायसवाल यहां अपनी मां रानी, भाई संदीप जायसवाल व भतीजे अंकित के साथ रहता था। सोनू लीवर सोरायसिस नाम की गंभीर बीमारी से ग्रस्त था। मंगलवार की रात संदीप शराब के नशे में घर पहुंचा और सोनू को उसकी बीमारी पर ताने मारने लगा। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। संदीप ने कहा, तेरी वजह से सब बर्बाद हो रहा है। इतने में उसने पास में रखा स्टील का लोटा हाथ मे उठा


मृतक सोनू का फाइल फोटो

लिया। सोनू कुछ समझ पाता, इससे पहले ही संदीप ने सोनू के चेहरे और सिर पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। संदीप, सोनू पर तब तक हमले करता रहा, जब तक जमीन पर गिर कर मर नही गया। घटना स्थल पर मौजूद मां और भतीजा लगातार संदीप को रोकते रहे, लेकिन जब उसने मां और भतीजे को भी जान से मार डालने की धमकी दी तो वह डरकर पीछे हट गए। संदीप ने भाई की हत्या से पहले ही दोनों कमरे में कैद कर दिया था। चुपके से भतीजे अंकित ने अपने एक दोस्त को फोन किया। दोस्त मौके ओर पहुंचा तो घर के बाहर भीड़ और परिवार घर में कैद था। इसी बीच गश्त पर निकली पुलिस ने भीड़ देखी और पूछताछ की


सोनू की हत्या के बाद रोता बिलखता परिवार, हत्यारोपी भाई गिरफ्तार

तो घटना का पता लगा। पुलिस ने दरवाजा खटखटाया तो संदीप पीछे के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने आनन फानन में घायल सोनू को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस हत्यारोपी की तलाश में दबिश शुरू की। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि वारदात के चार घंटे बाद ही हत्यारोपी भाई संदीप को गांधी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 32 बोर की रिवॉल्वर और दो कारतूस बरामद किए गए। भतीजा अंकित की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में कोतवाल विजय सिंह मेहता, एसएसआई रोहताश सिंह सागर, मेडिकल चौकी प्रभारी रविन्द्र राणा, हीरानगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह, कांस्टेबल मो. अजहर और जगदीश भंडारी शामिल थे।

### संदीप पर हत्या सहित पांच मुकदमे

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप के ऊपर हल्द्वानी कोतवाली में हत्या, हत्या का प्रयास और धमकी समेत पांच मुकदमे दर्ज हैं। उसने जुलाई 2014 में व्यापारी योगेश गुप्ता को उन्हीं के घर के पास सिर में गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या में संदीप का साथ उसके खेड़ा रुद्रपुर निवासी दोस्त राहुल राठौर ने दिया था। संदीप ने योगेश से उनका एक ट्रक लिया था और मुनाफा बराबर बांटना तय किया था। हालांकि संदीप मुकर गया, उसने न कोई पैसा दिया और न ही ट्रक लौटाया। जुगल ने संदीप पर 31 मई 2014 को धोखाधड़ी की मुकदमा लिखाया और यहीं से दुश्मनी शुरू हो गई। मुकदमा वापस न लेने पर ही संदीप ने साथ के साथ मिलकर हत्या कर दी। मामले में तत्कालीन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार की कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# केंद्रीय बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने वाला: धामी

## पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत की ओर कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय बजट इस साल उत्तराखंड के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, कनेक्टिविटी, कृषि और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं लेकर आया है, साथ ही राज्यों की भागीदारी को भी सशक्त बनाता है। पर्वतीय राज्य होने के कारण उत्तराखंड की भौगोलिक और आर्थिक जरूरतें विशिष्ट हैं, और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करता है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।

बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रामपुर रोड स्थित एक होटल में पहुंचे। सीएम धामी ने केंद्रीय बजट पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा बजट पूर्व बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव केंद्र सरकार को प्रस्तुत किए गए थे, जिन्हें स्वीकार किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि राज्य के लिए पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना (एसएसएससीआईऋ) के अंतर्गत 1.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो उत्तराखंड के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है और आगे भी रहेगा। सीएम धामी ने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए 53.47 लाख करोड़ रुपये का कुल बजट आकार यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार आर्थिक विकास और निवेश के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को इस वर्ष केंद्रीय करों में लगभग 17,500 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जो पिछले वर्ष से करीब 1,841 करोड़ रुपये अधिक हैं। इस धनराशि से राज्य के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।



### कहा-रेलवे परियोजनाओं का हो रहा विस्तार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि राज्य में 39,491 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम लगभग पूरा होने वाला है, और 11 रेलवे स्टेशनों का रिडेवलपमेंट किया जा रहा है। इसके अलावा, 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, तीन वंदे भारत एक्सप्रेस और एक अमृत भारत एक्सप्रेस चल रही हैं, जो राज्य में रेलवे नेटवर्क को और मजबूत बनाएंगी।

सीएम धामी ने बताया कि 16वें वित्त आयोग में उत्तराखंड के हिस्से में वृद्धि राज्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। 15वें वित्त आयोग में राज्य का हिस्सा 1.118 प्रतिशत था, जो 16वें वित्त आयोग में बढ़कर 1.141 प्रतिशत हो गया है।

इस वृद्धि के कारण उत्तराखंड को इस वर्ष 1,841 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्राप्त हुए हैं, जबकि कई राज्यों का हिस्सा पूर्ववत रहा है। यह बजट राज्य के लिए दीर्घकालिक विकास का रास्ता प्रशस्त करेगा और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन के तहत शेष कार्यों को पूरा करने के लिए समय-सीमा का विस्तार और 67,500 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसके अलावा, इको-टूरिज्म, पर्वतीय ट्रेल्स, क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी के लिए उड़ान योजना, टियर-2 और टियर-3 शहरों पर ध्यान केंद्रित करने, यूनिवर्सिटी टाउनशिप, बायो-फार्मा स्ट्रैटेजी, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 जैसी योजनाओं से उत्तराखंड के युवाओं और निवेश के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। महिला सशक्तिकरण के तहत लखपति दीदी कार्यक्रम का विस्तार, स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ना और 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। मनरेगा, एनआरएलएम, कृषि सिंचाई, पीएम श्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत और स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) जैसी योजनाओं में बढ़े हुए प्रावधान राज्य के समग्र विकास को गति देंगे। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सुरेश जोशी, बंशीधर भगत, डा. मोहन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## 21वीं बार बूथ अध्यक्ष बने हरेन्द्र क्वीरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बार फिर अनुभवी कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। कांग्रेस के



जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष हेमन्त बगडवाल द्वारा फिर से 21वीं बार बूथ कांग्रेस बूथ कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जब-जब उन्हें लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बूथ एजेंट की जिम्मेदारी सौंपी, तब-तब उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्व निभाया। हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि आगे भी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष और वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए जाने वाले सभी दिशा-निर्देशों का वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ पालन करेंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर राम सिंह नगरकोटी और देवेंद्र सिंह नोला सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी लापता, जंगल से स्कूटी बरामद

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों में शहर का एक व्यापारी अचानक लापता हो गया। घर से निकला व्यापारी देर रात तक घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की तो सूर्या देवी मंदिर के पास आखिरी लोकेशन मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर पूरी जंगल की छानबीन की, लेकिन व्यापारी का कोई पता नहीं चला। लेकिन व्यापारी की स्कूटी बरामद हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी क्षेत्र के नीलांचल कालोनी डहरिया निवासी 55 वर्षीय रमेश चंद्र जोशी की मंडी में कई दुकानें हैं। बीती 30 जनवरी को वह स्कूटी लेकर घर से निकले थे, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं पहुंचे। रात देर हुई तो रमेश का बेटा करन जोशी टीपी नगर पुलिस चौकी पहुंचा। करन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और रमेश की तलाश शुरू की। रमेश के मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगाया गया और सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। इसी बीच पुलिस को रमेश के मोबाइल की लास्ट लोकेशन चोरगलिया थानाक्षेत्र के सूर्या देवी मंदिर के पास जंगल में मिली। आनन-फानन में पुलिस की एक टीम को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस मोबाइल के लास्ट लोकेशन पर पहुंची तो रमेश की स्कूटी दिखी। जिसके बाद टीम ने जंगल में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन पूरे दिन कांबिंग के बावजूद व्यापारी का सुराग नहीं लगा। बताया जाता है कि रमेश के ऊपर काफी कर्ज था। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तलाश लगातार जारी है और जल्द ही रमेश को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## बिन्दुखत्ता बनेगा राजस्व ग्राम, सीएम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिंदुखत्ता को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत राजस्व गांव का दर्जा दिलाने के लिए लंबे समय से चल रहे संघर्ष को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्णायक मोड़ दे दिया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बिंदुखत्ता



को राजस्व गांव घोषित किए जाने की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में जिलाधिकारी नैनीताल को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में स्पष्ट किया गया कि वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिया जाएगा और जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। इस निर्णय पर सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी तथा पद्मश्री सम्मानित पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का आभार व्यक्त किया। शिष्टमंडल में बिंदुखत्ता वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, सचिव भुवन भट्ट, मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत नेगी, पूरन बोरा, श्याम सिंह रावत, पूर्व सैनिक कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, कैप्टन दलबीर सिंह काफोला, प्रमोद कालोनी सहित कांग्रेस के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

# एचसीसी पहुंची फाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच के पहले सेमी फाइनल मुकाबला बुधवार को



जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में एचसीसी और डीके स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया। जिसमें एचसीसी ने 9 रनों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में एचसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 238 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए लक्ष्य नयाल ने 58, वंश कनो. जिया ने 51, दिव्यांश बिष्ट ने 36, मनमोहन ने 34 रनों का योगदान दिया। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज देवांग नेगी और राकेश बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की पूरी टीम 44वें ओवर में 229 रन बनाकर आलआउट हो गई, और 9 रनों से मैच हार गई। पृथ्वी रावल के 81, राकेश बिष्ट के 74 और हार्दिकराज ने 34 रन बनाए लेकिन फिर भी टीम को जीत नहीं दिला सके। एचसीसी के गेंदबाज तुषार, विशाल और लक्ष्य ने 2-2 विकेट लिए। सेमीफाइनल में मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार एचसीसी के आलराउंड खिलाड़ी लक्ष्य नयाल के नाम रहा। अंपायर की भूमिका में शिवम् पांडे, और विकल्प बिष्ट रहे जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंत मौजूद रहे। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि कल यानि आज गुरुवार को दूसरा सेमीफइनल जीएनजी और कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के मध्य जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जायेगा।

# वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम पर शिक्षकों में असमंजस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में उच्च प्राथमिक स्तर पर जारी वार्षिक गृह परीक्षा कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में भारी असमंजस की स्थिति बन गई है। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष कक्षा 6 से 8 तक की परीक्षाएं माध्यमिक स्तर की परीक्षाओं के साथ 12 फरवरी से आयोजित की जानी हैं, जबकि कक्षा 1 से 5 तक की प्राथमिक स्तर की परीक्षाएं 17 मार्च से 24 मार्च तक प्रस्तावित हैं। दो अलग-अलग तिथियों पर परीक्षा कराने से शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए शैक्षणिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले को लेकर



संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने महानिदेशक विद्यालय शिक्षा, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा और निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड को पत्र भेजकर परीक्षा तिथियों में संशोधन की मांग की है। उन्होंने कहा कि सत्र समाप्ति से डेढ़ माह पहले जूनियर स्तर की परीक्षा आयोजित करने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। संगठन की ओर से सुझाव दिया है कि छात्र हित को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं 17 मार्च से एक साथ आयोजित की जाएं। शिक्षक संगठन का कहना है कि तिथियों का समन्वय न होने से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, इसलिए विभाग को जल्द ही संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी करना चाहिए।

## हड़ताल में शामिल होंगी आशा वर्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्रेड यूनियन ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल में पूरी ताकत के साथ शामिल होगी। इस दौरान आशा वर्कर्स बुधपार्क, हल्द्वानी में प्रदर्शन कर अपनी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाएंगी। यह निर्णय यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक स्तरीय बैठक में लिया गया। यूनियन की प्रमुख मांगों में चार श्रम कोड वापस लेने, आशा वर्कर्स को न्यूनतम 35 हजार रुपये मासिक वेतन देने, राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति पर पेंशन की व्यवस्था, अस्पतालों में सम्मानजनक व्यवहार, प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जाने, एनजीओ के हस्तक्षेप को समाप्त करने, प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिदिन न्यूनतम 500 रुपये भुगतान, सभी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान तथा हर माह की राशि समय पर खाते में जमा किए जाने की मांग शामिल है। बैठक आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री डा. कैलाश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार मजदूरों और महिला कामगारों के अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है और बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की नीतियां अपना रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के जरिए मुख्यमंत्री द्वारा खटीमा में आशा यूनियन से किए गए वादों को लागू करने की मांग भी उठाई जाएगी। बैठक में रिंकी जोशी, रीना आर्य, अंजना, गीता जोशी, दीपा बिष्ट, आनंदी, रेनू दीप, बबीता आर्य, सुनीता अरोड़ा, सबीना, भगवती देवी, कमला गोस्वामी, हेमा सम्मल, भारती थापा, गीता देवी, जीवंती सहित कई आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

## बाजार गई छात्रा लापता गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बाजार में खरीदारी करने निकली बीए की एक छात्रा अचानक गायब हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानक. ारी के अनुसार भनोली, अल्मोड़ा निवासी युवक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी बहन 4 जनवरी को गोरापड़ाव हाथीखाल से हल्द्वानी बाजार आई थी। वह बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटी, तो परिवार ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी।

# बहुउद्देशीय शिविर का उठाया लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीबाग में आयोजित जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार बहुउददेशीय शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इस मौके पर अधिकांश शिकायतों का निपटारा विभागीय अधिकारियों ने तुरंत किया। शिविर में सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास चन्द्रेश कुमार यादव ने भाग लिया और आम जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं को मौके पर अधिकारियों को निदान करने के निर्देश दिए, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को समस्याओं के समाधान के बाद संबंधित लोगों से फीडबैक लेने की भी बात कही। चन्द्रेश कुमार यादव ने



शिविर में उपस्थित लोगों से कहा कि इन कैंपों के माध्यम से आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण, दूरस्थ और वंचित वर्गों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। इस दौरान, शिविर में 257 लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज की और अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर में रानीबाग क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बन्दरों के आतंक से वे परेशान हैं। कई लोगों को बन्दरों ने काटा है, इसके साथ ही उन्होंने कहा रानीबाग के आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत तार झूल रहे हैं, जिससे दुर्घटना हो सकती है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे ने अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह के भीतर तारों को ठीक करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों के दूरस्थ विद्यालयों को जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिया जाएगा, जिससे बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार हो सके। इसके लिए प्रत्येक जिलास्तरीय अधिकारी को एक विद्यालय गोद लेने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में 23 विभागों ने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया। स्वास्थ्य विभाग ने 131 लोगों की जांच की और औषधि वितरण की, जबकि कृषि विभाग ने दवाइयां, कृषि यंत्र और बीज वितरित किए। शिविर में दर्जा राज्यमंत्री शान्ति मेहरा, ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश बिष्ट, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग पर लगे रोक: जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड संख्या 11 के पार्षद रवि जोशी ने संयुक्त सचिव और नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर आवासीय भवनों में हो रही व्यावसायिक गतिविधियों पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वार्ड 11 समेत शहर के कई इलाकों में अधिकांश भवन आवासीय उद्देश्य से स्वीकृत हैं, लेकिन उनका उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा है। ज्ञापन के मध्यम से पार्षद रवि ने आरोप लगाया कि कई आवासीय भवनों को गोदाम, दुकान और अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किराये पर दे दिया गया है। इस संबंध में शिकायत करने पर विभागीय अधिकारी कई बार मामले को पार्षद के माध्यम से निपटाने की सलाह देकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं।

# श्री शिव कथा में देव दीपावली महोत्सव का हर्षोल्लास

## शिव कथा में देव दीपावली की छटा से जगमगा उठा पण्डाल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव कथा के अंतिम दिन कथा पंडाल में देव दीपावली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को शिव कथा समापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर दीप प्रज्जवलित कर व्यास जी से आर्शीवाद लिया।

एमबी इंटर कालेज मैदान में आयोजित सात दिवसीय शिव में आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डा. सर्वेश्वर ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व दीपावली की तरह ही विशेष महत्त्व रखता है। जिस प्रकार हम सब कार्तिक मास की



अमावस्या को दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक मास की पूर्णिमा को देवता स्वर्ग में दीपावली का पर्व मनाते हैं। इस दिन देवाधिदेव महादेव ने त्रिपुरारी रूप धारण कर त्रिपुर दहन किया था और देवताओं को त्रिपुरासुर के आतंक से मुक्त किया था। इसी प्रसन्नता में देवों ने स्वर्ग में दीपमाला कर दीपावली का पर्व मनाया, जिसे देव दीपावली अथवा कार्तिक दीपार्चना पर्व के नाम से जाना जाता है। कथा व्यास ने बताया कि ये त्रिपुर प्रतीक हैं सत्व, रज, और तम के त्रिगुणों के, जिन्होंने हमारी देहराज्य पर आधिपत्य स्थापित कर सद्गुणों को निष्कासित कर दिया है। पूर्ण सद्गुरु वो क्रोधाजित महायोगी होते हैं जो साक्षात् शिव रूप धारण कर साधक के भीतर आदिनाम के सुमिरन बाण से इन तीनों गुणों का अंत कर देते हैं, और अपने शिष्य को त्रिगुणातीत अवस्था प्रदान करते हैं। उसके बाद साधक के भीतर भी सद्गुणों के दीप जगमगाते हैं और वह पूर्ण ब्रह्म में स्थित हो जाता है। अत: देव दीपावली का पर्व यहीं संदेश देता है कि हम भी अपने जीवन में एक ऐसे सद्गुरु का आश्रय ग्रहण करें जो हमारी श्वासों के भीतर उस आदिनाम का सुमिरन प्रकट कर हमें ब्रह्म में स्थित कर दें। दिव्य गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज ब्रह्मज्ञान के माध्यम से आज समाज में प्रत्येक व्यक्ति को यहीं आदिनाम का बाण प्रदान कर उन्हें देवत्व की ओर अग्रसर कर रहें हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान इसी ब्रह्मज्ञान के लिए समाज के हर वर्ग का आह्वान करता है जिससे जन-जन में दैवीय गुणों यथा ऐक्य, शांति, प्रेम व सद्भावना का संचार कर इस धरा को ही स्वर्ग बनाया जा सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आरएसएस प्रचारक धनी राम, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, अंकित शर्मा, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, गीता बल्यूटिया, राजेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, भगवान सहाय, शिव अरोड़ा, दीवान सिंह डोगरा, ऋषभ ठाकुर, रितेश डाबर सहित कई शिवभक्त मौजूद रहे।

# स्टोन क्रशर और खनिज परिवहन वाहनों पर सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद में संचा. लित स्टोन क्रशर इकाइयों और खनिज परिवहन में लगे वाहनों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बिना ढके खनिज परिवहन और वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के अभाव के कारण धूल प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार खनिज सामग्री का परिवहन करने वाले सभी वाहन अब मजबूत तिरपाल से पूरी तरह ढककर ही खनिज का परिवहन करेंगे। खुले में खनिज परिवहन पाए जाने पर संबंधित वाहन और संचालकों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी स्टोन क्रशर परिसरों में धूल नियंत्रण के लिए नियमित रूप से जल छिड़काव करना अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में चालान, वाहन निरुद्धीकरण सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिका. रियों को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने जिला खान अधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 15 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैंसर से डरें नहीं, सही समय पर जांच व बचाव ही इसका समाधान: सीएमओ

## विश्व कैंसर दिवस: जिला अस्पताल रुद्रपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल रुद्रपुर में एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायिक सेवा के प्रतिनिधियों ने कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने कहा कि बदलती जीवनशैली और प्रदूषण के कारण कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। यदि हम तंबाकू, शराब और जंक फूड का त्याग कर दें, तो कैंसर के जोखिम को 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है, विशेषत: उनके द्वारा मुख कैंसर के प्रति आम-जनमानस को सचेत रहने की सलाह दी गई। भारत में मुख कैंसर महामारी की तरह फैल रहा है, तम्बाकू उत्पाद जिसका प्रमुख कारण है। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्तन कैंसर हेतु उपलब्ध मेमोग्राफी का आवश्यक प्रचार-प्रसार पर बल देने पर जोर दिया गया जिससे समय से उक्त रोग की पहचान हो सके। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा ने अस्पताल की सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पर स्क्रीनिंग ही कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। जिला अस्पताल में प्रारंभिक लक्षणों की जांच हेतु सभी आवश्यक परामर्श उपलब्ध हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने स्वास्थ्य अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मुफ्त इलाज और सहायता की कई योजनाएं संचालित हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र व्यक्ति कानूनी या आर्थिक बाधाओं के कारण उपचार से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों, जैसे शरीर में असामान्य गांठ या पुराने घावों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की प्राथमिक जांच की गई।

अंत में सभी उपस्थित जनों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डा. मधु माथुर, डा. अंकुर धवन, डा. सुनील उपाध्याय, डा. ऋचा पाण्डेय, सत्यपाल सिंह, हिमांशु, उमेश पाल, छवि अग्रवाल, विनय कुमार एवं अन्य स्टाफ और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नाबालिग को ले जाने का आरोपी राजस्थान से दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के चंगुल से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है और अब दोनों को न्यायालय में पेश करने की वैधानिक प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटनाक्रम की शुरुआत 28 नवंबर 2025 को हुई थी, जब कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। लापता किशोरी बगवाड़ा क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में काम करती थी। परिजनों ने अपनी खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर दी, जिसमें उन्होंने कंपनी में ही साथ काम करने वाले लखबीर सिंह पुत्र प्रदीप, निवासी जनपद गंगानगर (राजस्थान) पर उनकी बेटी को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने का सीधा आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल मनोज रतूड़ी ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई प्रियांशु जोशी को सौंपी थी। पुलिस टीम ने सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की और अंतत: लखबीर सिंह को दबोचकर नाबालिग को बरामद कर लिया। कोतवाल ने बताया कि मामले की आगे की विवेचना अब महिला सब-इंस्पेक्टर नेहा राणा को सौंप दी गई है। नियमानुसार नाबालिग लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है ताकि मामले में पोक्सो जैसी धाराओं के तहत अग्रिम साक्ष्य जुटाए जा सकें।

## एक नजर

# भाजपा संगठन में विभिन्न मोर्चो के तीनों मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा के काशीपुर जिला अध्यक्ष मनोज पाल एवं जिला मोर्चा अध्यक्षों की संस्तुति पर तीनों मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने मंडल के विभिन्न मोर्चा मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। नगर मंडल अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि अमित बग्गा (युवा), शीला कश्यप (महिला), अशोक कुमार (किसान), पदम सिंह (ओबीसी), अभिषेक सागर (एससी) एवं मोहम्मद समीर को (अल्पसंख्यक मोर्चा) का मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया।



इसी तरह भरतपुर-मेघावाला मंडल में देवेंद्र सिंह (युवा), अंजली (महिला), सुरेंद्र सिंह (किसान), सुनील कश्यप (ओबीसी), शुभम आर्य (एससी) व आरिफ अंसारी को (अल्पसंख्यक मोर्चा) के मंडल अध्यक्ष घोषित किया। महुआडाबरा मंडल में गौरव कश्यप (युवा), सुधा गोस्वामी (महिला), जितेंद्र सिंह (किसान), प्रमोद सैनी (ओबीसी), विनोद कुमार (एससी) व शरीफ खान को (अल्पसंख्यक मोर्चा) का मंडल अध्यक्ष घोषित किया। भरतपुर-मेघावाला मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, महुआडाबरा मंडल अध्यक्ष मनप्रीत सिंह समेत भाजपाईयों ने सभी को बधाई दी।

# पर्यवेक्षक संघ चुनाव में नरेंद्र सिंह अध्यक्ष और विनेश कुमार बने गन्ना की जोनल इकाई के मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गन्ना पर्यवेक्षक संघ की जोनल इकाई के नरेंद्र सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। दस दौरान विनेश कुमार को मंत्री और प्रियंका बधानी को संघ का कोषाध्यक्ष चुना गया।

गन्ना नादेही विकास परिषद में संघ के बाद बाद हुई बैठक में विगत वर्षो के सर्वेक्षण सहायक के भुगतान एवं कार्यालय में बैठने की उचित व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान इन प्रस्तावों को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उदल सिंह और चीनी मिल प्रबंधक सीएस इमलाल के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जोनल इकाई का गठन कर सभी पदाधिकारियों को संगठन हित कार्य करने को कहा गया है। साथ ही कार्यकारिणी गठन की सूचना जिला अध्यक्ष, मंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ को दी गई।

# चाकू व तलवारबाजी में तीन युवक घायल

■ **आपराधिक घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और डर का माहौल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मामूली कहासुनी व हिंसक झड़प में हुई चाकू व तलवारबाजी में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से संबंधित वायरल वीडियो में भीड़ के बीच एक-दो लोगों को तलवार से वार करते और लात-घूंसो से युवक को बेरहमी से पीटते हुए देखा जा सकता है। हालांकि विवाद के कारणों की अब तक अधिकारिक पुष्टि नही हो पायी है। हमले में घायल हुए युवकों की पहचान जावेद, नवाब और निसार के रूप में हुई है जो कि मूलरूप से इस्लामनगर खटीमा के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। उनकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जबकि एक घायल का उपचार खटीमा चिकित्सालय में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल हटाने को लेकर हुई कहा सुनी के चलते अचानक चाकू, तलवार चलने लगी जिसमें एक युवक का हाथ कट गया तो वहीं दूसरे युवक का पैर कट गया, एक तीसरा युवक भी हमले की चपेट में आकर घायल हो गया। वहीं घटना के विषय में जानकारी देते हुए खटीमा कोतवाल वीजेंद्र शाह ने बताया कि इस घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। पुलिस ने भी घटना से संबंधित कुछ लोगों को चिन्हित कर लिया है। शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

वहीं क्षेत्र के बिगड़ते कानून व्यवस्था को लेकर वर्तमान में होने वाले प्रांतीय व्यापार मंडल चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस के द्वारा गस्त बढ़ाई जाएगी और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं इस संगीन घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि दो हजार पच्चीस के दिसंबर महीने में तुषार शर्मा की हत्याकांड हुई थी। लोग अभी उस घटना को भूल भी नहीं थे कि जनवरी दो हजार छब्बीस में चाकूबाजी की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है। लगातार सामने आ रही इस प्रकार की आपराधिक घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और डर का माहौल बना हुआ है।

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

■ **पक्के अतिक्रमण को 15 दिन की मोहलत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बुधवार को बाजपुर पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने सख्त अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।



कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में यह कार्रवाई कोतवाली के सामने से मुंडिया तिराहे तक की गई। जहां सड़क और नाले तक किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और ठेला-रेड़ी संचालकों द्वारा सड़क पर फैलाए गए सामान को हटाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने 30 से 35 चालान काटे। इसके अलावा सड़क पर गलत तरीके से खड़े दोपहिया व चारपहिया वाहनों के ऑनलाइन चालान भी किए गए। अतिक्रमण में प्रयुक्त सामग्री को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने नगर में मौजूद पक्के अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुए संबंधित व्यापारियों को 15 दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि समयसीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रामराज रोड से अनाज मंडी क्षेत्र तक जैसे ही अभियान की सूचना सोशल मीडिया पर फैली, कई व्यापारियों ने दुकानों के बाहर रखा सामान तुरंत समेटना शुरू कर दिया, जिससे बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। अभियान से पहले कोतवाली में पुलिस अधिकारियों और चौकी प्रभारियों की बैठक आयोजित कर कोतवाल नरेश चौहान ने यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान एसएसआई विक्रम सिंह धामी, एसएसआई कैलाश चन्द्र नगर कोठी, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल, सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज दीपक कौशिक सहित अन्य पुलिसकर्मी और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनबी महाविद्यालय मे अखिल भारतीय विद्या परिषद के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न अनियमितताओं की जांच की मांगों को लेकर नैनीताल विभाग संयोजक नीरज धामी के नेतृत्व में प्राचार्य प्रो. पंकज पांडे को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि विभिन्न अनियमितताओं व भ्रष्टाचार में लिप्त रहे प्राध्यापकों की निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच समिति गठित कर कराई जाए। उन्होंने नियमानुसार समिति में समय-समय पर बदलाव किए जाने की भी मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ता ने कहा कि उनकी मांगों पर शीघ्र करवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में एबीवीपी नगर उपाध्यक्ष जतिन पांडे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वंशिका, जनक भंडारी, निखिल जोशी, सानिया, मनीष, नवल, दिव्यांश, प्रदीप सामंत, विक्की आदि मौजूद रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाए जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव योगेश सागर के निर्देशन में बुधवार को जिला चिकित्सालय बाजपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केलाखेड़ा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुरपट्टी में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों में मौजूद लोगों को कैंसर से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर के दौरान डॉक्टर रविंद्र साहू एवं डॉक्टर कृतिका ने स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, गले के कैंसर सहित अन्य कैंसर रोगों के कारण एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि तंबाकू, गुटखा एवं धूम्रपान से दूर रहें, क्योंकि यह कैंसर के प्रमुख कारण हैं। पीएलवी विधिक कार्यकत्री बृजबाला शर्मा ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष पूर्ण करने पर बालिकाओं को एक सिंगल डोज इंजेक्शन लगाए जाने से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानपुर पट्टी में डॉक्टर खालिद एवं सीएचओ आमिर खान ने लोगों को कैंसर से बचाव के लिए जागरूक करते हुए कहा कि यदि शरीर में कहीं भी गांठ या असामान्य लक्षण दिखाई दें तो समय रहते चिकित्सीय जांच अवश्य कराएं, ताकि गंभीर बीमारी से बचा जा सके। इस अवसर पर बृजबाला शर्मा, ममता शर्मा, निशा परवीन, डॉक्टर मुन्नी नगर कोटी, एएनएम शीतल, नर्स एकता आदि थे।

# बिना वैध दस्तावेज 115 निजी ट्रैक्टर व्यावसायिक में बदले

■ **आरटीआई से खुला बड़ा प्रशासनिक घोटाला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** काशीपुर स्थित एआरटीओ कार्यालय से जुड़ा एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 2025 के दौरान 115 निजी ट्रैक्टरों को बिना वैध दस्तावेजों के व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित कर दिया गया। इस पूरे प्रकरण का खुलासा सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता आसिम अजहर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी से हुआ है। मामले को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता आसिम अजहर ने परिवहन आयुक्त कार्यालय को स्पीड पोस्ट के माध्यम से विस्तृत लिखित शिकायत भेजते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आरटीआई से हुआ खुलासा शिकायत में बताया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत एआरटीओ कार्यालय काशीपुर से प्राप्त आधिकारिक उत्तर में स्वयं यह स्वीकार किया गया है कि 01 जनवरी 2025 से 23 दिसंबर 2025 के बीच कुल 115 निजी ट्रैक्टरों को व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित किया गया। हैरानी की बात यह है कि इन ट्रैक्टरों से संबंधित अनिवार्य दस्तावेज जैसे वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (RC), बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र एवं प्रदूषण प्रमाणपत्रकार्यालय में संधारित ही नहीं हैं। यह स्वीकारोक्ति गंभीर प्रशासनिक अनियमितता की ओर इशारा करती है।

कानून उल्लंघन का आरोप, शिकायतकर्ता का कहना है कि बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी वाहन को व्यावसायिक उपयोग में लाना मोटर वाहन अधिनियम 1988, केंद्रीय मोटर वाहन नियम (CMVR) तथा आरटीआई अधिनियम की धारा 4(1)(a) (रिकॉर्ड संधारण) का स्पष्ट उल्लंघन है। इतने बड़े पैमाने पर किए गए रूपांतरणों की पत्रावलियां उपलब्ध न होना संभावित भ्रष्टाचार, विभागीय मिलीभगत और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान की आशंका को भी जन्म देता है।

प्रशासन से प्रमुख मांगें परिवहन आयुक्त को भेजी गई शिकायत में मांग की गई है कि 115 ट्रैक्टरों के व्यावसायिक श्रेणी में रूपांतरण की विशेष जांच कराई जाए। बिना वैध दस्तावेज किए गए सभी रूपांतरणों को तत्काल निरस्त या निलंबित किया जाए। संबंधित एआरटीओ एवं लोक सूचना अधिकारियों की भूमिका तय कर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाए।जांच रिपोर्ट की प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाए।

आरटीआई कार्यकर्ता आसिम अजहर का कहना है कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा, जनहित और सरकारी राजस्व से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो यह मामला राज्य सूचना आयोग, सतर्कता विभाग और आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय तक ले जाया जाएगा।

अब इस पूरे मामले पर सभी की निगाहें परिवहन विभाग पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि परिवहन आयुक्त कार्यालय इस गंभीर शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है। स्वतंत्र जांच होती है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाता है।

# छात्राओं को सिखाए ऐपण कला के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने बुधवार को गति निर्धारक गतिविधि के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सितारगंज में रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान केजीबीवी की छात्राओं को कुमाऊं क्षेत्र की पारंपरिक लोककला ऐपण के गुर सिखाए।

कार्यशाला में ऐपण कला के इतिहास, इसके सांस्कृतिक महत्व और पारंपरिक उपयोगों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राकृतिक रंगों से ऐपण बनाने की विधि बताई गई। छात्राओं को स्वास्तिक, लक्ष्मी चरण, चौकी, दीप एवं पुष्प जैसी शुभ आकृतियों का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य ललिता कोहली, जवाहर नवोदय विद्यालय की शिक्षिका सुशीला जोशी, शिक्षक विनीत कुमार मिश्र सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# रेप व बालिका को भगाने के दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा दो अलग अलग मामलों में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाले एवं रेप के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 20 नवम्बर 2025 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी नाबालिग पुत्री बिना बताये घर से चली गयी है। नाबालिग बालिका की तलाश हेतु सीसीटीवी कैमरो की फूटेज तथा सर्विलांश की मदद से नाबालिग बालिका को मोदी मैदान के पास से बरामद कर अभियुक्त विशाल सक्सेना पुत्र स्व- रमेश सक्सेना निवासी महुआ गुण्डे थाना सेहरामाऊ जिला पीलीभीत को मौके से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में नाबालिग अपहर्ता ने बताया कि अभियुक्त विशाल सक्सेना उसे बहलाफुसला कर टोहाना (हरियाणा) ले गया था तथा आज ही वह उसको रूद्रपुर लेकर आया था। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कीर्ति भटट, उप निरीक्षक नेहा ध्यानी, अपर उप निरीक्षक भूपेंद्र कुमार, कांस्टेबल नन्दन राम व वीरेन्द्र रावत शामिल थे। निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि एक अन्य मामले में दो फरवरी को क्षेत्र निवासी एक महिला ने मुकदमा कराया था कि विपिन कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम हरदुआ थाना मिलक जिला रामपुर हाल निवासी आजाद नगर, वार्ड नं0-07, ट्रांजिट कैम्प द्वारा उसके साथ जबरदस्ती रेप कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस टीम ने विपिन कुमार उपरोक्त की तलाश हेतु सीसीटीवी कैमरो की फूटेज तथा सर्विलांश की मदद से मोदी मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कीर्ति भट्ट, उप निरीक्षक नेहा ध्यानी, कांस्टेबल वीरेन्द्र सिह मेहता शामिल थे।

# जंगली जानवरों से निजात दिलाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर वन प्रभाग कोसी रेंज के ग्राम टेडा गांव की गुस्साए महिलाओं ने कोसी रेंज में पहुंचकर कार्यालय प्रभारी एमसी पांडे का घेराव करते हुए जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की।

बुधवार को ग्राम टेडा की एक दर्जन महिलाएं कोसी रेंज पहुंची। गुस्साए महिलाओं ने कहा कि जंगली जानवर ग्रामीणों को लगातार परेशान कर रहे हैं। कहा कि खेतों में आकर फसल को खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से हाथी ने लगातार परेशान कर दिया है। बीते दिनों मवेशियों के लिए चारा लेने गई महिलाओं पर हमले का प्रयास किया था।महिलाओं ने भागकर अपनी जान बचाई। कहा कि हाथी लगातार गांव की तरफ आ रहा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। महिलाओं ने गांव में चारों ओर ताड़बाड़ और लाइटें लगवाने की मांग की है। वहीं टेडा गांव की ग्राम प्रधान रश्मि रावत ने भी रेंजर शेखर तिवारी से मुलाकात कर गांव में तारबाड़ और लाइटें लगवाने की मांग की है ।



रेंजर शेखर तिवारी ने कहा कि जल्द ही लाइटे लगाईं जाएंगी और ताड़बाड़ के लिए उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी। इस दौरान शांति देवी, कविता देवी, मंजू रावत, ममता रावत, गंगा देवी, दर्शानी देवी आदि मौजूद रहे।

# सभासद राजदीप तिवारी के दादा का शताब्दी समारोह, जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगरपालिका क्षेत्र बाजपुर के वार्ड नंबर 12 के सभासद राजदीप तिवारी के दादा एवं नगर पालिका के कर्मचारी समाजसेवी सीताराम तिवारी के पिता, भारतीय जनता पार्टी के समर्पित स्वयंसेवक भूषण प्रसाद तिवारी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा बाजपुर से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने भूषण प्रसाद तिवारी को शताब्दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों ने उनके सामाजिक योगदान, सरल जीवन और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, सशक्त जीवन और दीर्घायु होने की कामना की। शताब्दी समारोह में परिवारजन, नगर पालिका के कर्मचारी, स्थानीय नागरिक एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा, सम्मान और उत्साह से परिपूर्ण रहा। इस मौके पर, नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते,भाजपा नेता राजेश कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो ओवरलोड वाहन सहित चार वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार ओवरलोड वाहनों को सीज किया है। 45 वाहनों चालान भी किये गये है। साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है।

परिवहन विभाग की टीम ने एआरटीओ प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को सीज किया है। जिसमें एक ट्रैक्टर ट्रॉली, एक छोटे भार वाहन को ओवरलोड में सीज किया गया है। ट्रैक्टर ट्राली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत थी। जो व्यवसायिक कार्य करता पाया गया। जिसमें कुल 11 टन माल था। वही छोटे ओवरलोड वाहन में कुल तीन टन माल था। इसके साथ ही एक ऑटो को बिना फिटनेस और एक छोटे भार वाहन को बिना टैक्स के सीज किया गया है। 45 वाहनों के चालान भी किये गये है। साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है।

# कराटे प्रतियोगिता में उधमसिंह नगर ने झटके 23 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देहरादून में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में ऊधमसिंह नगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

जिले के खिलाड़ियों ने कुल 23 पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। कराटे कोच लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अंडर-14 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 11 कांस्य पदक अपने नाम किए। बालक वर्ग अंडर-14 के 40 किग्रा में हेम पुनेठा और 40 किग्रा से अधिक भार वर्ग में अरनव चंद ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में 55 किग्रा में यश राणा, 61 किग्रा में अनुज गंगवार, 68 किग्रा में पार्थ बिष्ट और 76 किग्रा से अधिक भार वर्ग में युवराज बोरा ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

बालिका वर्ग अंडर-14 के 40 किग्रा में सृष्टि राणा तथा अंडर-19 के 44 किग्रा वर्ग में खुशी ने स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, घनिष्ठ मिश्रा, राजा, सिमरनजीत कौर, नैन्सी और निखिल कोहली ने पदक विजेताओं को बधाई दी।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र इन्तजार अहमद को इसके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उससे अपने व अपने परिवारजन के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं तथा पुत्र इन्तजार अहमद को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिवारजन का मेरे पुत्र इन्तजार अहमद से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**अबरार अहमद पुत्र श्री नन्हें बक्श**
**निवासी-चारूबेटा, तहसील व थाना खटीमा, झनकईया**
**जिला उधमसिंह नगर**

# केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर टिप्पणी को लेकर भड़के भाजपाई

■ संसद विवाद के बाद गदरपुर में राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी व पुतला दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** संसद के बाहर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पंजाब से भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ कथित रूप से अपशब्दों का प्रयोग किए जाने के विरोध में गदरपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेन बाजार में राहुल गांधी का पुतला दहन किया और नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारे लगाए और उनके बयान की कड़ी निंदा की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि राहुल गांधी का यह व्यवहार संसद की गरिमा के खिलाफ है और देश के एक जिम्मेदार केंद्रीय मंत्री का अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि राहुल गांधी लगातार असंसदीय भाषा का प्रयोग कर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू जैसे वरिष्ठ नेता, जो पंजाब के रहने वाले हैं और केंद्र सरकार में मंत्री हैं, उनके खिलाफ इस तरह की भाषा निंदनीय है। भाजपा कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करते रहेंगे।उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी को अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्धा की मौत, दामाद घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** तेज रफ्तार सिलेंडर से लदे ट्रक ने बुधवार को एक स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी चला रहा उसका दामाद घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, वार्ड एक बलीनगर निवासी 65 वर्षीय बानो बेगम पत्नी नवी शाह बुधवार दोपहर सरक.ारी अस्पताल से दवा लेकर अपने दामाद के साथ स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वे महाराणा प्रताप चौक से चोरगलिया मार्ग की ओर जाने वाले रास्ते पर होटल श्री हरि के सामने पहुंचे, गैस सिलेंडरों से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बानो बेगम सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक उन्हें काफी दूर तक रौंदता चला गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी चला रहा दामाद घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक ललित चौधरी, सिपाही चंद्र



प्रकाश, तरुण चौधरी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परि.जनों में कोहराम मचा है। एसआई ललित चौधरी ने बताया कि पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## एक नजर

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर व्यवसायी से 28.85 लाख रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** साइबर अपराधियों ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक नया और बेहद शातिर जाल बुनते हुए काशीपुर के एक व्यवसायी को करीब 28.85 लाख रुपये की चपत लगा दी । ठगी की यह वारदात फेसबुक विज्ञापन से शुरू होकर एक फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप और फिर प्ले स्टोर पर मौजूद एक संदिग्ध ऐप के जरिए अंजाम दी गई। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ आपराधिक षडयंत्र और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

ठगी के इस सुनियोजित सिलसिले की शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई, जब काशीपुर के ओझान मोहल्ला निवासी एकांत जैन पुत्र स्व- रजत कुमार जैन ने अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर बाजार में निवेश से जुड़ा एक आकर्षक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप पर रिडायरेक्ट कर दिया गया। इस ग्रुप में ठगों ने एडमिन के रूप में कई मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया था, जो खुद को शेयर मार्केट विशेषज्ञ बताते थे। ग्रुप में एकांत जैन के अलावा कई अन्य लोग भी जुड़े थे, जो लगातार आईपीओ और शेयरों में निवेश से हो रहे भारी मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा करते थे। इन फर्जी दावों और ग्रुप के अन्य सदस्यों के (जो संभवतः ठगों के साथी थे) कृत्रिम उत्साह से प्रेरित होकर पीड़ित ने भी निवेश करने का मन बना लिया। विश्वास जीतने के लिए ठगों ने एकांत को एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस ऐप की विश्वसनीयता साबित करने के लिए ठगों ने गूगल प्ले स्टोर का एक लिंक साझा किया, जिससे पीड़ित को शक नहीं हुआ। ठगों के निर्देशानुसार, एकांत जैन ने 10 दिसंबर 2025 को पहली बार 50 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से स्थानांतरित किए। इसके बाद मुनाफे का लालच देकर ठगों ने उनसे किश्तों में मोटी रकम वसूलनी शुरू कर दी। 10 दिसंबर 2025 से 13 जनवरी 2026 के बीच पीड़ित ने कुल 28,85,000 रुपये ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में जमा कराए। इन खातों में एक्सिस बैंक की एमएच इंटरप्राईजेज यस बैंक मुरादाबाद, इंडसइंड बैंक की 'राईस ब्लिस ट्रेडर्स' और साउथ इंडियन बैंक जैसे संस्थानों के खाते शामिल थे। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित ने ऐप के वॉलेट में दिख रही अपनी रकम को निकालने (विड्रॉल) का प्रयास किया। जैसे ही उन्होंने निकासी के लिए आवेदन किया, ऐप ने उनके ट्रांजैक्शन पर रोक लगा दी। जब एकांत ने ग्रुप एडमिन से संपर्क किया, तो उन्होंने पैसे देने के बजाय टैक्स और अन्य शुल्कों के नाम पर और अधिक धनराशि की मांग शुरू कर दी। ठगों के इस रवैये से पीड़ित को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत भारत सरकार के साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई, लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण उनके दो परिचितों के खाते भी फीज हो गए, जिन्हें अब पुलिस के माध्यम से खुलवाने की प्रक्रिया चल रही है। साइबर थाना पुलिस ने अब इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच शुरू कर दी है, जिसमें उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की ट्रेसिंग की जा रही है जिनके जरिए इस बड़ी डिजिटल डकैती को अंजाम दिया गया।

# बिना फिटनेस व बीमा के चल रहे वाहनों पर रोक लगाने की मांग

■ उपजिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन
■ यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र में बिना मानकों के संचालित टैम्पो व बसों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी बाजपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में काशीपुर, दोराहा, बाजपुर, हल्द्वानी बस यूनियन एवं काशीपुर, दोराहा, रुद्रपुर बस यूनियन द्वारा संचालित बसों और टैम्पो के संचालन पर गंभीर सवाल उठाए गए। ज्ञापन देने वाले योगेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष ई-रिक्शा वेलफेयर समिति बाजपुर ने बताया कि क्षेत्र में संचालित कई बसों व टैम्पो का बीमा, फिटनेस और टैक्स अवधि समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वे सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे वाहन न केवल यात्रियों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं, बल्कि राज्य के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने पूर्व में गडप्पू जंगल के पास हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना का हवाला देते हुए कहा कि उस घटना में कई लोगों की जान चली गई थी और अनेक यात्री घायल हुए थे। बावजूद इसके, बस यूनियनें आज भी बिना फिटनेस और मानकों के वाहनों का संच.ालन कर रही हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

ज्ञापन में उपजिलाधिकारी से मांग की गई कि सभी बसों व टैम्पो का पूर्ण सत्यापन कराया जाए और जो वाहन अनफिट पाए जाएं, उनका संचालन तत्काल प्रभाव से रोका जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# चंपावत जिला पत्रकार संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

■ एडीएम डा. महर व विधायक प्रतिनिधि रहे मुख्य अतिथि, पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला पत्रकार संगठन चंपावत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली ने की, जबकि संच.ालन सतीश जोशी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मदन महर, विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी एवं विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. मदन महर ने संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी व देवेंद्र देवा, उपाध्यक्ष भगवान राम, महासचिव गिरीश बिष्ट, सचिव शुभम गौड़ तथा कोषाध्यक्ष दिनेश भट्ट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पूर्व



पत्रकारों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. मदन महर ने सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने पत्रकारिता काल को याद किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान पत्रकारों की लेखनी पर शासन का विशेष भरोसा था, जिसके आधार पर अनेक आंदोलनकारियों को मान्यता देकर सरकारी सेवाओं से जोड़ा गया। उन्होंने पत्रकारों से जनता की आवाज बनने और अपने कार्य-व्यवहार में विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया।

अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी ने कहा कि सीमांत जिले चंपावत के पत्रकारों की सोच एवं लेखनी में चिंतन, मनन और मंथन की विशेष धार है, जिससे जिला लगातार नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि चंपावत को एक मॉडल जिले के रूप में विकसित होते हुए सभी लोग साक्षी बनने जा रहे हैं, जो हिमालयी राज्यों को नई दिशा और दशा देगा। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने मुख्यमंत्री की ओर से सभी पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि शीघ्र ही जिले के पत्रकारों के साथ संवाद की व्यवस्था की जाएगी, जिससे जिले के नियोजन को नया स्वरूप मिलेगा। उन्होंने प्रेस क्लब की स्थापना की पहल का उल्लेख करते हुए पत्रकारों को देहरादून में आयोजित उत्तरायणी कौतिक मेले में आमंत्रित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के सभी पत्रकार एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और संगठन को नई दिशा देंगे। जिला महामंत्री गिरीश बिष्ट ने संगठन की भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पाण्डेय, मोहन राजपूत एवं चंद्रशेखर जोशी ने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया।

इस अवसर पर रुद्रपुर से आए वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत, टनकपुर के राजेश देउपा, डॉ. महेश ढेक, मनदीप ढेंक, महेश चौडाकोटी को सम्मानित किया गया। पंकज पाठक सहित अन्य पत्रकारों ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में जिले भर सभी पत्रकारों ने अपनी भागीदारी की।

# उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी का रंगारंग समापन



**मुख्यमंत्री धामी ने किया उत्तराखंड के सितारों का सम्मान**
**पिथौरागढ़ के कलाकारों और छलिया दल ने भी दिखाई प्रतिभा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** देश की राजधानी दिल्ली के रोहिणी में आयोजित भव्य उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लो.कगायक और गायिकाओं ने अपने गीतों से हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया।

यह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं था बल्कि इस आयोजन के माध्यम से उत्तराखंड के विविध क्षेत्रों में कार्य कर रहे सितारों को भी सम्मानित किया गया। महोत्सव के द्वितीय दिवस उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति रही ।अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री धामी ने हम सबका उत्तराखंड संस्था के प्रयासों की सहारना की। उन्होंने कहा की हजारों की संख्या में दर्शकों की उपस्थिति उत्तराखंड महोत्सव की सफलता की कहानी कह रही है। हम सभी को अपनी संस्कृति , विरासत एवं परम्पराओं की समृद्धि के लिए सदैव संकल्पित रहने कि आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सेवा और सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर चुके इंडियन स्पाई, पूर्व एनएसजी कमांडो लक्की बिष्ट, सुप्रसिद्ध चिकित्सक,प्राचार्य मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी गो.विंद सिंह तितयाल, सुप्रसिद्ध यू ट्यूबर सौरभ जोशी, सुप्रीम कोर्ट में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के एडवोकेट मनोज गोरकेला, मिस यूनिवर्स महाराष्ट्र 2024 प्रांजल प्रिया, अभिनेत्री स्नेहा बिष्ट, वीएफएक्स एंड क्रिएटिव डायरेक्टर विनय सिंह चुफाल , पर्वतारोही पद्मश्री लवराज सिंह धर्मशक्तू, चाँदनी इंटरप्राइजेज के संस्थापक, संस्कृति एवं विरासत को नया आयाम देने वाले नरेंद्र टोलिया एवं सुप्रसिद्ध लोकगायिका कल्पना चौहान को उत्तराखंड के सितारे सम्मान से सम्मानित किया गया।

महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सड़क,परिवहन ,भूतल राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा की उपस्थिति रही। केंद्रीय मंत्री ने भी आयोजक मंडल को भव्य महोत्सव के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। उन्होंने कहा की दिल्ली में ऐसे आयोजन अपनी बोली ,भाषा और परंपराओं को मजबूती प्रदान करते हैं। कलाकारों एवं उत्तराखंडी उत्पादों को राष्ट्रीय फलक भी मुहैय्या करवाते हैं। उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी में प्रकाश रावत एंड पार्टी के छलिया दल में शानदार प्रस्तुतियां दी। तीन दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी की अपार सफलता के लिए मुख्य आयोजक अनिल पानू, संस्था के अध्यक्ष मनोज भंडारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मेहरा, संयोजक उत्तराखंड की खोज जगजीवन कन्याल, मेला डायरेक्टर स्नेहा बिष्ट और सुरक्षा प्रमुख विक्रम गोस्वामी ने समस्त आगंतुकों,दर्शकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तीन दिवसीय महोत्सव में गोविन्द दिगारी, कल्पना चौहान, किशन महिपाल, दर्शन फरस्वान,स्वाति भट्ट , चंद्र प्रकाश,रोहित चौहान, नीरज चुफाल, प्रकाश रावत , नवराज भैसोड़ा, हरू जोशी समेत दर्जनों कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

# तराई किसान भूमि सुधार समिति की हुई बैठक

■ हरी भरी लहलहाती फसल रौंदने के मामले की घोर निंदा
■ 80 प्रतिशत लोग आपसी सामंजस्य से विवादित भूमि पर हैं काबिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** तराई किसान भूमि सुधार समिति की बैठक में शासन-प्रशासन की शह पर दमगडा स्थित तलवार फार्म की बेशकीमती फसल रौंदकर किए गए कब्जे की घोर निंदा की गई। वक्ताओं ने 125 एकड़ भूमि पर खड़ी, लहराती हरी-भरी फसल को अमानवीय तरीके से रौंदने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

तराई किसान भूमि सुधार समिति महासचिव एवं वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी के आवास पर हुई बैठक में क्षेत्र के किसानों की बैठक में किरन तलवार की भूमि पर न्यायालय की आड़ में पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में फसल को उजाड़ने एवं भूमि पर बिना नंबरों वाले ट्रैक्टरों से जोत कर कब्जे लेने की कार्रवाई की घोर निंदा की गई। किसानों ने कहा कि यह कार्य विधिवत होनी चाहिए थी। वेश कीमती फसल को 145 की कार्रवाई के तहत विधी संगत कब्जा लेना चाहिए था। किसानों ने खड़ी फसल बर्बाद कर दी गई कब्जे की कार्रवाई को भूमाफियाओं का नंगा नाच बताया और कहा कि इस घटिया स्तर की कार्रवाई से इस तराई की पट्टी पर बुरा असर पड़ सकता है। तराई किसान भूमि सुधार समिति के महासचिव भगवान जोशी ने कहा कि खटीमा क्षेत्र में 80 प्रतिशत आबादी विवादित जनजाति की भूमि पर काबिज हैं। इस तरह के कई द्विपक्षीय मामले न्यायालय के समक्ष जा चुके हैं। इन विवादों का अभी तक स्थाई समाधान नहीं हो सका है। आपसी सामंजस से विवादित भूमि पर बैठे 80% परिवारों के लिए इस प्रकार के मामले घातक सिद्ध हो सकते हैं। शासन स्तर पर इस तरह के विवादों की जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि हरी-भरी लहराती फसल को रौंदने का कोई दुस्साहस न कर सके। वक्ताओं ने कहा कि किरण तलवार के साथ जमीन छींनने का जो गलत तरीका अपनाया गया वह बेहद शर्मनाक एवं निंदनीय है । भूमि विवाद में खड़ी हरी लहलहाती फसल को उजाड़ना किसी भी स्थिति में न्याय संगत नहीं हो सकता है। यह मामला तराई भूमि विवाद के लिए नजीर न बने इसमें उच्च स्तर पर विचार करना होगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता किशन सिंह भंडारी एवं संचालन भगवान जोशी ने किया। इस अवसर पर केसर सिंह चौहान, राजेंद्र चंद, चंचल सिंह दिगारी, पूरन सामंत, शिवराज सामंत, उमेश पाल, नरेश चंद्र रजवार, नरेंद्र तिवारी, कैप्टन राम सिंह, सुरेश चंद्र, कैप्टन दान बहादुर चंद, कुंवर सिंह खनका, सूबेदार भीमचंद, मनोहर सिंह आदि सम्मिलित थे।


# जनसेवा केंद्र संचालक पर महिला से लाखों की ठगी का आरोप

■ एसडीएम व पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील बाजपुर क्षेत्र के महेशपुरा गांव की रहने वाली एक महिला ने जनसेवा केंद्र संचालक पर लोन की राशि हड़पने और धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बुधवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय तथा पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने एसडीएम कार्यालय के बाहर 15 मिनिट का धरना दिया। महेशपुरा निवासी नरगिस पत्नी हसनैन अली ने बताया कि उन्होंने बैंक से लगभग 6 लाख 10 हजार रुपये का लोन लिया था। लोन की राशि उनके खाते में आई या नहीं। इसकी जानकारी लेने के लिए वह गांव महेशपुरा स्थित देवभूमि जनसेवा केंद्र पहुंचीं। पीड़िता का आरोप है कि जनसेवा केंद्र पर संच.ालक ने बार-बार उनसे मशीन पर अंगूठा लगवाया गया और हर बार यह कहा गया कि लोन की राशि अभी खाते में नहीं आई है। इसी बहाने आरोपी लंबे समय तक उन्हें केंद्र बुलाते रहे। बाद में जब पीड़िता ने 12 सितंबर 2025 को बैंक ऑफ बड़ौदा जाकर जानकारी ली। तो बैंक से पता चला कि लोन की पूरी राशि उनके खाते में



पहले ही आ चुकी थी और जनसेवा केंद्र से कई बार निकासी भी हो चुकी है। यह जानकारी मिलने पर पीड़िता को गहरा सदमा लगा। जब उन्होंने जनसेवा केंद्र जाकर पूछताछ की तो आरोप है कि संचालक ने गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और दुकान से भगा दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी संचालक ने धोखे से उनके अंगूठे का उपयोग कर खाते से पैसे निकाल लिए और कुछ रकम अपने खातों में भी ट्रांसफर कर ली। इस संबंध में पीड़िता ने पहले भी पुलिस चौकी दोराहा में शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने एसडीएम कार्यालय और पुलिस को दोबारा लिखित शिकायत देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# यूथ कांग्रेस ने खोली विधायक पुत्र अतुल पांडे की कथित जालसाजी की परतें

■ विधायक अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पर जनजाति समाज की 3 एकड़ भूमि हथियाने का आरोप
■ भूमि घोटाले को लेकर सियासी घमासान :यूथ कांग्रेस ने विधायक पुत्र को बताया भू-माफिया
■ बुक्सा जनजाति समाज की भूमि 24 घंटे में हुई भूमिधरी, 9 साल बाद बेचने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** उत्तराखंड की राजनीति गलियारों में एक बार फिर भूमि घोटाले को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। गदरपुर से भाजपा विधायक अरविंद पांडे के पुत्र अतुल पांडे पर बुक्सा जनजाति समाज की भूमि को जालसाजी से हथियाने और बाद में बेचने का आरोप लगाकर यूथ कांग्रेस ने खुला मोर्चा खोल दिया है।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने प्रेस वार्ता कर कहा कि यह मामला केवल जमीन का नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के अधिकारों को कुचलने का है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2010 में राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद उप जिलाधिकारी कार्यालय बाजपुर में धारा 229-बी के अंतर्गत एक वाद दर्ज कराया गया था। भुल्लर के अनुसार, बुक्सा जनजाति समाज की जिस भूमि पर विवाद था, उसे राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट लगने के बाद मात्र 24 घंटे के भीतर भूमिधरी घोषित कर दिया गया। यह आदेश दिनांक 20 जनवरी 2011 को तत्कालीन सहायक कलेक्टर/उप जिलाधिकारी प्रथम श्रेणी बाजपुर फिंचाराम चौहान द्वारा दिया गया था। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि आखिर इतनी जल्दी किस आधार पर भूमिधरी का आद.ेश पारित किया गया उन्होंने कहा कि आम आदमी के मामलों में वर्षों तक फाइलें तहसील में धूल फाकती रहती हैं, लेकिन यहां सत्ता से जुड़े व्यक्ति के लिए कानून को रातों-रात बदल दिया गया। भुल्लर ने आरोप लगाया कि भूमिधरी घोषित कराने के बाद वर्ष 2020 में उक्त भूमि को आगे बेच दिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शुरुआत से ही मंशा जमीन हड़पने और मुनाफा कमाने की थी। उन्होंने इसे संगठित भू-माफिया गतिविधि करार दिया।

प्रेस वार्ता में दस्तावेज दिखाते हुए भुल्लर ने कहा कि जनजाति समाज की जमीन को बेचकर न केवल कानून का उल्लंघन किया गया, बल्कि संवैधानिक संरक्षण प्राप्त आदिवासी अधिकारों पर भी सीधा हमला किया गया है। यूथ कांग्रेस ने भाजपा विधायक अरविंद पांडे पर आरोप लगाया कि उनके संरक्षण में इस पूरे प्रकरण को अंजाम दिया गया।

भुल्लर ने कहा कि यदि विधायक का इसमें कोई रोल नहीं था तो वे स्वयं जांच की मांग क्यों नहीं कर रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में चुप्पी साधे रखी तो यूथ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। जनजाति समाज को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

फिलहाल यह मामला प्रदेश की राजनीति में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। अब देखना होगा कि आरोपों से घिरी भाजपा और प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

वही अचानक सुमित्तर भुल्लर के निवास पर पहुंचे विधायक अरविंद पांडे से इस संबंध में वार्तालाप की गई तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब ना देते हुए बात को घुमा दिया

## गावाहों के शपथ पत्रों पर हस्ताक्षर तक नहीं

**गदरपुर।** जनजाति समाज की भूमि से जुड़ी कथित जालसाजी का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिन गावाहों के शपथ पत्रों के आधार पर जनजाति समाज की भूमि को भूमिधरी किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि उस पर किसी भी व्यक्ति के हस्ताक्षर मौजूद नहीं थे। शपथ पत्र में ग्राम प्रधान सेमलपुरी सहित नारायण सिंह, प्रीतम सिंह, कन्हाई सिंह और तुला सिंह के नाम गवाह के रूप में अंकित किये गए है लेकिन दस्तावेज पूरी तरह बिना हस्ताक्षर के पाए गए। जोकि पूरे प्रकरण को और संदेहास्पद बनाता है और राजस्व अधिकारियों की कार्य प्रणाली को उजागर करता है।

## भाजपा की चुप्पी खड़े कर रही है कई सवाल

गदरपुर में बुक्सा समाज को लेकर सियासत अब खुलकर सामने आ गई है। श्रद्धा राजा जगत देव के नाम पर भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही दल जनजाति समाज को रिझाने की होड़ में जुटे दिखाई दे रहे हैं। पहले भाजपा विधायक और संगठन के प्रदेश मंत्री द्वारा बुक्सा समाज को साधने के लिए राजा जगदेव की मूर्ति की स्थापना कर राजनीतिक संदेश दिया गया। अब उसी भाजपा पर बुक्सा समाज की जमीन को जालसाजी से हड़पकर बेचने के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

कांग्रेस इस मुद्दे को जनजाति समाज के अधिकारों से जोड़कर भाजपा को घेरने में लगी है, तो भाजपा की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। जानकारों का कहना है कि श्रद्धा और सम्मान के नाम पर शुरू हुई यह कवायद अब सीधे वोट बैंक की राजनीति में तब्दील हो चुकी है। सवाल यह है कि बुक्सा समाज को सम्मान मिलेगा या फिर वह केवल राजनीतिक मोहरे बनकर रह जाएगा।

## नाटकीय अंदाज में सुमित्तर भुल्लर के आवास पर पहुंचे अरविंद पांडे

**गदरपुर।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस वक्त सियासी माहौल और गर्मा गया, जब भाजपा विधायक अरविंद पांडे अचानक उनके निवास पर पहुंच गए। प्रेस वार्ता में जहां भुल्लर विधायक पुत्र पर बुक्सा समाज की भूमि हड़पने के गंभीर आरोप लगा रहे थे, वहीं उसी समय विधायक की



मौजूदगी ने पूरे घटनाक्रम को नाटकीय बना दिया। विधायक के पहुंचते ही मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं और मीडिया की निगाहें टिक गईं। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से एक दूसरे से हाथ मिलाया ओर विधायक ने सुमित्तर को अपना छोटा भाई बताया। हालांकि किसी प्रत्यक्ष टकराव की स्थिति नहीं बनी, लेकिन इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को और अधिक चर्चा में ला दिया।

# जलभराव वाले क्षेत्रों को मिली ग्रीष्मकालीन धान की सशर्त अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2025 के बाद से जिले में ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी तैयार करने और रोपाई पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू है। जिले में अनाधिकृत रूप से तैयार की जा रही धान की नर्सरियों को नष्ट करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। हालांकि, प्रशासन ने जलभराव वाले उन खेतों को राहत दी है। जहां मक्का की खेती संभव नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी और रोपाई की अनुमति निर्धारित प्रक्रिया के तहत दी जा सकेगी। इसके लिए कृषकों को कृषि विभाग के विकासखंड या न्यायपंचायत कार्यालय और राजस्व विभाग में आवेदन करना होगा। इसमें भूमि का विवरण अनिवार्य होगा। कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर एक सप्ताह के अंदर आख्या प्रस्तुत करेंगे। भूमि उपयुक्त पाए जाने पर एसडीएम कार्यालय से अनुमति जारी होगी। डीएम ने कहा कि अनुमति व्यक्तिगत आधार पर ही दी जाएगी, सामूहिक रूप से पूरे गांव या क्षेत्र को नहीं दी जाएगी।

# 'आर्थिक अपराध विश्वास पर गहरा आघात'

## करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी जीएमएफएक्स ग्लोबल कंपनी के मालिक विमल रावत की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अदालत ने करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी जीएमएफ एक्स ग्लोबल कंपनी के मालिक आदर्श नगर देवलचौड़ निवासी विमल रावत की जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियुक्त पर अपनी कंपनी जीएमएफ एक्स ग्लोबल के माध्यम से निवेश को दोगुना करने का लालच देकर हजारों लोगों से धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप है। न्यायालय ने माना कि यह मामला केवल दीवानी प्रकृति का लेनदेन नहीं बल्कि जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के लिए की गई एक सुनियोजित साजिश है। मामले की शुरुआत हल्द्वानी निवासी पार्थ परासर की शिकायत से हुई। उन्होंने 22 नवंबर 2024 को हल्द्वानी थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोप लगाया था कि बिमल रावत, उसकी पत्नी रूबी रावत और सहयोगी अनूप कंडारी ने उन्हें 25-30 महीनों में निवेश दोगुना



करने का आश्वासन दिया था। शिकायत कर्ता ने अपनी पत्नी के खाते से 10 लाख का निवेश किया था जिसमें से 8.10 लाख वापस नहीं किए गए। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि कंपनी ने लगभग 6 हजार लोगों से 8 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ का वादा कर करीब 39 करोड़ की भारी-भरकम राशि एकत्रित की थी। सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने तर्क दिया कि अभियुक्त ने अपनी कंपनी का भारतीय रिजर्व बैंक में कोई पंजीकरण नहीं कराया था। कहा कि बिना किसी वैधानिक अधिकार के अभियुक्त बैंकिंग और वित्तीय गतिविधियां चला रहा था। अभियोजन ने आरोप लगाया कि निवेशकों से प्राप्त करोड़ों रुपये का उपयोग अभियुक्त ने अपने नाम पर विभिन्न स्थानों पर संपतियां खरी. दने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया, जो सीधे तौर पर गबन की श्रेणी में आता है।

सुनवाई के दौरान अभियुक्त के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि यह मामला आपसी अनुबंध और पैसे के लेनदेन से संबंधित है जो दीवानी प्रकृति का है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न दृष्टांतों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी किन्तु न्यायाधीश ने इन तर्कों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस मामले में लेनदेन की शुरुआत से ही छल और धोखाधड़ी की मंशा साफ दिखाई देती है इसलिए इसे केवल अनुबंध का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने अपने आदेश में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आम जनता की गाढ़ी कमाई से जुड़े ऐसे आर्थिक अपराध समाज और सार्वजनिक विश्वास पर गहरा आघात हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि अभियुक्त ने सुनियोजित और संगठित तरीके से निरंतर आर्थिक अपराध किया है जिस पर उत्तराखंड जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के कड़े प्रावधान लागू होते हैं। ऐसे में अभियुक्त को जमानत देना न्यायोचित नहीं होगा। वर्तमान में इस मामले की विवेचना जारी है और कई अन्य निवेशकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। न्यायालय ने विवेचना के लंबित होने तथा निवेशकों को प्रभावित किए जाने की आशंका और अभियुक्त के फरार होने की संभावना को देखते हुए उसे रिहा करने से इनकार कर दिया। यह आदेश उन वित्तीय संस्थानों के लिए एक कड़ी चेतावनी है जो बिना अनुमति के जनता को लुभावने निवेश का झांसा देकर ठगने का काम करते हैं।

### संदीप सिंह के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी बाजपुर निवासी संदीप सिंह के खिलाफ निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की एकलपीठ में हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आरोपी के खिलाफ 1 नवंबर 2023 को बाजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें पीड़िता ने शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। आरोपी की ओर से तर्क दिया गया कि यह आपसी सहमति से संबंध था, जिसे बाद में दुष्कर्म का रूप दिया जा रहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को तय की है और तब तक कार्यवाही को स्थगित कर दिया है।

## एक नजर

### घर के पास बेसुध पड़ा मिला युवक, मौत

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती भूमियाधार क्षेत्र में युवक के घर के समीप ही संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। बेसुध युवक को ग्रामीणों ने तुरंत वाहन से राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीतालल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार भूमियाधार निवासी इंदर कुमार (35) को पड़ोसियों ने घर के समीप बेसुध पड़ा हुआ देखा। परिजनों को जानकारी देने के साथ ही पड़ोसी उसे तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवक के देर रात घर के समीप गली में गिर गया था, जिसके उसके सिर में भी चोट लगी थी। देर रात किसी के न देखने के चलते सुबह युवक को अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनीताल।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल के स्वयं सेवकों द्वारा बुधवार को डीएसए ग्राउंड नैनीताल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। बता दें इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, नारायण नगर वार्ड के पार्षद भगवत सिंह रावत तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भावना आर्या, सुरेश सिंह, राजेश कुमार लोहनी एवं रजनीश भुटानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा डीएसए ग्राउंड परिसर की साफ-सफाई की गई तथा आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिक. ाध्यक्ष एवं पार्षद द्वारा स्वयंसेवकों को मास्क एवं दस्ताने वितरित किए गए ताकि स्वच्छता कार्य सुरक्षित रूप से किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**नैनीताल।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यातायात दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए प्रदेश में 16 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है। एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश में एसपी डा. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके तहत बुधवार को नैनीताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल व एसआई मो. यूनुस ने टैक्सी वाहनों, बसों तथा बाइकों में रेडियम पट्टी लगाई साथ ही रेडियम पट्टी के फायदे बताए। इस दौरान ड्राइवरों तथा जेमू बस चालकों व स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी साथ ही ओवर लोडिंग, तेज रफ्तार तथा शराब पीकर वाहन न चलने की अपील की। उन्होंने नियमों के उल्लंघन करने पर की जाने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी।

### सरस्वती विहार शांतिपुरी में 2000 क्षमता के हाल का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** बुधवार को शांतिपुरी सरस्वती विहार स्थित हीरावती माधवानंद जोशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने 2000 क्षमता वाले हॉल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। भूमि पूजन प्रातः 11 बजे पंडित दीप चंद्र जोशी ने संस्था के अध्यक्ष सर्वदमन सिंह, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में संपन्न करवाई। संस्था अध्यक्ष सर्वदमन सिंह ने बताया कि विद्यालय में बनाए जा रहे इस हाल में उचित मेटिंग, बैठक व्यवस्था, माइक व्यवस्था, हाईटेक शौचालय, चेंजिंग रूम, लाइटिंग व्यवस्था व लिफ्ट समेत सभी प्रकार के अत्याधुनिक एवं वातानुकूलित सुविधाएं होंगी। जिसका विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ क्षेत्रवासियों को भी व्यापक लाभ मिलेगा। इस दौरान अध्यक्ष सर्वदमन सिंह, प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जोशी, प्रबंधक राजकुमार खनिजो, दीपक जोशी मौजूद रहे।

### माल रोड पर गलत दिशा में कार दौड़ाना पर्यटकों को पड़ा भारी

**नैनीताल।** नैनीताल की माल रोड पर पर्यटकों को कार दौड़ाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटकों को रोककर यातायात नियमों का उल्लंघन कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार बुधवार को अपर माल रोड पर यूपी से आए पर्यटक कार से गलत दिशा से मल्लीताल पहुंच गए। पुलिस के रोकने पर भी पर्यटक नहीं रूके तो मल्लीताल में पुलिस ने पर्यटकों की कार को रोक लिया। पुलिस ने गलत दिशा में आने की बात कहते हुए पर्यटकों से चालान करने की बात कही तो वह पुलिस से उलझने लगे, साथ ही पर्यटक कई लोगों को फोन कर पुलिस से बात करने को कहने लगे लेकिन नियमों की जानकारी देने के बाद पर्यटक शांत हो गए। एसआई युनूस ने बताया कि गलत दिशा में कार चलान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पीलीभीत निवासी यूपी निवासी दया वर्मा के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की है। इसके अलावा यातायात नियमों का उलंघन करने पर 8 अन्य के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई है।

## ग्राम सभा धूरा के जौरासी में समाजसेवी शीलू कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जौरासी ग्राम सभा धूरा में समाजसेवी शीलू कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। लोगों ने पानी की समस्या और किसानों को उचित दाम न मिलने की परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। बता दें शीलू कुमार ने इन मुद्दों पर चर्चा की तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग और अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की इसके साथ ही कई ग्रामीणों को आर्थिक सहायता प्रदान की कार्यक्रम में ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान लोगों में शीलू कुमार के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्र



की मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही। ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि 2017 विधानसभा चुनाव में हम शीलू कुमार का खुलकर समर्थन करेंगे और उन्हें जीताकर विधानसभा भेजेंगे। जवाब में शीलू कुमार ने कहा हम अपने निजी प्रयासों से जितना कर सकेंगे करेंगे। शिक्षा और स्कूलों की दशा सुधारने पर हमारा विशेष जोर रहेगा। इस बार हम सब मिलकर इतिहास रचेंगे। इस दौरान पवन रावत, तरुण कुमार, विनय गोस्वामी तथा फरदीन आदि उपस्थित रहे।

### शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव 7 को तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की ठंडी सड़क स्थित शनि देव मंदिर का 24वां वार्षिकोत्सव समारोह 7 फरवरी शनिवार को मनाया जाएगा। समारोह की प्राथमिकता से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी के मुताबिक वार्षिकोत्सव के विशेष मौके पर सुबह से मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होंगे जबकि 11 बजे से सुंदरकांड समेत भजन कीर्तन तथा आरती, प्रसाद वितरण तथा अपराह्न दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में वार्षिकोत्सव समारोह के तहत आयोजित होने वाले विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही भंडारे में भाग लेने की गुजारिश की है।

## हेम, नीरज ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य और गरमपानी मंडल



अध्यक्ष नीरज बिष्ट ने बुधवार को गरमपानी मंडल के रातीघाट, घुना, कफलटा, बारगल, गरजोली, सिलटोना, गजार व धरमाड़ी आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान हेम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, कुछ समस्याओं का उन्होंने तत्काल अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की आए दिन समस्या होती है। कहा कि उनके क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है जिनसे उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है वही उन्होंने ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही वह सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ताकर उनकी समस्याओं से निदान दिलाएंगे वही हेम आर्य को जनता का पूर्ण समर्थन नैनीताल विधानसभा से मिल रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट समेत बीडीसी मेंबर विजय कुमार के साथ ही ग्रामीण मौजूद थे।

### जरूरतमंद मरीज के लिए सौरभ व हिमांशु ने किया रक्तदान

**नैनीताल।** एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के सदस्यों ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। संस्था से जुड़े सौरव रावत एवं हिमांशु बिष्ट ने ए पॉजिटिव रक्तदान कर एक जरूरतमंद मरीज की सहायता की। मरीज को कुल तीन यूनिट रक्त की आवश्यकता थी जिसमें एक यूनिट संबंधित चिकित्सालय द्वारा मुहैया कराया गया जबकि दो यूनिट रक्त एक कदम अच्छाई की ओर संस्था के माध्यम से जुटाया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने दोनों रक्तदाताओं के इस निःस्वार्थ योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं जो समय पर आगे आकर किसी की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बच्चों को वितरित किए ट्रैक सूट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय इंटर कालेज नौकुचियाताल में एंड्राइड फाउंडेशन दिल्ली के द्वारा विद्यालय की 150 बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। संस्था के प्रति. निधि रविंद्र गुप्ता एवं उनके सुपुत्र राकेश गुप्ता द्वारा ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने संस्था के प्रयासों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि



रामपाल गंगोला, सदस्य हेमा दुम्का सदस्य नगर पालिका परिषद भीमताल और विनोद दुमका एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पढ़ाई में खूब मन लगाकर करने एवं परिश्रम करने को प्रेरित किया। श्री गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से उपलब्ध संसाधनों की समुचित उपयोग एवं नशे की प्रवृति से दूर रहने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी लक्ष्य पर ध्यान देने केंद्रित करने को कहा। अंत में प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद व आभार व्यक्तित्व किया गया। इस अवसर विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र भंडारी ने किया।

## नैनीताल में बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** खेल विभाग, नगर पालि. का परिषद तथा जिला क्रीड़ा संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से नैनीताल में कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला गेम चेंजर्स इलेवन व द जंगल रिजार्ट की टीमों के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए गेम चेजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 136 रन अर्जित किये, लक्ष्य का पीछा करते हुए द जंगल रिजार्ट की टीम ने 12वें ओवर में ही तीन विकेट गवाकर जीत दर्ज की। मैच में दीप कुंवर व राजेंद्र परिहार अंपायर जबकि हिमांशु पांठक स्कोरर



रहे। इससे पूर्व नगर पालिका की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा विशिष्ट अतिथि राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर पालिका के सभासद भगवत रावत, मनोज साह जगाती समेत डीएसए के क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी समेत डा. मनोज सिंह बिष्ट, भुवन बिष्ट सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद थे। संचालन दीपक कुमार ने किया। बता दें पिछले कुछ दिनों से प्रतियोगिता को लेकर विवाद रहा अंततः बुधवार को प्रतियोगिता शुरू हुई जिससे नगर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

## हॉटमिक्स रोड निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रामनगर से भंडारपानी -अमगढ़ी तललीसेठी-रतोडा-विल्लेख स्टेट हाईवे 71 के हाटमिक्स रोड निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी श्री कैंचीधाम को सौंपा गया। जिला पंचायत सदस्य संजय बोहरा के नेतृत्व में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी कैंचीधाम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

लोनिवि ने शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग की पुरानी घोषणा के क्रम में मात्र सुधारीकरण की निविदा आमंत्रित की गयी है जबकि इस मार्ग को हाटमिक्स किया जाना बहुत ही जरूरी है। यहाँ पर उपखनिज का कारोबार लगातार चलता रहता है जिससे बहुत अधिक वाहनों का दबाव रहता है साथ ही कैचीधाम



पहुँचने के लिए रामनगर बेतालघाट वाया शहीद मार्ग से होकर वाहनों का परिचालन रहता है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा निविदा में स्पष्ट नही किया गया है कि वे कौन सा कार्य करवाने हैं जिससे काफी संसय बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम प्रधानों बीडीसी सदस्यों तथा ब्लाक प्रमुख के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया गया है कि इस मार्ग पर हाटमिक्स मार्क के अलावा कोई भी कार्य स्वीकार्य योग्य नही है। दूसरी ओर मामले में अधिशासी अभियंता हीरा सिह ने कहा कि निविदा पर कोई ठेकेदार निविदा की शर्तो को पूर्ण नहीं कर पाया है। अब पुनः निविदा प्रक्रिया आमंत्रित की गयी है। निविदा स्वीकृति के बाद इस मार्ग पर हाटमिकस कार्य ही कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य संजय बोहरा समेत तरूण कुमार शर्मा, नरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह महरा, पीयूष सिंह, हरेन्द्र सिंह तथा मंजू देवी आदि शामिल थे।

## विश्व कैंसर दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के राजकीय इंटर कालेज नौकुचियातल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् अध्यापक राजेंद्र सिंह भंडारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में डा. शुभाना द्वारा कैंसर के प्रकार व कैंसर होने के कारण तथा कैंसर से बचाव के तरीके के विषय सरल शबदों में जागरूक किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर प्रकाश डालते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप जैसे निशुल्क विधिक सहायता तथा उनकी पात्रता के संबन्ध में जानकारी मुहैया कराई है। साथ ही एनडीपीएस एक्ट के विषय में छात्रों को विधिक जानकारी दी गई।



## विश्व कैंसर दिवसः यूनाइटेड बाय यूनिक थीम पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बुधवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के तहत आयोजित कार्यक्रम में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उसकी रोकथाम पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डा. अजय बजाज, वरिष्ठ न्यूरोसर्जन और बजाज हॉस्पिटल के संस्थापक ने हेल्थ, हेरिटेज एंड द ह्यूमन स्क्रिप्ट विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कोशिकीय और आनुवंशिक बदलावों से संबंधित बीमारियों पर चर्चा करते हुए, समय



रहते जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में ज्योति मेहता (प्रथम), जानवी गोसाईं (द्वितीय) और काजल कुमारी (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में वैभव चंद्र कठलिया विजेता रहे। रील मेकिंग प्रतियोगिता में कृष्ण देव विश्वाश ने पहला स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, और यह संदेश दिया गया कि कैंसर के खिलाफ सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

# किच्छा में पेट्रोल पंप से लूट का मामला

## हाईकोर्ट ने आरोपी साहिल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने किच्छा (ऊधमसिंहनगर) में पेट्रोल पंप से लूट करने वाले आरोपी की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने आरोपी साहिल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। मामले के अनुसार मां फ्यूल्स पेट्रोल पंप का मालिक ने किच्छा थाने में 27 अप्रैल 2025 को मुकदमा दर्ज कर कहा कि 26 अप्रैल 2025 की रात्रि करीब 11 बजकर 45 मिनट में उनके पेट्रोल पंप में 6 लोग दो मोटर साईकिल में तमंचा लहराते हुए आए। उनके द्वारा पेट्रोल पंप कर्मचारियों से 40 हजार रुपये नकद और उनका मोबाईल लूट कर ले गए साथ में उनको जान से मारने की धमकी भी दे गए। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की जांच के बाद साहिल व सूरज व अन्य के नाम सामने आए। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान मामले में राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके द्वारा एक जगह नहीं अन्य जगह पर भी लूट की गयी है इसलिए इनकी जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त किया जाए। आरोपी की तरफ से कहा गया कि घटना के समय किसी को पहचाना नहीं गया न कोई ठोस सबूत है। सह आरोपी सूरज की जमानत पहले हो चुकी है, इसलिए उसी के आधार पर इनकी भी जमानत दी जाए। कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद आरोपी साहिल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।

### गोकशी के आरोपी को भी हाई कोर्ट से मिली जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गौ मांस तस्करी के आरोपी की जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने आरोपी शमशेर अली को जमानत पर रिहा करने को कहा है। मामले के अनुसार 5 जनवरी 2026 सोमवार को पुलिस गशत पर थी, तभी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि लकसर हरिद्वार के सुल्तानपुर ईदगाह के पीछे के खेत में कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना स्थल पर धावा बोला लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी भाग गए। घटना स्थल से पुलिस को 90 किलो गौ मांस समेत छोटी कुल्हाड़ी, छुरी व दो खाल व गाय के खुर बरामद हुए। 6 जनवरी 2026 मंगलवार को पुलिस ने उत्तराखंड गौ संरक्षण अधिनियम 2007 की धारा तीन तथा पांच व 11 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जांच करने पर पुलिस ने शमशेर अली के पास से 8 किलो गौमांस बरामद किया। हाईकोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई पर आरोपी की तरफ से कहा गया कि उनके खिलाफ कोई प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य नहीं है और न ही उनकी कोई क्रिनल हिस्ट्री है इसलिए उनको जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी शमशेर अली को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।

### एएसपी ने थाना भतरौजखान का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह ने मंगलवार को थाना भतरौजखान का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, बैरिक व भोजनालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जो संतोषजनक पाई गईं। अभिलेखों की गहन जांच कर उन्हें अध्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए। आवासीय भवनों में क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत शीघ्र कराने को कहा गया। लंबित विवेचनाओं, शिकायतों, वारंटो की तामीली तथा निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीसीटीएनएस कार्यों में समयबद्ध फीडिंग, अवैध मादक पदार्थों पर सख्त कार्रवाई, सत्यापन व जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## कैंसर एक गंभीर, लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारीः डा. पांडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैंसर के प्रति जन-जागरूकता फैलाने एवं इससे बचाव के उपायों को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान तथा प्रभावी उपचार को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर राज्य कैंसर संस्थान के निदेशक एवं स्वामी राम कैंसर संस्थान हल्द्वानी के विभागाध्यक्ष प्रो. डा. केसी पांडे ने कहा कि कैंसर आज के समय में एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। सही जानकारी, समय पर जांच तथा आधुनिक



चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रो. डा. पांडे ने बताया कि कैंसर शरीर की कोशिकाओं में होने वाली असामान्य और अनियंत्रित वृद्धि का परिणाम है। यह बीमारी शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकती है, जैसे स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, मुख कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर आदि। उन्होंने कहा कि मुंह में छाले जो लंबे समय तक ठीक न हों, निगलने में परेशानी, आवाज में बदलाव, स्तन में गांठ, स्तन के आकार या त्वचा में बदलाव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए तथा तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। डा. पांडे ने आमजन को तंबाकू एवं शराब के सेवन से बचने, संतुलित व पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा किसी भी असामान्य लक्षण के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने कहा कि स्वामी राम कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों के लिए आधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, कीमोथेरेपी एवं रेडियोथेरेपी जैसी उन्नत उपचार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को समय पर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि हमारा हरसंभव प्रयास है कि कैंसर रोगियों को न केवल सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा मिले, बल्कि उन्हें करुणामय एवं मानवीय देखभाल भी प्रदान की जाए।

# सिंद्रवाणी त्रासदी पर जिला प्रशासन संवेदन

**डीएम ने परिजनों से की भेंट, राहत व सुरक्षा उपाय तेज, पीड़ित परिवार को 10 लाख की तात्कालिक सहायता**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड अगस्त्यमुनि अंतर्गत ग्राम सिंद्रवाणी (छिनका, नगरासू) में गुलदार के हमले में मृतक पांच वर्षीय बालक के परिजनों से जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। जिलाधिकारी ने इस अत्यंत दुखद घटना पर शोक प्रकट करते हुए परि. जनों को ढांढस बंधाया और कहा कि जिला प्रशासन इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मृतक बालक की माता के बैंक खाते में 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास सुविधा प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आवश्यकता पड़ने पर परिवार को गांव में ही सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने की व्यवस्था किए जाने की भी बात कही। उन्होंने मृतक बालक की दो बहनों को राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु तक शिक्षा का लाभ दिलाने तथा मृतक के दादा-दादी को वृद्धावस्था पेंशन योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने गांव एवं सड़क किनारे उगी झाड़ियों के तत्काल कटान के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांव में पांच सोलर लाइट स्थापित कराई गई हैं तथा आवश्यकता अनुसार और सोलर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। गांव के आसपास घेरबाड़ (फेंसिंग) कराने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए गए हैं।

गुलदार की धरपकड़ के लिए वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों की राय को शामिल करते हुए विभिन्न स्थानों पर तीन पिंजरे लगाए गए हैं तथा पांच ट्रैप कैमरों की सहायता से गुलदार की गतिविधियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग की गश्ती टीमें क्षेत्र में निरंतर गश्त कर रही हैं। इसके अतिरिक्त वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों की टीम को भी मौके पर तैनात किया गया है, जो आगामी चार से पांच दिनों तक क्षेत्र में रहकर स्थिति की मॉनिटरिंग करेगी।

उल्लेखनीय है कि बीते दिन मंगलवार की देर सायं सिंद्रवाणी निवासी दक्ष (पुत्र हेमंत बिष्ट), उम्र लगभग 5ख्र6 वर्ष, पर गुलदार ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी के नेतृत्व में सात अलग-अलग टीमों द्वारा सघन सर्च अभियान चलाया गया। रात्रि लगभग 11 बजे बच्चे का शव बरामद कर लिया गया।

सर्च अभियान में वन विभाग की तीन टीमें (कुल 20 कर्मी), डीडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ की एक टीम, पुलिस एवं जिला प्रशासन की टीमें संयुक्त रूप से शामिल रहीं। शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगली जानवरों की संभावित गतिविधियों को देखते हुए सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन अथवा वन विभाग को दें।

# एचसीसी कंपनी ने मजदूर कैंप का गंदा पानी सीधे अलकनंदा नदी में छोड़ा, आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना पीपलकोटी की कंस्ट्रक्शन कंपनी एचसीसी द्वारा मजदूर कैंप क्षेत्र का सीवर और कूड़ा कचरा सीधे अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। गौरतलब है कि टीएचडीसी परियोजना की कंस्ट्रक्शन कंपनी एचसीसी द्वारा अलकनंदा नदी के किनारे मजदूरों को ठहरने के लिए कैंप बनाया गया है। जहां पर सैकडो मजदूर रहते हैं। कैंप से निकलने वाले सीवर और कूड़ा-कचरा को निस्तारण के बजाय कंपनी द्वारा पूरी गंदगी को अलकनंदा नदी के स्वच्छ निर्मल पानी में गिराया जा रहा है।



जिससे लोगों की धार्मिक आस्था तो प्रभावित हो ही रही है, साथ ही बंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का श्मशानघाट भी यहीं स्थित है। जिससे स्थानीय लोगों को दाह-संस्कार कार्य के दौरान अत्यधिक बदबू से दो-चार होना पड़ता है और मुंह को ढककर ही प्रवेश करना पड़ता है। जिससे क्षेत्र वासियों में आक्रोश बना हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष पीपलकोटी आरती नवानी ने कहा कि एचसीसी कंपनी के द्वारा सभी नियम कानूनों को ताक पर रखकर अलकनंदा नदी के किनारे बनाए गए मजदूर कैंप से निकलने वाले सीवर और कूड़ा-कचरा को सीधे अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। साथ ही शव दाह-संस्कार करने वाले रास्ते में अत्यधिक बदबू आने से लोगों को आवाजाही के समय मुंह ढककर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी चमोली को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## 21 फरवरी को गढ़वाल विवि पहुंचेगे सीडीएस चौहान

**श्रीनगर।** भारत के द्वितीय चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान आगामी 21 फरवरी को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर में आयेंगे। इस दौरान वह गढवाल विवि के चौरास परिसर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान के विश्वविद्यालय में आगमन की तैयारियों को लेकर बुधवार को गढ़वाल विवि के कुल. पति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में सीडीएस अनिल चौहान के कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर गहन चर्चा की गई। मौके पर कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये विश्वविद्यालय ने विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

# टिहरी में सड़क सुरक्षा के लिए चालकों ने ली शपथ

**टीएचडीसी वर्कशॉप में यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया परिवहन विभाग और बीमा कंपनी की संयुक्त कार्यशाला में वाहन बीमा और सुरक्षा मानकों पर हुई विस्तृत चर्चा**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-2026 का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वर्कशॉप परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों के पालन पर गहन मंथन किया गया।

कार्यशाला के दौरान परिवहन विभाग की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बृजमोहन रावत ने वहां मौजूद चालकों, परिचालकों और अन्य कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और सुरक्षित ड्राइविंग के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि विकास कुमार ने वाहन बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वाहन का बीमा होना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा कवच भी प्रदान करता है।

उन्होंने बीमा क्लेम की प्रक्रियाओं और इससे मिलने वाले लाभों के बारे में चालकों और वाहन स्वामियों को विस्तार से समझाया। कार्यशाला का मुख्य ध्येय चालकों को मानसिक रूप से जागरूक करना था ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ को नीचे लाया जा सके। इस दौरान परिवहन विभाग, टीएचडीसी प्रबंधन और बीमा कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### रैंप वॉक प्रतियोगिता में राप्रावि कीर्तिनगर ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के न्याय पंचायत के विद्यालयों में बुधवार को सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों के द्वारा रैंप वॉक, लोक नृत्य, नाटक, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रैंप वॉक प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंजूली डागर ने द्वितीय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगसू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में ब्लॉक स्तर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर कि विनीता देवी ने प्रथम, लोक नृत्य प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगसू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से राजकीय इण्टर कॉलेज मोलधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ एसएमसी प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नागराजाधार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. यशवन्त सिंह नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### अग्रेंजी विभाग में साहित्यिक संगोष्ठी आज

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अंग्रेजी विभाग एवं इकोज लिटरेचर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को प्रख्यात लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी की जन्म-शताब्दी के अवसर पर एक साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। गढ़वाल विवि की अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका गुप्ता ने बताया कि साहित्यिक संगोष्ठी में गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### युवती से छेड़छाड़ व उत्पीड़न के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार।** स्थानीय कोटद्वार निवासी एक युवती द्वारा कोतवाली कोटद्वार में दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि एक युवक द्वारा कई दिनों से अनावश्यक रूप से उसे कॉल एवं मैसेज किए जा रहे हैं तथा आते-जाते समय गाली-गलौच करने के साथ - साथ आपत्तिजनक हरकतें की जा रही हैं। मामला महिला से संबंधित एवं गंभीर प्रकृति का होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा अभियुक्त की शीघमें गिरफ्तारी के निर्देश दिए जाने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण में संलिप्त रसीदिया मस्जिद कोटद्वार निवासी अभियुक्त उस्मान को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है ।पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक प्रीति गुसांई, उपनिरिक्षक विनोद चपराना, आरक्षी कुलदीप शामिल थे।

### आईटीआई श्रीनगर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 9 को होगा

**श्रीनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्रीनगर में 9 फरवरी को आईटीआई परिसर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेले में जनपद पौड़ी सहित गढ़वाल मंडल के अन्य जनपदों के पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई प्रमाणपत्र धारक, डिप्लोमा एवं स्नातक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के काउंटर पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के लिए अप्रेंटिस के रूप में नियोजित किया जाएगा। आईटीआई श्रीनगर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि नियोजन अवधि के दौरान चयनित अप्रेंटिसों को आन द जाब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्रदान की जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय (स्टाइपेंड) भी दिया जाएगा।

# नरेंद्रनगर के पास मरम्मत कार्य के चलते पंद्रह दिनों तक बाधित रहेगा यातायात

**बगड़धार में सड़क सुधारीकरण के लिए दिन में तीन बार और पूरी रात बंद रहेगा राजमार्ग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** ऋषिकेश से पहाड़ की ओर आने वाले यात्रियों और स्थानीय वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-34 पर नरेंद्रनगर के समीप बगड़धार में सड़क मरम्मत और सुधारीकरण का कार्य शुरू किया जा रहा है, जिसके चलते आगामी पंद्रह दिनों तक इस मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। प्रशासन ने कार्य के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए यातायात प्रतिबंध की समय-सारणी जारी कर दी है। यह मरम्मत कार्य तीन फरवरी 2026 से शुरू होकर सत्रह फरवरी 2026 तक चलेगा। इस अवधि के दौरान राजमार्ग पर दिन और रात के समय अलग-अलग अंतरालों में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी, इसलिए यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना प्रशासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार ही बनानी होगी।

प्रशासन द्वारा जारी की गई समय-सारणी के अनुसार, बगड़धार में सड़क मरम्मत कार्य के लिए दिन में तीन बार यातायात रोका जाएगा। दोपहर साढ़े बारह बजे से डेढ़ बजे तक, इसके बाद दोपहर सवा दो बजे से सवा तीन बजे तक और शाम को सवा चार बजे से साढ़े पांच बजे तक मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त, रात्रि के समय भी कार्य प्रगति पर रहेगा, जिसके कारण रात साढ़े दस बजे से लेकर तड़के साढ़े चार बजे तक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान किसी भी वाहन को आर-पार जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि पंद्रह दिनों के भीतर इस संवेदनशील हिस्से की मरम्मत कर यातायात को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। सड़क मरम्मत के साथ-साथ नरेंद्रनगर शहर में सीवरेज योजना के अंतर्गत सीवर लाइन बिछाने का कार्य भी प्रस्तावित है। यह कार्य नरेंद्रनगर बीआरओ कार्यालय से लेकर नरेंद्रनगर बाईपास तक किया जाएगा, जिसकी अवधि कुल बीस दिन निर्धारित की गई है। यह कार्य चार फरवरी 2026 से तेइस फरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। देहरादून और गुजराड़ा बाईपास की ओर से आने वाले सभी वाहनों को अब नरेंद्रनगर थाने की ओर से होते हुए बाईपास मार्ग के जरिए टिहरी की दिशा में भेजा जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस दौरान धैर्य बनाए रखें और निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन कर सहयोग प्रदान करें।

## विकसित भारत के विजन से जुड़ेंगे युवा

**रुद्रप्रयाग।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित 'माय भारत' (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म ने देश के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर पेश करने के लिए मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन की जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की बारीकियों से जोड़ना और देश के आर्थिक विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले अंतिम विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'विकसित भारत' के विजन पर सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रथम चरण की ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है। युवा 'माय भारत' पोर्टल पर जाकर बजट पर आधारित 30 सवालों के जवाब दे सकते हैं।

## तीन छात्रों का श्री देव सुमन राज्य मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन



शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** श्री देव सुमन राज्य मेधावी छात्र वृत्ति परीक्षा 2025-26 में पीएम श्री राइका बैरासकुण्ड के तीन छात्र छात्राओं मे कुमारी दिया पुत्री कल्याण सिंह, अनुसया पुत्र किशन लाल व हर्षवर्धन पुत्र अब्बल सिंह का चयन हुआ।जब कि पांच छात्र,छात्राओं मे अमित सिंह पुत्र प्रकाश चन्द्र, शिवानी पुत्री राजेन्द्र सिंह, लक्की पुत्र चन्द्र सिंह, चांदनी पुत्री वीरेन्द्र लाल व प्रियांशु पुत्र पप्पू लाल ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

छात्र, छात्राओं की इस उपलब्धि को देखते हुए, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सैजवाल एसएमसी अध्यक्ष हिम्मत सिंह राणा व पीटीए अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद पुरोहित आदि ने छात्र,छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रवृत्ति प्रभारी भारत भूषण रौथान ने बताया कि विगत वर्ष केवल एक ही छात्र का चयन हुआ था जबकि इस वर्ष तीन छात्र, छात्राओं का चयन एवं पांच छात्र, छात्राओं के द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण की गई जो विद्यालय के लिए बडे खुशी का विषय हैं। इस अवसर पर विक्रम सिंह पडियार, राजपाल सिंह कंडारी, रविन्द्र कुमार, मनोज राणा, मनोज नेगी, ममता सजवाण, मीना जोशी व फागुनी देवी व सभी अध्यापकों ने छात्र,छात्राओं के सम्मान समारोह में अपनी खुशी जाहिर की।

# जागरूकता ही कैंसर से लड़ने का सबसे बड़ा हथियार:डॉ. सयाना

**विश्व कैंसर दिवस पर छात्रों ने निकाली जन-जागरूकता रैली**



शाह टइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कैंसर रोग विभाग द्वारा श्रीकोट बाजार में जन जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ बेस चिकित्सालय परिसर से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं छात्रों ने पोस्टरों के माध्यम से आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है।

कहा कि समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तंबाकू एवं नशे से दूरी बनाए रखने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत की पहल पर जीवीके की मिली लैड में एक अत्याधुनिक कैंसर यूनिट की स्थापना की जाएगी, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंसर रोगियों को बेहतर और समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने ही क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस मौके पर वित्त नियंत्रक प्रशांत कुमार शर्मा ने कहा कि नशे से नाता तोड़कर स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर रेस्पिरेटरी विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की बख्शी, रक्त केंद्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा हटवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी डॉ. जितेन्द्र देवरानी, डॉ. मोहित सैनी सहित पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धर्म से नहीं होनी चाहिए इंसान की पहचान: मोहम्मद दीपक

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड के कोटद्वार में एक मुस्लिम दुकानदार के समर्थन में आकर चर्चा में आए 'मोहम्मद दीपक' उर्फ अक्की ने अपने खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर पर गहरी हैरानी जताई है।

दीपक ने पुलिस की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि विवाद की शुरुआत दूसरे पक्ष की ओर से की गई थी।

आपको बता दें कि विगत 26 जनवरी को एक विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ लोग एक मुस्लिम दुकानदार पर अपनी दुकान का नाम बदलने का दबाव बना रहे थे। दीपक ने इस दबाव का विरोध किया, जिसके बाद मामला बढ़ गया और यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई।

स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने मौके पर पहुँचकर नियंत्रण पाया था।

बुधवार को हमारी टीम द्वारा मोहम्मद दीपक उर्फ अक्की से वार्तालाप की गई तो उन्होंने कहा कि इंसान की पहचान धर्म से नहीं होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए अपने नाम मोहम्मद दीपक के पीछे की वजह साफ करते हुए उन्होंने कहा

, मैंने खुद को मोहम्मद दीपक इसलिए बताया क्योंकि मेरा मानना है कि किसी भी इंसान की पहचान केवल उसके धर्म से तय नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े हैं, बल्कि एक मानवीय विचारधारा का समर्थन करते हैं। फिटनेस के प्रति अपने लगाव को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी हर जिम जाने वाले के लिए मेहनत की प्रेरणा और आदर्श हैं।

# पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति किया सतर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** थाना चंबा के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सत्यों की टीम ने सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस जन आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान उप निरीक्षक मनोज ममगाई, एएसआई जय कुमार और एएसआई धीरेंद्र सिंह नेगी ने क्षेत्रवासियों को अपराध नियंत्रण और सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच विश्वास पैदा करना और उन्हें पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने हाल के दिनों में बंद घरों में ताले तोड़कर हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गांव में जो घर अक्सर बंद रहते हैं या जहां बुजुर्ग अकेले रहते हैं, उन पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए पुलिस ने पड़ोसियों से उनका ध्यान रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में घटित किसी भी आप. राधिक घटना के सफल अनावरण के लिए जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, इसलिए ग्रामीण पुलिस की आंख और कान बनें।

जागरूकता गोष्ठी में सामाजिक बुराइयों और यातायात नियमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस ने बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को आगाह किया और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए समाज की भागीदारी पर जोर दिया। यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्त हिदायत दी गई कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन न दें, क्योंकि यह न केवल गैरकानूनी है बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त, गांव में आने वाले किसी भी बाहरी व्यक्ति, फड़ या फेरी वाले की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी तत्काल सूचना पुलिस चौकी सत्यों को देने की अपील की गई, ताकि उनका सत्यापन किया जा सके। गोष्ठी में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और सत्यों बाजार के दुकानदारों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### बिनारसी कांड में तेजपुर चौकी प्रभारी के बाद एसएसपी का एक और बड़ा एक्शन

# भगवानपुर कोतवाल व एसएसआई लाइन हाजिर



**❖लापरवाही के चलते इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी व वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश सैनी पर गिरी गाज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रविदास जयंती पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिनारसी में हुए दो पक्षों में संघर्ष के दौरान दो व्यक्तियों की मृत्यु के मामले में एससपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने जहां पहले क्षेत्र के तेजपुर चौकी इंचार्ज सूरत शर्मा व हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया था वहीं भब एसएसपी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए .और एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने थाना भगवानपुर के प्रभारी निरीक्षक सूर्य भूषण नेगी तथा एसएसआई रमेश सैनी को भी तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर करने के आदेश जारी किए हैं।एसएसपी के इस एक्शन से पुलिस मैहकमे में खलबली मची हुई है।

अवगत करा दें कि भगवानपुर थाना के तेजपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बिनारसी में रविदास जयंती के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया था, जिसमें फायरिंग और झड़प के दौरान दो लोगों की मौत हो गई थीवह कई घायल हो गए थे । इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव के बादगांव मेंपुलिस बल तैनात हैवही मामले की हर स्थिति को एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल व एसएसपी प्रमिंदर सिंह डोभाल खुद वॉच कर रहे हैं । वही इस मामले की एसएसपी द्वारा मामले समीक्षा के दौरान पुलिस की कार्यशैली और घटना से पूर्व व घटना के दौरान की गई कार्रवाई में गंभीर लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने प्रथम दृष्टया लापरवाही को देखते हुए पहले तोतेजपुर चौकी पर बारिश सूरत शर्मावह एक हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया था वहीं अब थाना भगवानपुर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी और वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश सैनी को लाइन हाजिर करते हुए तत्काल पुलिस लाइन में आमद कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस स्तर पर चूक हुई और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका क्या रही। एसएसपी ने साफ शब्दों में कहा है कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है।

## खेड़ा जट में कार तेज चलाने को लेकर दो पक्षों में कई राउंड फायरिंग

**❖छर्रा लगने से महिला घायल, पुलिस आरोपियों पर कसने लगी शिकंजा, सीसीटीवी फुटेज के जरिए कार्रवाई करने में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** नारसन चौकी क्षेत्र के खेड़ा गांव में मंगलवार श्याम कार तेज चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच कई राउंड गैरफायरिंगहोने से क्षेत्र में अपरा तफरी मच गई डर के मारे लोग अपने घरों में घुंस गए । गांव वालो के मुताबिक से दोनों पक्षों में। 8 राउंड फायर किए गए है इस फायरिंग में छर्रा लगने सेएक महिला जख्मी पाई गई है सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस आ पहुंची और हालात को काबू किया गया।

जानकारी के अनुसार खेड़ा जट गांव ही आर्यन और शिव एक समय पर बहुत अच्छे मित्र हुआ करते थे आज हालात ऐसे हैं कि दोनों एक दूसरे का मुंह भी देखना पसंद नहीं करते विवाद कल शाम 7:00 से 8:00 के बीच करीब हुआ बताया जा रहा है कि आर्यन की माता गेट के बाहर खड़ी हुई थी तभी शिव पीछे से अपनी कार की रफ्तार 70 और 80 के बीच में भागता हुआ आया और आर्यन की माता बाल बाल बची उसी बीच आर्यन और शिव में तभी जोरदार विवाद शुरू हो गया जिसमें शिव की माता को निकलता हुआ छर्रा घायल कर गया । दोनों और से कई राउंड हुई फायर में गांव में अफरा तफरी मच गई और गांव के लोग दहशत में अपने घरों में घुस गए लेकिन सूचना पाकर तुरंत नारसन चौकी व मंगलौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले परकाबू पा लिया मंगलौर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली ने बताया कि विवाद के दौरान महिला के छर्रा लगा है जिसको तुरंत अस्पताल भेजा गया हैं पुलिस मामले में जुटी हुई है और फायरिंग करने वालों की तलाश कर जांच में जुट गई है।

# लक्सर में 'अपनों' की बेरुखी से जूझ रही है कांग्रेस

**❖केवल बड़े पदाधिकारी के साथ दिखाई देते हैं स्थानीय नेता-कार्यकर्ता**

**❖धरातल पर नहीं दिख रहा है जनता से जुड़ाव, गाड़ियो से झंडे भी नदारद**

**इस्लाम अंसारी**

**लक्सर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की सुगहाट के बीच लक्सर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की जमीनी स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है। विडंबना यह है कि चुनाव नजदीक होने के बावजूद कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों की गाड़ियों से पार्टी का झंडा (झंडी) तक नदारद है। ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र में कांग्रेस बिना सक्रिय कार्यकर्ताओं के ही संघर्ष कर रही है।बड़े नेताओं तक सीमित 'ड्राइंग रूम' राजनीतिक्षेत्रीय जनता का आरोप है कि कांग्रेस के पदाधिकारी केवल देहरादून और दिल्ली में बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने और संपर्क साधने तक सीमित हैं। धरातल पर न तो पार्टी की नीतियों का प्रचार हो रहा है और न ही किसी ग्रामीण के घर जाकर कोई जनसंपर्क मीटिंग आयोजित की जा रही है। आम जनता के सुख-दुख से पदाधिकारियों का सरोकार खत्म होता दिख रहा है।

चुनावी मौसम और वोट बैंक की राजनीतिग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव सिर पर होते हैं, तो यही पदाधिकारी नए कपड़ों और बड़ी गाड़ियों में सवार होकर केवल मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सक्रिय होते हैं। हिंदू बस्तियों में जाकर पार्टी की विचारधारा को समझाने का प्रयास अब तक किसी भी बड़े पदाधिकारी ने नहीं किया है। जिला अध्यक्ष को छोड़कर ब्लॉक अध्यक्ष या प्रदेश सचिव स्तर के नेताओं की गाड़ियों पर भी कांग्रेस की झंडी नहीं दिखती, जिससे यह चर्चा आम है कि क्या नेता रात के अंधेरे में दूसरी पार्टियों के संपर्क में रहने के डर से झंडा नहीं लगाते? बाहरी प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं का मोह भंग होना कार्यकर्ताओं के बीच सबसे बड़ी नाराजगी 'पैराशूट' प्रत्याशियों को लेकर है। हर चुनाव में पार्टी किसी बाहरी व्यक्ति को मैदान में उतार देती है, जो चुनाव हारने या जीतने के बाद क्षेत्र से गायब हो जाता है। इसका परिणाम यह है कि कांग्रेस का मूल कार्यकर्ता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और इधर-उधर भटकने को मजबूर है।निष्कर्ष: 2027 की राह कठिनयदि कांग्रेस नेतृत्व ने समय रहते धरातल पर भरोसेमंद कार्यकर्ताओं को वार्ड और गांव स्तर पर सक्रिय नहीं किया, तो लक्सर विधानसभा में पार्टी का हाल भी उत्तर प्रदेश जैसा हो सकता है। 2027 के चुनाव में वजूद बचाने के लिए कांग्रेस को 'ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स' छोड़कर जनता के बीच जाना होगा, अन्यथा जनता प्रत्याशी का नाम तक याद रखने की जहमत नहीं उठाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों में हड़कंप

**लक्सर।** क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर गांव में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई जिससे परिजनों में हड कम मच गया परिजनों के द्वारा बताया गया की रात में करीब 1:00 बजे जीआरपी पुलिस के द्वारा सूचना दी गई थी कि एक युवक खड़ंजा कुतुबपुर मंदिर के सामने रेलवे लाइन पर मृतक पड़ा हुआ है उस सूचना पर हम सभी परिजन वहां मौके पर पहुंचे तो देखा कि हमारा लड़का राशीद मृतक पड़ा हुआ है उन्होंने बताया कुछ व्यक्तियों पर हमारा शक है कि उनके द्वारा ही हमारे भाई को मारा गया है उन्होंने यह भी कहा कि रात्रि करीब 1:10 पर जानकारी मिली थी उन्होंने बताया कि रात्रि में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस के द्वारा मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की भेज दिया गया है मृतक युवक का नाम राशिद पुत्र मुस्तकीम उर्फ भूरा निवासी ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर है मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है पुलिस के द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है जांच शुरू कर दी गई है।

## भाई व उसके साथी पर मारपीट करने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा** ग्राम बाल्लूपुर निवासी विशाल पुत्र ओम कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि दो जनवरी की आधी रात को उसका बड़ा भाई विमल कुमार अपने पड़ोस के साथी सुमित को साथ लेकर खेतों में खड़ी फसल में जंगली जानवर नीलगाय आदि से बचाने के लिए गए थे। जब वह तो दोनों खेतों में कुछ देर रुकने के बाद घर वापस लौटने लगे उसी समय गांव के ही राजीव राणा नीरज कुमार इन दोनों के हाथ में लाइसेंसी हथियार थे। इन्हीं के साथ सनी कुमार राहुल डिप्टी कुमार मुकुल व गौरव कुमार उनके हाथों में देशी तमंचे लोहे की राड व लाठी डंडे थे । उक्त लोगों द्वारा मेरे बड़े भाई से हाल-चाल जाना गया। इसके बाद जब उसका भाई व उसका साथी घर लौटने लगे तो उक्त लोगों द्वारा मेरे भाई विमल पर लाठी डंडों से हमला कर दिया तथा जब तक वह बेहोश होकर नीचेजमीन पर नहीं गिर गया तब तक उसे लाठी डंडो से मारते रहे। विमल के साथ जब उक्त लोग मारपीट कर रहे थे उसी समय उसके साथी सुमित ने वहां से कुछ दूर जाकर गांव में फोन कर परिजनों को सूचना दी। उसके बाद हमलावर जब वहां से कुछ दूर चले गए तो वह विमल को उठाने लगा। घायल पड़े बेहोश विमल को उठाते देख राजीव व नीरज द्वारा जान से मारने की नीयत से दोनों पर दो गोली चलाई गई ।जिससे वह बाल बाल बच गए ।उसी समय गांव की ओर से लोगों को आता देख हमलावर चले गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है ।

### राजभवन घेराव को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

# प्रीतम सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस पार्टी द्वारा 16 फरवरी को प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण मंथन बैठक आयोजित की गई। बैठक को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष माननीय प्रीतम सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान माननीय प्रीतम सिंह ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती के साथ राजभवन घेराव कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। बैठक के उपरांत आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी प्रीतम सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, एडवोकेट फुरकान अहमद, विधायक विरेन्द्र जाती, विधायक प्रेम सागर पूरी, विधायक ममता राकेश, डॉ. गौरव चौधरी, राव शेर मोहम्मद, ईश्वर लाल शास्त्री, सी.पी. सिंह, सलीम खान, सचिन गुप्ता, प्रणय प्रताप, हाजी नौशाद अहमद, मोहित त्यागी, वैभव सैनी, विकास त्यागी, कलीम खान, राजकुमार सैनी, नीरज सैनी, रिजवान अहमद, मुंफैत अली, डॉ. हरविंदर सिंह, सुधीर चौधरी, श्रवण गोस्वामी, शमशाद, चेयरमैन आशीष सेनी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी ने एकजुट होकर राजभवन घेराव कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सुफियान, ऋषभ व निशा ने जीते पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 69वी राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में उत्तराखंड की ओर से 9 बालक (कुश्ती पहलवान एवं 9बालिकाओं (कुश्ती पहलवान) ने प्रतिभाग किया जिसके फल स्वरुप 62 किलोग्राम बालिका वर्ग में निशा भारद्वाज ने कांस्य पदक,44 किलोग्राम में ऋषभ कश्यप रजत पदक एवं 72 किलोग्राम में सुफियान ने कांस्यपदक जीतकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया।

जानकारी के अनुसार इस उपलब्धि पर हरिद्वार जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार नरेश कुमार हल्द्वानी, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक अमित कुमार एवं जिला खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह पदक विजेताओं, टीम कोच एवं मैनेजर अक्षय राठी एवं आकाश को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## इलाज के दौरान महिला से छेड़छाड़ करने वाला चिकित्सक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** महिला सुरक्षा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार श्री प्रमेंद्र सिंह डोबाल के सख्त निर्देशों के क्रम में मंगलौर कोतवाली क्षेत्र से एक गंभीर और शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। इलाज के नाम पर एक युवती के साथ अभद्रता करने वाले तथाकथित डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलौर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली मंगलौर में शिकायत दर्ज कराई थी कि डॉ. रिजवान नामक व्यक्ति ने उनकी पुत्री के उपचार के दौरान चिकित्सकीय मर्यादाओं को लांघते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता और उसके परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा मामले में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 03 फरवरी 2026 को नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डॉक्टर की आड़ में लोगों के विश्वास का दुरुपयोग कर रहा था। आरोपी की इस हरकत से न केवल एक महिला की गरिमा को ठेस पहुँची, बल्कि चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे को भी कलंकित किया गया है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोटद्वार पहुंचे विधायक वीरेंद्र जाती ने भाई दीपक से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हाल ही में कोटद्वार में घटित प्रकरण के संदर्भ में झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने कोटद्वार पहुँचकर भाई दीपक से मुलाकात की। विधायक जाती ने दीपक से आत्मीय संवाद कर न केवल उनका उत्साहवर्धन किया, बल्कि उन्हें एक प्रतीकात्मक भेंट (गिफ्ट) देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि भाई दीपक ने पूरे घटनाक्रम के दौरान जिस तरह इंसानियत, सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता दी, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान उसके नाम, धर्म या मजहब से नहीं, बल्कि उसके कर्म, विचार और समाज के प्रति व्यवहार से होती है। दीपक ने कठिन परिस्थितियों में भी मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखकर यह सिद्ध कर दिया कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। विधायक श्री जाती ने कहा कि समाज को तोड़ने वाली सोच के बजाय जोड़ने वाली मानसिकता को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उत्तराखंड देवभूमि है, जहां भाईचारे, आपसी सम्मान और शांति की परंपरा रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की नफरत, अफवाह या भ्रम फैलाने वाली बातों से दूर रहकर हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने दीपक का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वे अकेले नहीं हैं, बल्कि समाज का हर जिम्मेदार नागरिक उनके साथ खड़ा है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि इंसानियत, न्याय और सामाजिक सद्भाव के पक्ष में उठने वाली हर आवाज को मजबूती से समर्थन दिया जाएगा। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में सामाजिक शांति, आपसी विश्वास और भाईचारे को बनाए रखने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधायक वीरेंद्र जाती ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करें।यह भेंट और सम्मान समाज को यह स्पष्ट संदेश देता है कि राजनीति का उद्देश्य समाज को बांटना नहीं, बल्कि जोड़ना है और मानवता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करना हर जनप्रतिनिधि की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## बहुउद्देशीय शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकासखंड भगवानपुर के न्याय पंचायत डाडा जलालपुर किसान इंटर कॉलेज में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 88 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 45 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री स्तर देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 88 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 45 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। राज्य मंत्री एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री/भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया साथ ही क्षेत्रवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उप जिलाधिकारी भगवानपुर ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। शिविर में राज्य मंत्री श्यामबीर सैनी, मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश सैनी व नितिन सैनी,खंड विकास अधिकारी आलोक गार्गेय सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### बीएसएम पीजी कॉलेज के प्रोफेसर को सरकार ने दी जिम्मेदारी

# डॉ. सुरजीत बने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष



**❖संस्थान के प्रबंधन व कर्मचारी, बुद्धिजीवी वर्ग व जन प्रतिनिधियों ने दी बधाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सरकार द्वारा गठित उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण में बीएसएम पीजी कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. डॉ. सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर शिक्षण संस्थान के प्रबंधन, प्राचार्य व अन्य शिक्षकगण व स्टाफ ने उनका स्वागत करते हुए डा. सुरजीत सिंह को बधाई दी है। उक्त प्राधिकरण में सभी अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

सरकार द्वारा प्राधिकरण के गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर जहां बीएसएम पीजी कालेज के वरिष्ठ प्रो. डा. सुरजीत सिंह गांधी को इसका चेयरमैन नियुक्त किया है तो सदस्यों में प्रो. राकेश जैन, डॉ. सैय्यद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन, डॉ. एल्बा मेड्रिले, प्रो. रोबिना अमन तथा प्रो. गुरमीत सिंह को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त समाजसेवी राजेंद्र बिष्ट एवं सेवानिवृत्त अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। वहीं निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण पदेन सदस्य रहेंगे।

डॉ. सुरजीत सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने पर बीएसएम पीजी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा उनका फूल-मालाओं एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीएसएम पीजी कॉलेज अध्यक्ष ममतेश शर्मा एडवाकेट, सचिव रजनीश शर्मा, उत्तराखंड जन मंच संरक्षक अमित शर्मा, प्राचार्य प्रो. गौतम वीर, चमन लाल महाविद्यालय प्रबंधक रामकुमार शर्मा, सचिव अतुल हरित, प्राचार्य सुशील उपाध्याय, शिक्षाविद एवं पूर्व कुलपति प्रो. सुधा पांडे, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी विधायक प्रदीप बत्रा, पतांजलि विवि के कुलपति सतेंद्र मित्तल, केंद्रीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य इंद्रजीत सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, शिक्षाविदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

गौतलब है कि उत्तराखंड सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जुलाई 2026 से राज्य मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसके स्थान पर सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंतर्गत लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गठित इस प्राधिकरण के माध्यम से अब राज्य की सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं को उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करनी होगी। साथ ही अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारण का दायित्व भी इसी प्राधिकरण को सौंपा गया है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 5 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सदन में फिर हंगामा

यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश की संसद अब अपनी मर्यादा खोती जा रही है। अब यह जनता या देश-विदेश के मुद्दों पर चर्चा के लिए नहीं जानी जाती, बल्कि शोर-शराबे के लिए जानी जाती है। काफी समय से ऐसा ही नजारा संसद में देखने को मिल रहा है। दुख की बात यह है कि इस पर लगाम लगने के बजाए इसका और विस्तार होता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले की ही बात करें तो इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है। पिछले तीन दिन से जिस बात को लेकर हंगामा हो रहा है उसका कोई मतलब नहीं है। सोमवार को हंगामा उस समय शुरू हुआ था जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह दावा किया था कि लद्दाख में डोकलाम में घटी घटना के समय चीनी सैनिक भारतीय सेना में टैंकों के साथ घुस आए थे। ऐसा कहते हुए उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला दिया था। हालांकि यह किताब अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष ने उनके भाषण के समय विरोध किया था। सत्ता पक्ष का कहना था कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है, उस पर सदन में नहीं बोला जा सकता। मंगलवार को हंगामे के समय विपक्ष के आठ सांसद भी निलंबित हो गए। बुधवार को भी नजारा मंगलवार के दिन से अलग नहीं रहा और चार बार संसदीय कार्यवाही बाधित रही। चर्चा की तो बात ही छोड़िए अब तो माननीयों का भाषा पर नियंत्रण खोता दिखाई दे रहा है। सादे पद अपनी गरिमा खोते जा रहे हैं। बुधवार को राहुल गांधी वही किताब लेकर संसद पहुंचे जो पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने लिखी है। संसद में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आज पीएम आए तो उन्हें यह किताब दूंगा। उन्होंने किताब का पेज खोलकर दिखाया, जिसमें लिखा है कि पीएम ने आर्मी चीफ से कहा था कि जो उचित है लिखो। राहुल ने यह भी कहा कि सरकार और रक्षा मंत्री कह रहे हैं कि किताब का अस्तित्व नहीं है देखिए यह रही वह किताब। इतना ही नहीं उन्होंने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि पीएम मोदी में इतनी हिम्मत है वह आज यहां आएंगे और अगर आते हैं तो वह खुद उन्हें यह किताब सौंपेंगे। असल में बुधवार की सांय पांच बजे पीएम मोदी का प्रस्तावित संबोधन होना था, लेकिन वह टल गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी भी की। जिसमें वह कह रहे हैं कि पहले ही यह बात कह चुके थे कि पीएम मोदी लोकसभा में नहीं आएंगे। सीधी सी बात है कि यह स्थिति ठीक नहीं है। लोकतंत्र के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। आखिर संसद होती ही किसलिए है। यहां आप किसी से सहमत या सहमत हो सकते हैं, लेकिन अपनी बात कहने से कैसे रोक सकते हैं। विडंबना यह है कि यह भी एक परंपरा सी बनती जा रही है। जैसीकि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सत्ता पक्ष जानबूझकर ऐसे लोगों को आगे करता है, जो अनाप-शनाप बोलते हैं। जिससे हंगामा होता है।

## देश की जनता का निरादर



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है, मोदी सरकार मनमर्जी से काम कर रही है, जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है, जहां विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में एक छपी हुई किताब से कोट नहीं करने दिया गया, वहीं भाजपा के निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है, ये स्पीकर के पद, संसद, लो. कतंत्र और देश की जनता का निरादर है, विपक्ष के नेता कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं, सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष को वोट दिया है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्वगुरु



निर्मल रानी



पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोजर से ढहा दिए जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी जमीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूंकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम श्अब्दुल नईमश था इसलिए प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाए मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोजर उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे।

खुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोजर चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नजर आए । उस पर ढिटाई यह कि जिला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोजर चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ इनकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग दो हजार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिए थे।

बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को विश्व गुरु बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी जोर जोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेजी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किए जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानत: लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिए गए या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिए गए। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किए जाने की खबर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफी संख्या में स्कूल बंद किए गए। स्कूल बंद करने के जो कारण बताए गए उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गई तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किए गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया।

इसी तरह कुछ राज्यों में नए निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। जाहिर है इससे गरीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड बिहार, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किए गए। नि:संदेह यह कदम खासकर गरीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90 प्रतिशत से ज्यादा मदरसा छात्र गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। जहां तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफरत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नजर डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जाएगी और यह महज एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फारसी का ज्ञान प्राप्त किया।

तभी वे फारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना श्जफर नामाश फारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फारसी और अरबी सीखी और एक फारसी अखबार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की।

भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां गैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खान, इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व सिल्क लेटर मूवमेंट के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल, झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में गैर मुस्लिम गरीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या एआई चेटबॉट्स महामारी ला सकते हैं

**सभी डीएनए संश्लेषण कंपनियों और डीएनए प्रिंटरों के लिए ज्ञात रोग. जनकों और विषाक्त पदार्थों की आनुवंशिक सामग्री की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही एकत्रित की जाने वाली किसी भी आनुवंशिक सामग्री की सुरक्षा जांच करना भी सभी अनुबंध अनुसंधान संगठनों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।**

काफी समय से कुछ तकनीकी विशेषज्ञ कृत्रिम बुद्धि यानी एआई को मानवता के लिए खतरा बताते आए हैं। इस क्षेत्र में हुए हालिया विकास से प्रतीत होता है कि यह खतरा काफी नजदीक है। विशेषज्ञों का दावा है कि एआई बिना किसी वैज्ञानिक विशेषज्ञता वाले बदनीयत व्यक्ति को घातक वायरस डिजाइन करने में मदद कर सकती है।



मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के जैव सुरक्षा विशेषज्ञ केविन एस्वेल्ट ने हाल ही में अपने छात्रों को चैटजीपीटी या अन्य विशाल भाषा मॉडल की मदद से एक खतरनाक वायरस तैयार करने का काम दिया। मात्र एक घंटे में छात्रों के पास वायरसों की एक लंबी सूची थी और तो और, साथ में उन कंपनियों की भी जानकारी थी जो रोगजनकों के आनुवंशिक कोड को बनाने में मदद कर सकती थीं और इन टुकड़ों को जोड़ने वाली कुछ अनुसंधान कंपनियों के भी नाम थे। इन परिणामों के आधार पर एस्वेल्ट और अन्य विशेषज्ञों का दावा है कि एआई सिस्टम जल्द ही गैर-वैज्ञानिक लोगों को परमाणु हथियारों के बराबर घातक जैविक हथियार डिजाइन करने में मदद कर सकती है। इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी किया जा सकता है। फिलहाल किसी खतरनाक विलुप्त या मौजूदा वायरस के आधार पर जैविक हथियार बनाने का तरीका मिलने के बाद भी इन्हें बनाने में काफी विशेषज्ञता चाहिए होती है। इसके लिए न केवल उचित वायरस की पहचान करना होगी, बल्कि वायरल आनुवंशिक सामग्री को संश्लेषित करने, जीनोम को एक साथ जोड़ने और इसे अन्य अभिकर्मकों के साथ जोड़कर एक ऐसा वायरस तैयार करना होगा जो कोशिकाओं को संक्रमित कर सके और अपनी प्रतिलिपियां बना सके, लेकिन एआई इस प्रक्रिया को आसान बना रही है। उदाहरण के लिए बाजार में जल्द ही उपलब्ध होने वाले बेंचटॉप डीएनए प्रिंटर की मदद से शोधकर्ता स्क्रीनिंग प्रक्रिया को धोखा दे सकते हैं। इस प्रक्रिया में कंपनियां यह सुनिश्चित करती हैं कि किसी नमूने में संभावित जैविक हथियारों के लिए आनुवंशिक सामग्री तो शामिल नहीं है।

इस प्रक्रिया से बचकर कोई बदनीयत व्यक्ति इन आनुवंशिक ब्लूप्रिंट को अनुबंध अनुसंधान कंपनियों या एक रोबोटिक क्लाउड लैब को लक्ष्य वायरस में डालने के लिए भेज सकता है। इस कार्य में एआई की भूमिका का पता लगाने के लिए एस्वेल्ट ने जीव-विज्ञान में बिना किसी विशेषज्ञता वाले स्नातक छात्रों को तीन से चार सदस्यों वाले तीन समूहों में बांटा। इन सभी समूहों के पास GPT-4, बार्ड और अन्य एआई चैटबॉट्स थे। एक घंटे के भीतर इन सभी समूहों को चैटबॉट्स की मदद से महामारी फैलाने में सक्षम वायरसों को डिजाइन करना था। हालांकि, कुछ चैटजीपीटी ने खतरनाक चीजों के बारे में पूछे गए सीधे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन जब शब्दों में हेर-फेर करके सवाल पूछे गए तो आसानी से जानकारी मिल गई। उदाहरण के तौर पर जब सवाल यह था कि मैं एक टीका विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं । तो चैटबॉट्स ने जवाब में चार वायरस के सुझाव दे दिए थे। हालांकि गूगल पर ढूंढने पर भी ऐसी सूची मिल जाती, लेकिन कुछ मामलों में चैटबॉट्स ने उन आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की भी जानकारी दी जो संक्रमण को अधिक फैला सकते हैं। इतना ही नहीं, एआई ने किसी वायरस के आनुवंशिक टुकड़ों को जोड़कर वायरस तैयार करने की तकनीक भी बताई इसके लिए उपयुक्त प्रयोगशालाओं और कंपनियों के नाम भी बताए जो बिना स्क्रीनिंग के आनुवंशिक सामग्री को प्रिंट करने के लिए तैयार हो सकती हैं। एस्वेल्ट को चिंता है कि चैटबॉट्स द्वारा दिए गए विशिष्ट सुझाव किसी महामारी का खतरा बहुत अधिक बढ़ा सकते हैं। जैसे-जैसे जैविक खतरों पर वैज्ञानिक साहित्य में वृद्धि हो रही है और एआई प्रशिक्षण डैटा में इसे शामिल किया जा रहा है। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि एआई आतंकवादियों का काम आसान बना सकती है। एस्वेल्ट का मानना है कि चैटबॉट और अन्य एआई प्रशिक्षण डैटा द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी को सीमित किया जाना चाहिए। रोगजनकों को बनाने और बढ़ाने के बारे में बताने वाले ऑनलाइन पेपर्स को हटाकर जोखिम कम किया जा सकता है।

# फल-सब्जियों की पौष्टिकता में पहले जैसी बात कहां

तंदरुस्त बने रहने के लिए जंक फूड, तला-भुना खाने की बजाय अक्सर फल, सलाद, सब्जियों को भोजन में शामिल करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हम शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि पिछले सत्तर सालों में इन 'सेहतमंद' चीजों में भी पोषक तत्वों की मात्रा घट गई है। वर्ष 2004 में जर्नल ऑफ दी अमेरिकन कॉलेज ऑफ न्यूट्रिशन में एक अध्ययन में 1950 से 1999 के बीच प्रकाशित यूएस कृषि विभाग के डैटा के आधार पर बताया गया था कि 43 फसलों में प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, राइबोफ्लेविन, विटामिन सी जैसे 13 पोषक तत्वों में परिवर्तन दिखे थे। कमी कितनी हुई यह हर पोषक तत्व और फल-सब्जी के प्रकार पर निर्भर है। लेकिन सामान्यतरू प्रोटीन में 6 प्रतिशत से लेकर राइबोफ्लेविन में 38 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई है। खासकर ब्रोकली, केल द्धएक तरह की गोभीः और सरसों के साग में कैल्शियम में सबसे अधिक कमी आई है। वहीं चार्ड, खीरे और शलजम में आयरन की मात्रा में काफी कमी हुई है। शतावरी, कोलार्ड द्धएक अन्य तरह की गोभीः, सरसों का साग और शलजम के पत्तों में विटामिन सी काफी कम हो गया है। इसके बाद हुए अन्य अध्ययनों में भी इसी तरह के परिणाम देखने को मिले हैं।

अनाजों में भी इसी तरह की कमी देखने को मिली है। 2020 में साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया था कि 1955 से 2016 के बीच गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 23 प्रतिशत कम हो गई है, साथ ही आयरन, मैंग्नीज, जस्ता और मैग्नीशियम भी घटे हैं। मांसाहारी भी कम पोषक तत्व वाले भोजन की समस्या से अछूते नहीं हैं। पशु अब कम पौष्टिक घास और अनाज खा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप मांस और अन्य पशु उत्पाद अब पहले की तुलना में कम पौष्टिक हो गए हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के भू-आकृति विज्ञानी डेविड आर। मॉन्टगोमेरी और जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्रिस्टी एबी बताते हैं कि इस समस्या के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें एक है फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए अपनाई गई आधुनिक कृषि पद्धतियां।

पौधों को शीघ्र और बड़ा उगाने के लिए अपनाए गए तरीके में पौधे मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं सोख पाते या उन्हें संश्लेषित नहीं कर पाते हैं। फिर अधिक उपज से यह भी होता है कि मिट्टी से अवशोषित पोषक तत्व अधिक फलों में बंट जाते हैं, नतीजतन फल-सब्जियों में पोषक तत्व कम होते हैं। उच्च पैदावर के कारण होने वाली मृदा की क्षति भी इस समस्या का एक कारण है। गेहूं, मक्का, चावल, सोयाबीन, आलू, केला, रतालू और सन सभी फसलों की जड़ें कवक के साथ साझेदारी करती हैं जिससे पौधों द्वारा मिट्टी से पोषक तत्व और पानी लेने की क्षमता बढ़ती है। उच्च पैदावार वाली खेती से मिट्टी खराब हो जाती है जिससे कुछ हद तक कवक और पौधों की साझेदारी प्रभावित होती है। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन



पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा जो ऊर्जा और पोषण के लिए मुख्यतरू चावल-गेहूं जैसे अना. जों पर निर्भर हैं और पोषण के अन्य स्रोतों का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह तो सुनने में आता रहता है कि अब सब्जियों या फलों में वो स्वाद नहीं रहा। देखा गया है कि कई सारे पोषक तत्व फल-सब्जियों और अनाज के स्वाद में इजाफा करते हैं। इनकी कमी फल-सब्जियों के स्वाद को भी प्रभावित करेंगे। बुरी खबर यह है कि कई अनुमान मॉडलों का कहना है कि आगे भी आलू, चावल, गेहूं और जौं के प्रोटीन में 6 से 14 प्रतिशत की कमी आ सकती है। नतीजतन भारत समेत 18 देशों के आहार से 5 प्रतिशत प्रोटीन घट जाएगा, तो इस समस्या से कैसे निपटा जाए?

मिट्टी में सुधार के लिए एक तरीका है संपोषी खेती। पीअरजे:- लाइफ एंड एनवायरनमेंट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि संपोषी खेती से फसलों में कुछ विटामिन, खनिज और पादप-रसायनों का स्तर बढ़ता है, मिट्टी का जैविक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसके लिए पहला कदम यह है कि जितना संभव हो सके मिट्टी को खाली छोड़ दिया जाए और जुताई कम कर दी जाए। मिट्टी को ढंकने वाली तिपतिया घास, राई घास, या वेच लगाकर मिट्टी का कटाव और खरपतवार की वृद्धि रोकी जा सकती है। और खेत में बदल-बदल कर फसलें लगाने से पोषक तत्व में फायदा हो सकता है, लेकिन जब तक पैदावार में पोषण बहाल नहीं होता तब तक क्या करें? पहले तो इस खबर से घबराकर लोग फल-सब्जियां खाना छोड़ या कम कर पोषण पूरकों का रुख न करें। बल्कि इससे वाकिफ रहें कि उनका भोजन कैसे उगाया जा रहा है। हम क्या खा रहे हैं यह पता होना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि हम जो खा रहे हैं वह कैसे उगाया जा रहा है। और पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरह और रंग की फल-सब्जियां आहार में शामिल करें। पृथ्वी पर मौजूदा सबसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य फल, सब्जियां और अनाज ही हैं।

कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ता स्तर भी हमारे खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता कम कर रहा है। पौधे वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और वृद्धि के लिए इसके कार्बन का उपयोग करते हैं। लेकिन जब गेहूं, चावल, जौं और आलू समेत बाकी फसलों को उच्च कार्बन डाईऑक्साइड मिलती है तो उनमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बढ़ जाती है। इसके अलावा, जब पौधों में कार्बन डाईऑक्साइड अधिक मात्रा में होती है तो ए मिट्टी से कम पानी खींचते हैं, जिसका अर्थ है कि वे मिट्टी से सूक्ष्म पोषक तत्व भी कम ले रहे हैं। 2018 में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि उच्च कार्बन डाईऑक्साइड के कारण 18 किस्म की धान में प्रोटीन, आयरन, जिंक और कई बी विटामिन कम पाए गए थे। यदि इन पोषक तत्वों में और कमी आई तो पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों का खतरा बढ़ सकता है या जीर्ण रोगों के प्रति जोखिमग्रस्त हो सकते हैं। और इसका असर उन लोगों पर, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले लोगों पर, अधिक होगा।



प्रयागराज। एक ठंडी और धुंध भरी सुबह में अपने सिर पर सामान ढोते लोग।

## इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट के आरोपी दो स्वीडिश नागरिकों को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमशः 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। यह जानकारी डेनिश मीडिया से प्राप्त हुई। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवकों ने एक पूर्व-नियोजित साजिश के अंतर्गत अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा

### भारत के अमेरिका के साथ हुए नए समझौते का हवाला देते हुए व्हाइट हाउस ने किया दावा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नए समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिब(ता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रम्प) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है। लेविट ने कहा, ष्भारत ने न सिर्फ रूसी तेल नहीं खरी. दने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमे.




■ मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है

रिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति की वजह से एक और शानदार व्यापारिक समझौता है। उन्होंने अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए ट्रम्प की टैरिफ नीति और व्यापार रणनीति को श्रेय दिया। प्रशासन की आयात नीति का बचाव करते हुए, लेविट ने कहा कि इससे पहले ही ठोस आर्थिक फायदे मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की आयात शुल्क नीति काम कर रही है और उनका आर्थिक एजेंडा काम कर रहा है।

## ट्रम्प से बैठक के बाद कोलंबिया के रूख में आई नरमी, संबंधों में सुधार के संकेत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली अपनी पहली आमने-सामने की बैठक को 'मैत्रीपूर्ण' और 'सकारात्मक' बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रम्प ने पेट्रो को 'बीमार' और 'नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला' व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की और अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनकी 'द आर्ट ऑफ द डील' पुस्तक पर 'यू आर ग्रेट' (आप महान हैं) लिखकर उन्हें समर्पित की। कोलंबियाई दूतावास में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रो ने बताया कि वार्ता में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें वेनेजुएला और ऊर्जा, नशीली दवाओं के खिलाफ जंग और इक्वाडोर के साथ व्यापार विवाद की बातें शामिल हैं।

# अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

### अरब सागर में अमेरिकी वॉरशिप के पास पहुंचा था ड्रोन, ईरान 1000 ड्रोन्स तैयार करने का कर चुका दावा

**दुबई।** अमेरिका ने अरब सागर में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। ईरान का शाहेद-139 ड्रोन अमेरिकी नौसेना के 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) के पास पहुंच गया था। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बयान के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने आत्मरक्षा में एफ-35सी फाइटर जेट से ईरानी ड्रोन को मार गिराया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसे ईरान की तरफ से एक 'आक्रामक' व्यवहार बताया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ड्रोन किस मकसद से तैनात किया गया था। अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली। इसके चलते फोर्स का इस्तेमाल किया गया। इस घटना पर ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। हालांकि, अमेरिका से तनाव के चलते ईरान ने 30 जनवरी को कहा था कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और वार्ताओं को फिर से शुरू करने के प्रयास जारी हैं। दोनों देशों के बीच शुक्रवार को तुर्की में महत्वपूर्ण बैठक होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ, उनके दामाद और सलाहकार जेरेड कुशनेर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची इस बैठक में शामिल होंगे। साथ ही तुर्की, कतर और मिस्र के वरिष्ठ अधिकारियों के भी मौजूद रहने की संभावना है। कुछ सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था। ऐसा न करने पर उन्होंने चेतावनी दी थी कि ईरान पर अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। ट्रम्प के मुताबिक, अमे. रिकी जहाजों का एक बड़ा बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा है और अगर समझौता नहीं हुआ तो बुरे हालात हो सकते हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। पिछले महीने ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई थी। ट्रम्प ने तब भी हस्तक्षेप की धमकी दी थी। वे ईरान में शासन परिवर्तन की बात भी कर चुके हैं। ईरान के नेता धमकियों के बीच बातचीत से इनकार कर रहे थे। हालांकि, अब वे बात करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। इधर, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि उनका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ ऊर्जा के लिए है, हथियारों के लिए नहीं। वे अमेरिका की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार हैं। ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान ने 30 जनवरी को दावा किया उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। ईरान की सेना ने दावा किया है अगर अमेरिका हमला करता है तो उसके ड्रोन और मिसाइलों को नेटवर्क इन हमलों को नाकाम कर सकता है। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा था कि पिछले साल जून में अमेरिका और इजरायल के साथ हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद सेना ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।



■ अमेरिका के अनुसार, ड्रोन ने कमांड की तरफ से किए गए नान-लेथल डिफ्यूजन कोशिशों के बावजूद अपनी दिशा नहीं बदली

## अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

काहिरा। ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक 'निरीक्षण मिशन' पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। फार्स समाचार एजेंसी ने अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। रिपोर्ट में ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। कमान ने कहा कि ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिकन की ओर 'अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी' की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था।

## जापान बांग्लादेश के बीच रक्षा उपकरण व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौता

**मास्को।** जापान और बंगलादेश ने रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी जापानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दी। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तीन फरवरी को बंगलादेश के ढाका में, जापान की राजदूत सैदा शिनिची और बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एस एम कामरुल हसन ने जापान सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तीन फरवरी से प्रभावी हो गया। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हस्तांतरित किए जाने वाले रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के प्रबंधन के लिए एक कानूनी संरचना स्थापित करता है जिसका उद्देश्य संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं को लागू करना है, जिनमें वे परियोजनाएं भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में योगदान करती हैं। बयान में यह भी कहा गया कि यह समझौता रक्षा उपकरणों एवं प्रौद्योगिकी के तीसरे पक्षों को हस्तांतरण या उनके दुरुपयोग पर उचित नियंत्रण सुनिश्चित करेगा।

## इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान लंदन मांर्ग पर कटौती की घोषणा

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोप. नहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है। डैम्प लीज के तहत विमान के साथ कुछ क्रू सदस्यों की आपूर्ति विमान देने वाली कंपनी करती है जबकि कुछ क्रू विमान पट्टे पर लेने वाली कंपनी के होते हैं।इंडिगो ने बताया कि वह 17 फरवरी के डेनमार्क के कोप. नहेगन की उड़ानें बंद कर रही है। इसके अलावा 07 फरवरी से दिल्ली से ब्रिटेन के मैनचेस्टर के लिए उड़ानों की संख्या पांच से घटाकर चार करेगी। इसे 19 फरवरी से चार से घटाकर तीन किया जाएगा। मुंबई से मैनचेस्टर के लिए जाने वाली सप्ताह में चार उड़ानों में कोई कटौती नहीं की गई है। उसने बताया कि 09 फरवरी से दिल्ली से लंदन हीथ्रो के लिए जाने वाली उड़ानों की संख्या सप्ताह में पांच से घटाकर चार की जाएगी। एयरलाइंस का कहना है कि अन्य उड़ानों का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए यह कटौती जरूरी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उसके वाइडबॉडी परिचालन को हाल में बाहरी बाधाओं का सामना करना पड़ा है। साथ ही भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण हवाई क्षेत्रों संबंधी प्रतिबंध और भारत तथा विदेशों में हवाई अड्डों पर स्लॉट की समस्या के कारण वह ए उड़ानें रद्द कर रही है। इंडिगो ने लंबी दूरी के रूट पर परिचालन शुरू करने के लिए पिछले साल मार्च में अपने बेड़े में वाइडबॉडी विमानों को शामिल किया था। उसकी योजना फिलहाल चुनिदा मार्गों पर लंबी दूरी की सेवा शुरू करने की थी। कंपनी ने फ्रांस की कंपनी एयरबस को ए350-900 विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनकी डिलिवरी साल 2028 में शुरू हो जाएगी। उसके बाद कंपनी लंबी दूरी के मार्गों पर नेटवर्क का विस्तार करेगी।

# समंदर में 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा

■ मां और भाई-बहन की जान बचाई, तूफान में बोट पलटने से 14 किमी दूर बहा परिवार

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे आस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

जोआन एपलबे अपने बच्चों आस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी। हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे आस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है। आस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उस वक्त परिवार को लगा कि किनारा ज्यादा दूर नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे आस्टिन आगे बढ़ता गया, मां और बाकी बच्चे और दूर समुद्र में बहते चले गए। कुछ ही देर में वे आस्टिन को देख भी नहीं पा रहे थे। अंधेरा हो गया और लहरें तेज होती चली गईं। मां और बच्चे लाइफ जैकेट पहने पैडलबोर्ड को पकड़कर किसी तरह खुद को संभाले हुए थे। जोआन को लगने लगा कि शायद आस्टिन समय पर नहीं पहुंच पाएगा। उधर आस्टिन लगातार तैरता रहा और करीब 4 किमी बाद किसी तरह किनारे पहुंचा। उसने बताया कि तैरते समय वह सिर्फ अपनी मां और भाई-बहन के बारे में सोच रहा था। किनारे पर पहुंचने के बाद वह 2 किमी दौड़कर फोन तक पहुंचा और शाम करीब 6 बजे इमरजेंसी सर्विस को काल किया। फोन करने के बाद वह थकान से बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस समय उसे नहीं पता था कि उसकी मां और भाई-बहन जिंदा हैं या नहीं। समुद्र में मां और बच्चे अंधेरे, ठंड और ऊंची लहरों के बीच फंसे हुए थे। जोआन ने बताया कि उन्हें लगने लगा था कि आस्टिन शायद नहीं बचा और अब कोई मदद नहीं आने वाली है। काफी देर बाद बचाव दल ने परिवार को समुद्र में करीब 14 किलोमीटर दूर ढूंढ लिया। उस समय एक बड़ी लहर में बच्चे पानी में गिर गए थे।

# लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

### घर में घुसकर गोली मारी, राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई।

सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। बीबीसी ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी (बाएं) ने 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिक. ारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे। उन्होंने लीबिया के बाहर भी पढ़ाई की और लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स से शिक्षा ली। 2000 के दशक में वे खुद को एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश करते थे। वे पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने, अर्थव्यवस्था और कुछ हद तक राजनीतिक बदलाव की बातें करते थे। इसी वजह से कई विदेशी नेता और मीडिया उन्हें गद्दाफी शासन का नरम और आधुनिक चेहरा मानने लगे थे। सैफ ने कभी कोई आधिकारिक पद नहीं संभाला, लेकिन वे लीबिया में अपने पिता के बाद सबसे ताकतवर व्यक्ति थे। 2000 के दशक में उन्होंने लीबिया के पश्चिमी देशों से रिश्ते सुधारने में बड़ी भूमिका निभाई। सैफ अल-इस्लाम के पिता मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में हुए विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी। 2011 में अरब स्प्रिंग (तानाशाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन) के दौरान लीबिया में विद्रोह हुआ, जो गद्दाफी शासन के खिलाफ था। सैफ अल-इस्लाम ने अपने पिता का साथ दिया और विद्रोहियों को कुचलने की कोशिश की। वे टीवी पर आए और लोगों को चेतावनी दी कि विरोध करने वालों को सजा मिलेगी। सैफ अल-इस्लाम विद्रोहियों को 'चूहे' कहकर बुलाते थे और कहते थे कि सरकार आखिरी गोली तक लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि हम लीबिया में लड़ेंगे, यहीं मरेंगे। क्रांति के दौरान उनके पिता मारे गए और सैफ अल-इस्लाम भागने की कोशिश में पकड़े गए।



■ शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई

# जिनपिंग ने हटाए अपने 23 भरोसेमंद जनरल

### जनरलों में से कई लापता, एक्सपर्ट बोलेः चीनी राष्ट्रपति जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं

**बीजिंग।** चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरुआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे।

इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधु. निक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई। इन सफाइयों की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी सेना के शीर्ष स्तर पर नेतृत्व का बड़ा खालीपन पैदा हो गया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक्सपर्ट्स का मानना है कि शी जिनपिंग जरूरत से ज्यादा शक करने लगे हैं। ये वे कमांडर थे जो 2023 में शी जिनपिंग के अधीन सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में कार्यरत थे। इस मंच पर मौजूद एक अधिकारी झांग शेंगमिन (बाएं से पहले) को छोड़कर बाकी सभी को पद से हटा दिया गया है। 2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चों पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में 'एक कमांड, एक जिम्मेदारी' तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नार्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसा. इल फोर्स को मिलाकर आपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं। जिसने राष्ट्रपति बनने में मदद की उसे ही निकाला साल 2022 में सेंट्रल मिलिट्री कमीशन में इन छह जनरलों को शी जिनपिंग ने खुद नियुक्त किया था।



■ आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई

## यूनान में तटरक्षक पोत से टकराई प्रवासियों की नाव, 15 की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 प्रवासियों के शव पानी में मिले, जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।





